भोपाल
गुरुवार, 13 नवंबर 2025
अगहन मास कृष्ण पक्ष -09
वर्ष : 12, अंक : 223
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में बम की धमकी

### पांच हवाई अड्डों पर सुरक्षा बढ़ी

बुधवार को बेंगलुरु से वाराणसी जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट को बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। एयरलाइन ने तुरंत सरकार द्वारा



नियुक्त बॉम्ब थ्रेट असेसमेंट कमेटी को इसकी जानकारी दी। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि हमारी वाराणसी जाने वाली एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी खतरे की सूचना मिली थी। फ्लाइट को सुरक्षित लैंड करा लिया गया और सभी यात्रियों को उतार लिया गया है। सूत्रों के अनुसार इंडिगो ▸▸ शेष पेज 6 पर

## भूटान से सीधे लौटकर पीएम मोदी एलएनजेपी अस्पताल में दिल्ली ब्लास्ट के घायलों से मिले

फरीदाबाद में पकड़े गए 8 संदिग्धों से पूछताछ के दौरान ये बड़ा खुलासा हुआ

केंद्र सरकार ने की पुष्टि... दिल्ली धमाका 'आतंकी घटना'.... एनआईए ने गठित की 10 सदस्यों की स्पेशल टीम, एडीजी विजय सखारे करेंगे नेतृत्व

# बाबरी बरसी पर देश में करीब 200 स्थानों पर थी विस्फोट की साजिश

*गिरफ्तार आतंकियों के मॉड्यूल में यूपी के मंदिर और धार्मिक स्थल टारगेट पर थे। खास तौर पर अयोध्या और वाराणसी आतंकियों के निशाने पर थे*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली धमाके में ताजा खुलासा ये हुआ है कि कार चालक संदिग्ध आतंकी डॉ. उमर नबी 6 दिसंबर यानी बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर एक बड़े हमले की साजिश बना रहा था। वह देश भर में करीब 200 जगहों पर विस्फोट कराना चाहता था। देश को दहलाकर वह सख्त संदेश देना चाहता था। फरीदाबाद में पकड़े गए 8 संदिग्धों से पूछताछ के दौरान ये खुलासा हुआ है। इसका संबंध पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से बताया जा रहा है। आदिल पश्चिमी यूपी में बड़ा आतंकी ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी



ब्लास्ट हुए कार में डॉ. उमर नबी को देखा गया था

- ▸▸ दो कारों से आए थे 'आतंकी', दूसरी फरीदाबाद के खंदावली से बरामद
- ▸▸ दिल्ली पुलिस ने विस्फोट को आतंकी हमला माना यूएपीए के अंतर्गत मामला दर्ज
- ▸▸ कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी यानी सुरक्षा कमेटी (सीसीएस) की बैठक हुई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्लास्ट में घायल हुए लोगों से मिलने अस्पताल पहुंचे।

*सीसीएस की बैठक में दोषियों के खिलाफ एक्शन का खाका खींचा गया*

*दिल्ली पुलिस ने अपनी प्राथमिक जांच रिपोर्ट गृह मंत्रालय को सौंप दी*

### सुरक्षा एजेंसियां दोषियों को जल्द पहचानें व दबोचें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को पहले सीसीएस की बैठक में दोषियों के खिलाफ खाका खींचा गया। फिर केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें लाल किले के पास हुए धमाके को आतंकी घटना करार दिया गया। कैबिनेट ने इस पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और दो मिनट का मौन रखा। बैठक में सरकार ने ▸▸ शेष पेज 6 पर

### जांच के घेरे में महू का सिद्दीकी परिवार!

दिल्ली में हुए धमाके के मामले ने मध्य प्रदेश के छोटे से शहर महू को चौंका दिया है। इस केस के मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी ने जिस अल फलाह यूनिवर्सिटी में पढ़ाया, उस यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जवाद सिद्दीकी का पुराना कनेक्शन महू से निकला है। पुलिस को पता चला है कि जवाद सिद्दीकी कभी महू का ही रहने वाला था। लगभग 25 साल ▸▸ शेष पेज 6 पर

## लाल कार में मिला विस्फोटक आसपास के 10 घर कराए खाली

फरीदाबाद के खंदावली गांव में जब खेतों में खड़ी एक लाल रंग की कार (ईकोस्पोर्ट) में विस्फोटक मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। यह वही लाल रंग की ईकोस्पोर्ट कार है जिसे दिल्ली धमाके में आतंकियों ने इस्तेमाल किया है। कार में विस्फोटक मिलने की सूचना पर आनन-फानन एनएसए, फोरेंसिक टीम और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। सुरक्षा के लिहाज से कार के आसपास बने लगभग 10 घरों को खाली करा लिया और इलाके को सील कर दिया। मौके पर 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की भारी तैनाती की गई है, जो किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मुस्तैद हैं। पुलिस की जांच में पता चला है कि मंगलवार की सुबह कार को यहां खड़ा करने वालों में दो पुरुष और एक महिला शामिल थी, जिनमें फहीम का साला भी है। फहीम का साला पेशे से कार मिस्त्री बताया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि कार सर्विस कराने के दौरान फहीम के साले का संपर्क अल फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टरों और कुछ संदिग्ध आतंकियों से हुआ था। यह भी पता चला है कि फहीम की ससुराल धौज गांव में है, जहां अल फलाह यूनिवर्सिटी ▸▸ शेष पेज 6 पर




यही कार बरामद

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बिना टिकट भी यात्रा कर सकेंगे बच्चे, बदले नियम

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने बच्चों की टिकट बुकिंग से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के अनुसार, 5 साल से कम उम्र के बच्चे अभिभावकों के साथ बिना टिकट यात्रा कर सकते हैं, लेकिन अगर उनके लिए अलग सीट या बर्थ चाहिए, तो पूरा किराया देना अनिवार्य होगा।



### राहत: अक्टूबर में खुदरा महंगाई घटकर 0.25% पर

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर बड़ी खुशखबरी आई है। सरकार की ओर से बुधवार को अक्टूबर महीने में खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं, अक्टूबर में महंगाई दर घटकर सिर्फ 0.25% पर आ गई है। इससे पहले सितंबर महीने में महंगाई का ये डेटा 1.44% रहा था।



### यूपीएससी मेंस का रिजल्ट घोषित, वेबसाइट में देखें

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। जिन अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा में भाग लिया था, वे यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं। इसमें मेरिट लिस्ट में सफल उम्मीदवारों के नाम एवं रोल नंबर दर्ज हैं।



सिवनी में सीएम डॉ. यादव ने कहा-योजना ने बहनों का जीवन ही नहीं, प्रदेश के भविष्य की बदल दी है दिशा

# लाड़ली बहनों के 'खाते में खुशी'

**एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में भेजे 1857 करोड़ रु.**

लाड़ली बहना योजना की 30 वीं किस्त में बहनों को मिली 1500 रुपए की सौगात

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाईदूज पर लाड़ली बहना योजना की राशि 1250 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए करने का वादा किया था। बुधवार को उस वादे को पूरा कर दिया। उन्होंने प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1500-1500 रुपए के हिसाब से 1857 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि अंतरित कर दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की कुल 30 किस्तों में से 23 किस्तें बहनों को भेजने का शुभ अवसर उन्हें मिला ▸▸ शेष पेज 6 पर

सीएम ने कहा कि लाड़ली बहना योजना अब मदद की नहीं, मौका देने की योजना बन गई है। लाड़ली बहना योजना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि हमारी बहनों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है

हमने धान का बोनस दिया गेहूं भी खरीदेंगे और मक्के का भी दिलाएंगे सही दाम

560 करोड़ रुपए से अधिक के 114 विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

सीएम का अपनत्व देखकर लाड़ली बहनों ने खूब तारीफ की




सीएम ने सिंगल क्लिक से राशि ट्रांसफर की और विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

### 30 किस्तों ने बदला बहनों का जीवन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों से कहा कि लाड़ली बहना योजना से सिर्फ आपका जीवन ही नहीं बदला है, मेरा दृष्टिकोण भी बदला है। नीति और नीयत कितना बड़ा बदलाव लाते हैं, यह बहनों की नई-नई कहानियां सुनने से पता चलता है। इस योजना की राशि से किसी बहन ने अपना छोटा व्यापार शुरू किया, किसी बहन ने अपने बच्चे की पढ़ाई में मदद की तो किसी ने इन पैसों से हुनर सीखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहनों के सशक्तिकरण के लिए इस योजना की शुरुआत हमने जून 2023 में की थी, तब से अक्टूबर 2025 तक आपके बैंक खातों में 44 हजार 917 करोड़ 92 लाख रुपए का अंतरण कर चुके हैं। जनवरी ▸▸ शेष पेज 6 पर

### जीजा जी, हमारी बहनों को परेशान तो नहीं करते....

मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों से पूछा कि कांग्रेस वाले कहते हैं कि आपके पति दारू में पैसे उड़ा देते हैं। इस पर महिलाओं ने इनकार कर दिया। बहनों ने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। सिवनी जिले के शिव चंद्रवंशी से पूछा कि हमारी बहन को डराते तो नहीं हैं। कहीं आप पैसे तो नहीं ले लेते। चंद्रवंशी ने कहा नहीं, ऐसा नहीं है। मुख्यमंत्री के इस तरह के अपनत्व को देखकर लाड़ली बहनें मुख्यमंत्री की खूब तारीफ कर रही थीं। बहनों ने कहा कि हमारे भैया इसी तरह से हम लोगों की मदद करते रहें और सुखी रहें। हितग्राही सुषमा सनोडिया ने कहा कि लाड़ली बहना योजना से प्रदेश की बहनें आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। योजना की राशि हमारे ब्यूटी पार्लर के व्यवसाय में सहायक सिद्ध हुई है। बहन माधुरी डहेरिया ने बताया कि उनके पति को भी किसान सम्मान निधि का ▸▸ शेष पेज 6 पर

*पहले चार इमली में झपटमारों ने आईपीएस से मोबाइल झपटा था*



चार इमली के इस आवास में चोरी

## अब इस कॉलोनी में डिप्टी कलेक्टर के घर लाखों के जेवरात की 'चोरी'

**चार इमली में ई-8/11 में रहने वाली डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह के बंगले को बनाया निशाना**

**वे परिवार के साथ पति का इलाज कराने गई थीं कोच्चि, सूने बंगले में हो गई वारदात**



अलका सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित चार इमली में ई-8/11 में रहने वाली डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह के बंगले से बदमाश लाखों रुपए के जेवर चुराकर ले गए। घटना के समय वह परिवार के साथ पति का इलाज कराने कोच्चि, केरल गई हुईं थीं। घटना 3 नवंबर से 6 नवंबर के बीच की बताई जा रही है। पुलिस ने उनकी शिकायत पर नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और आसपास सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। इससे पूर्व इलाके में आईपीएस के साथ लूट की वारदात हो चुकी है। उनसे झपटमारों ने मोबाइल झपट लिया था। लगातार चोरी और लूट की वारदात होने ▸▸ शेष पेज 6 पर

**हबीबगंज थाने की पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल, इस इलाके में नाइट पेट्रोलियम तक नहीं**

**पुलिस अब सिर्फ सीसीटीवी फुटेज के सहारे ही जांच को आगे बढ़ाएगी**

### घर में सारा सामान बिखरा मिला

पुलिस के अनुसार डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह चार इमली में ई-8/11 में परिवार के साथ रहती हैं। गत 3 नवंबर की सुबह 6 बजे वह परिवार के साथ पति का इलाज कराने कोच्चि (केरल) गईं थीं। वहां से 9 नवंबर को दोपहर करीब पौने 3 बजे अपने निवास चार इमली पहुंची। घर के मेन गेट का ताला खोलकर अंदर पहुंचीं थीं। घर के बगल का गेट देखा तो उसकी कुंडी टूटी हुई मिली। कमरों में जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा मिला। उन्होंने घटना की शिकायत तत्काल डायल-112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 03 भी

### ▸▸ डिप्टी सीएम शुक्ल के पीए का मोबाइल झपटा

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित जय प्रकाश अस्पताल के पास मंगलवार रात करीब 9 बजे बाइक सवार बदमाशों ने डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के निज सचिव सुधीर कुमार दुबे का मोबाइल झपट लिया। झपटमारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखें। हालांकि पुलिस को अभी तक लुटेरों ▸▸ शेष पेज 6 पर

महानगरी एक्सप्रेस में बम की अफवाह

## ट्रेन में देश-विरोधी नारों से हड़कंप इटारसी में ट्रेन की सघन जांच



**महाराष्ट्र के रेलवे स्टेशनों पर हाई अलर्ट**

एजेंसी ▸▸ नर्मदापुरम

मुंबई और चेन्नई के बीच चलने वाली महानगरी एक्सप्रेस में बुधवार सुबह एक धमकी भरा संदेश मिला, जिससे बम होने का संदेह पैदा हो गया। जब यह पता चला कि संदेश में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' और 'आईएसआई' जैसे देश-विरोधी नारे लिखे हैं, तो सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत हाई अलर्ट घोषित कर दिया और तलाशी अभियान ▸▸ शेष पेज 6 पर

नीमच में आवारा कुत्तों का हमला

## मां के सामने ही 4 साल की बच्ची को 'नोंच' डाला, हालत नाजुक



**जिंदगी और मौत से जूझ रही मासूम बच्ची**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नीमच

शहर में आवारा कुत्तों के झुंड ने घर के बाहर खेल रही 4 साल की मासूम बच्ची को शिकार बना लिया। कुत्ते उसे खींचकर घर से बाहर ले गए। बच्ची के चेहरे को बुरी तरह नोंच डाला। कुत्तों ने बच्ची के चेहरे और दाईं आंख को बुरी तरह नोंच दिया, जिससे उसे 10 टांके आए और वह आईसीयू में भर्ती है। घटना बुधवार दोपहर शहर के कैंट ▸▸ शेष पेज 6 पर

धर्मेंद्र अस्पताल से डिस्चार्ज

## घर पर बना आईसीयू वॉर्ड वहीं पर ही चलेगा 'इलाज'



**हालचाल जानने अमिताभ बच्चन भी धर्मेंद्र के घर पहुंचे**

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। बुधवार सुबह ही धर्मेंद्र हॉस्पिटल से अपने घर पहुंचे हैं। धर्मेंद्र का आगे का इलाज अब उनके घर पर ही होगा। अब घर पर ही धर्मेंद्र का इलाज के लिए 4 नर्स और डॉक्टर हर वक्त उनकी देखभाल के लिए मौजूद रहेंगे। धर्मेंद्र के हॉस्पिटल से डिस्चार्ज ▸▸ शेष पेज 6 पर

बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री का बयान

## सब एकजुट नहीं हुए, तो दिल्ली जैसे धमाके कोने-कोने में दिखेंगे

**सनातन एकता को रोकने कुछ साजिशें हो रहीं**

एजेंसी ▸▸ पलवल

दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके पर बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि अगर सभी सनातनी एकजुट नहीं हुए थे जो बम धमाका अभी दिल्ली में हुआ है वह हर गली-मोहल्ले में होगा।

सभी हिंदुओं को एकजुट होना होगा अगर सभी सनातनी एकजुट हो गए तो वह कुछ भी कर सकते हैं।



धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 2025 जारी है। जो फिलहाल पलवल में है। सनातन पदयात्रा और धीरेंद्र शास्त्री की सुरक्षा में इजाफा किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां धमाके के बाद सतर्क हो गई है। बागेश्वर धाम सरकार ने कहा कि कुछ विरोधी ताकतें इस अभियान को रोकने के लिए तरह-तरह की साजिशें रच रही हैं, तरह-तरह की गड़बड़ियां पैदा कर रही हैं। हम आह्वान कर रहे हैं सामाजिक समरसता के लिए, भारतीय और सनातनी ▸▸ शेष पेज 6 पर

बुधवार की रात प्रदेश के दस शहरों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा

## 23 शहरों में शीतलहर का अलर्ट, भोपाल, सीहोर राजगढ़, इंदौर और शाजापुर में दिन रहेंगे अब ठंडे

राजगढ़ सबसे ठंडा रहा, यहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री, जबकि इंदौर में 8.2 और भोपाल में 8.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पिछले छह दिन से भोपाल, सीहोर, राजगढ़, इंदौर और शाजापुर में सीवियर कोल्ड वेव से दिन और रात ठंडे बने हुए हैं। अगले तीन दिनों तक ऐसे ही हालात रहेंगे। गुरुवार को भी इन जगहों पर रातें ठंडी रहेंगी।

जबकि बालाघाट और अनूपपुर में दिन भी ठंडा रहा, जिससे लोगों को दिन में भी गर्म कपड़े पहनकर ही घर से बाहर निकलना पड़ा। मौसम विभाग ने प्रदेश के 23 शहरों में शीतलहर का ▸▸ शेष पेज 6 पर



राजधानी की लिंक रोड नंबर 2, रात 7:15 बजे कोहरे का दृश्य

### बर्फीली हवाओं से बढ़ी प्रदेश में ठंड

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि पहाड़ी राज्य जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हो रही है। उत्तर से दक्षिण की ओर बहने वाली हवा का असर प्रदेश पर भी पड़ रहा है। जिससे ठंड का असर तेज ▸▸ शेष पेज 6 पर

### 14 से 17 तक सर्द रहेंगी रातें

राजधानी के ईटखेड़ी स्थित घासीपुरा में 14 से 17 नवंबर तक आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मौसम साफ रहने की उम्मीद है, जबकि इन चार दिनों में रात में ठंड और दिन में धूप खिली रहेगी। 15 नवंबर से शीतलहर में कमी आने ▸▸ शेष पेज 6 पर

डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश

# निवेश सुरक्षित - उन्नति सुनिश्चित



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री




भारत सरकार
बिज़नेस एक्शन प्लान 2024
ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस
चार बिज़नेस सेंट्रिक रिफॉर्म क्षेत्र

## मध्यप्रदेश बना टॉप अचीवर स्टेट

### मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे

❶ **लैंड एडमिनिस्ट्रेशन**
भू-सम्पदा और जमीन से जुड़े सभी कार्यों का पूर्णतः डिजिटल एकीकरण कर भू-प्रबंधन

❷ **बिज़नेस एंट्री**
नया व्यवसाय शुरु करना हुआ सरल
पूर्णतः डिजिटल, समय-सीमा में अनुमतियां

❸ **लेबर रेग्यूलेशन एनेब्लर्स**
श्रम कानूनों का आधुनिकीकरण, बाधारहित और डिजिटल अनुपालन प्रणाली

❹ **सर्विस सेक्टर**
डिजिटल पारदर्शिता और तय समय में सरकारी सेवा की गारंटी

### नवाचार

1. रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव
2. जन विश्वास अधिनियम
3. MP e-seva पोर्टल - 1700 से अधिक सेवाएं एक ही स्थान पर
4. Invest MP Portal - सभी अनुमतियां एक ही मंच पर
5. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11138/25
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025




# 115 आईपीएस-आईएएस के घर, इस कॉलोनी को चोरों ने बनाया सॉफ्ट टारगेट, पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल

## आईजी इंटेलिजेंस, पूर्व गृहमंत्री के बेटे और स्वास्थ्य मंत्री के पीए के साथ हो चुकी लूट की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के पदस्थ विभागों में पदस्थ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के ठिकानों पर इन दोनों चोर और लुटेरों की दस्तक बनी हुई है। पिछले 3 महीने के भीतर चार बड़े अधिकारियों के घर और उनके साथ लूट, चोरी जैसी वारदातों पर अब पुलिस पर सवाल उठे हैं। पुलिस की पेट्रोलिंग निगरानी और सर्चिंग पर सवाल उठ रहे हैं।

राजधानी भोपाल के चार इमली इलाके में 115 आईपीएस और आईएएस अफसर रहते हैं। यहां पर एक दर्जन से अधिक मंत्री भी रहते हैं। सभी सरकारी बंगलों में सुरक्षा कर्मी तैनात हैं लेकिन सड़कों पर अभी अधिकारी सुरक्षित नहीं है।

*बंगलों में सुरक्षा कर्मी पर अफसर सुरक्षित नहीं*

*डीजीपी के घर के पीछे वाली गली में हुई वारदात*

*पुलिस की निगरानी और सर्चिंग पर भी प्रश्न*

### हाई प्रोफाइल क्षेत्र को चोरों ने सॉफ्ट टारगेट बनाया, पिछले 3 महीने में इलाके में यह घटनाएं हुई


डिप्टी कलेक्टर का वह बंगला, जहां चोरी की बड़ी वारदात हुई।

पिछले 3 महीने के भीतर आईजी इंटेलिजेंस डॉक्टर आशीष का बाइक सवार युवक मोबाइल छीनकर भाग गए थे हालांकि 72 घंटे के भीतर पुलिस की मशक्कत के बाद उन्हें फोन मिल गया था। उसी दिन दुर्गा पेट्रोल पंप के पास पूर्व गृहमंत्री के बेटे का मोबाइल छीन कर लुटेरे भाग गए थे। डिप्टी कलेक्टर के घर से 11 लाख रुपए की चोरी का कभी मामला सामने आया है। उसी दिन स्वास्थ्य मंत्री के का का फोन छीनकर जीपीएस अस्पताल के पास से बदमाश भाग निकले। इन घटनाओं को देखकर लगता है कि हाई प्रोफाइल क्षेत्र में इन दिनों चोरों ने सॉफ्ट टारगेट बना लिया है। आसानी से घटना को अंजाम देते हैं और पुलिस की पकड़ में भी नहीं आते हैं खास बात है कि डिप्टी कलेक्टर अलका सिंह के यहां पर घटना हुई। वह मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना घर से कुछ ही मीटर दूर थी। बताया जा रहा है कि डीजीपी के घर के पीछे वाली गली में डिप्टी कलेक्टर के घर में चोरी की घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया।

**रात में सुनसान इलाके में अंधेरा, सड़कों पर खड़े रहते हैं संदिग्ध वाहन व असामाजिक तत्व**

वैसे तो चार इमली दिन के समय काफी व्यस्त रहता है, लेकिन रात के समय सड़कों पर अंधेरा फैला होता है। देर रात बीच सड़कों पर संदिग्ध वाहन गाड़ियों की लाइट जलाकर खड़े रहते हैं, इसी सुनसान इलाके का फायदा उठाकर बदमाश घटनाओं को अंजाम देते हैं। आईजी इंटेलिजेंस डॉक्टर आशीष के साथ जो घटना हुई तो अंधेरे का फायदा उठाकर ही उनके फोन को छीन कर भाग निकलते हैं। हालांकि डायल 112 की भी पेट्रोलिंग होगी है। फिर भी सवाल वही है कि घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।

### *हबीबगंज की घटना और पूरे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर एसीपी हबीबगंज उमेश तिवारी से सीधी बात*

**सवाल-** हबीबगंज थाना क्षेत्र में अधिकारियों के निवास हैं। झपटमारी और चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं?

**जवाब-** दो घटनाएं संज्ञान में हैं। झपटमारी का खुलासा कर दिया गया है, दूसरी वारदात नकबजनी की है। टीम का गठन किया गया है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**सवाल-** यह घटनाएं क्यों हो रही हैं, क्या पुलिस ठीक से गश्त नहीं कर रही है?

**जवाब-** पुलिस ठीक से गश्त कर रही है। इलाका बड़ा है। बावजूद इसके प्रभावी गश्त की जा रही है।

**सवाल-** क्या इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे दुरूस्त हैं?

**जवाब-** हां अधिकतर कैमरे ठीक हैं। सभी जगह कैमरे लगाया जाना संभव नहीं है। फिर भी अधिकतर हिस्सा सीसीटीवी कैमरे के जद में है।

**सवाल-** क्या बाहरी लोगों को रोककर पूछताछ की जाती है?

**जवाब-** सभी लोगों को रोकना विवाद की वजह बन सकता है। संदिग्धों को रोककर पूछताछ की जाती है।

**सवाल-** डिप्टी कलेक्टर के घर हुई घटना और आईपीएस अधिकारी के साथ हुई झपटमारी के बाद पुलिस का कोई पहल करेगी?

**जवाब-** पहल की कोई आवश्यकता नहीं है। पुलिस अपना काम ठीक से कर रही है। जहां चूक हो रही है उसे सुधारा जाएगा।

## केरवा डैम का निरीक्षण करने पहुंचे जल संसाधन मंत्री सिलावट ने दिए निर्देश

# प्रदेश के सभी डैमों पर सुरक्षा की होगी जांच केरवा डैम का नवीनीकरण 5 माह में करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केरवा डेम पर मंगलवार को ब्रिज के उपर बने सीमेंट-कांक्रीट का 20 फ़िट लंबा स्लैब गिरने की घटना के बाद बुधवार को सुबह दस बजे जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदेशभर के डैमों की सुरक्षा जांच करने, 6 दिन में एस्टीमेट बनाने, केरवा डैम पर नया फुट ओवर ब्रिज बनाने और सभी गेट ऑटोमैटिक सिस्टम से लैस करने का काम आगामी पांच माह में पूरा करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। उन्होंने हर 30 दिन में कामों की प्रगति की रिपोर्ट सौंपने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को सभी डैमों का फिजिकल निरीक्षण करने और जांच रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

सुबह करीब दस बजे मंत्री तुलसी सिलावट विभागीय अधिकारियों के साथ केरवा डैम पहुंचे। उन्होंने गिरे स्लैब व गेट का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों ने मौके पर जानकारी भी ली और कहा कि प्रदेश में कहीं भी कोई घटना न हो इसके लिए सभी डेमों का फिजिकल निरीक्षण करें और जांच रिपोर्ट बनाएं। उन्होंने हादसे की तकनीकी जांच करने और मरम्मत का काम तुरंत शुरू करने को कहा।

नया बनेगा फुट ओवर ब्रिज, गेट ऑटोमैटिक सिस्टम से होंगे लैस

40 साल पुराने सभी डैमों के गेट व फुट ओवर ब्रिज होंगे अपग्रेड

### एक सप्ताह में डीपीआर होगी तैयार


अधिकारियों से घटना की जानकारी लेते मंत्री तुलसी सिलावट।

मंत्री सिलावट ने कहा कि केरवा डैम का फुट ब्रिज 1975 में बनना शुरू हुआ था। 1980 में यह बनकर तैयार हुआ था। डैम पर बना फुट ब्रिज 50 साल पुराना है। इसके सुधार कार्य के लिए एक हफ्ते में डीपीआर बनकर तैयार होगी। इसके अलावा सभी स्लैब 5 महीने में बनकर तैयार करने का लक्ष्य रखा है। इस काम पर करीब 5 करोड़ रुपए खर्च आएगा। इसके अलावा डैम पर आठ गेट जो 40 साल पुराने हैं उन्हें बदला जाएगा।

**इस तरह हादसों की रोकथाम करने को कहा**

*मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि जांच के लिए तीन कैटेगरी ए,बी,सी बनाएं और 25 साल पुराने गेट और फुट ओवर ब्रिज अपग्रेड करें। सभी गेट ऑटोमैटिक सिस्टम से लैस किए जाएं। केरवा डैम पर हुए हादसे की जांच में सामने आने वाले बिंदुओं की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इस तरह का हादसा कहीं न हो इसके सख्त निर्देश दिए।*

**डैम पर आवाजाही पर रोक**

*केरवा डैम पर आम लोगों की आवाजाही पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। डैम की ओर जाने वाले रास्ते पर बेरिकेडस लगा दिया गया है। यहां एक कर्मचारी तैनात किया गया है जबकि स्लैब के गिरे हुए हिस्से के पास ही सुरक्षा कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है।*

**गेटों के ऊपर का हिस्सा पूरा जर्जर**

*केरवा डैम के 8 गेटों में से 3 के ऊपर का स्लैब ढह चुका है, जबकि बाकी हिस्से की स्थिति भी जर्जर है। कई जगहों पर सरिये सड़ चुके हैं, प्लास्टर झड़ रहा है और कंक्रीट के टुकड़े लटक रहे हैं।*

**40 साल पुराने डैम**

- **गांधी सागर डैम-** मंदसौर जिले में इस बांध का निर्माण 1960 में पूरा हो गया था।
- **भदभदा डैम-** भोपाल में इस बांध का निर्माण 1965 में हुआ था।
- **तवा डैम-** नर्मदापुरम जिले में बने इस बांध का निर्माण 1978 में हुआ था।
- **बारना डैम-** रायसेन जिले में बने इस बांध का काम 1978 में हुआ था।

**25 साल पुराने डैम**

- **बरगी बांध-** जबलपुर जिले में बने इस बांध का काम 1988 में पूरा हुआ था।
- **संजय सरोवर-** सिवनी जिले में बने इस बांध का निर्माण 1988 में पूरा हुआ था।

**25 साल से कम पुराने डैम**

- **इंदिरा सागर बांध**-2005 खंड्वा जिले में।
- **बाणसागर बांध-** 2006 शहडोल जिले में।
- ओंकारेश्वर डैम- 2007- खंडवा जिले में।
- मणिखेड़ा बांध- 2008 शिवपुरी जिले में

# नगर निगम भोपाल में सहायक यंत्रियों के 17 पदों की भर्ती प्रक्रिया पर लगाई रोक

## *नगर निगम ने कर्मचारी चयन मंडल मप्र को लिखा पत्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कर्मचारी चयन मंडल द्वारा भोपाल नगर निगम में सहायक यंत्रियों के 17 पदों पर हो रही भर्ती प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। नगर निगम भोपाल के सहायक यंत्री (सिविल,विद्युत,यांत्रिक) सहित अन्य पदों की संयुक्त भर्ती परीक्षा-2025 पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में नगर निगम भोपाल के सामान्य प्रशासन विभाग ने पत्र जारी कर कर्मचारी चयन मंडल मप्र भोपाल को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

पत्र के अनुसार समूह-02, उप समूह-03 संयुक्त भर्ती परीक्षा विज्ञापन क्रमांक-87/2025 में नगर निगम भोपाल के दितीय श्रेणी के रिक्त पदों सहायक यंत्री, सहायक आयुक्त एवं सहायक ई गवर्नेंस अधिकारी की पूर्ति के लिए चयन परीक्षा आयोजित किए जाने का लेख किया गया था। नगर निगम भोपाल के संदर्भित पत्र अनुसार सहायक यंत्री के पदों को दितीय श्रेणी कार्यपालिक उल्लेखित किया गया है, लेकिन प्रकाशित विज्ञापन के तहत पदक्रम-6,7 और 8 पर सहायक यंत्री के 17 पदों को समूह 02 उप समूह 03 के पदों की भर्ती के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 के ततीय श्रेणी के विज्ञापन में रखा गया है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग के राजपत्र क्रमांक 242 दिनांक 11 मई 2022 के अनुसार सहायक यंत्री दितीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति के अधिकार महापौर परिषद के हैं एवं निगम परिषद द्वारा सम्मिलन के संकल्प क्रमांक-03, 30 अक्टूबर 2025 के अनुसार उक्त भर्ती पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में निगम आयुक्त की ओर से नियंत्रक, कर्मचारी चयन मंडल मप्र भोपाल को पत्र जारी कर दिया गया है।

**ऐसे प्रकाश में आया था मामला, निगम परिषद की बैठक में भी उठा**

समूह-02 उप समूह-03, संयुक्त भर्ती परीक्षा-2025 के तहत नगर निगम भोपाल के सहायक यंत्री के पदों को लेकर विज्ञापन निकाला गया था। जारी विज्ञापन में इन पदों को तृतीय श्रेणी लिखा गया है। अधिवक्ता जितिन राठौर ने इस मामले की पूरी शिकायत सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला से भी की थी। यह मामला नगर निगम परिषद की बैठक के दौरान भी उठाया गया था, जिस पर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने भर्ती परीक्षा को नियम विरुद्ध मानते हुए आसंदी से निगम प्रशासन को निर्देशित किया था।

# *फर्जी अंकसूची मामले में 8 शिक्षकों पर अपराध पंजीबद्ध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**एसटीएफ ग्वालियर ने की सत्यापन कार्रवाई**

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की फर्जी एवं कूटरचित डी.एड. (डिप्लोमा इन एजुकेशन) अंकसूची से शासकीय शिक्षक की नियुक्ति प्राप्त करने वाले शासकीय सेवकों तथा संलिप्त संगठित गैंग के विरुद्ध एसटीएफ मध्यप्रदेश द्वारा अपराध पंजीबद्ध है। एसटीएफ मप्र को सूचना प्राप्त हुई कि म.प्र. के विभिन्न जिलो में फर्जी डी.एड. की अंकसूचियों से कुछ व्यक्ति शासकीय शिक्षक की नौकरी कर रहे हैं। एसटीएफ इकाई ग्वालियर की गठित विशेष टीम द्वारा गोपीनीय सत्यापन की कार्रवाई की गई। गोपनीय सत्यापन के बाद जिला ग्वालियर के 08 नामजद शिक्षकों के विरुद्ध अपराध पंजीकृत किया गया है एवं अन्य 26 संदेहियों की जांच जारी है जिनके विरुद्ध साक्ष्यानुरूप विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआर का काम देखने निकले कलेक्टर-डीईओ

# लास्ट एसआईआर में नाम खोजने की जद्दोजहद, एप से ऑटोमेटिक मैपिंग

*वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम खोजने में हो रही परेशानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले 9 दिन से चल रहे एसआईआर के काम को लेकर कलेक्टर से लेकर फील्ड अफसर परेशान हैं। जिले की सातों विधानसभा के 2029 बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में गणना पत्रक बांटने के काम में जुटे हैं। अधिकतर बीएलओ ने आधे से ज्यादा फार्म भी बांट दिए हैं, लेकिन भरे हुए फार्म मिलना शुरु नहीं हुए हैं, हालांकि कुछ बीएलओ ने खुद ही मैपिंग वाले मतदाताओं के फार्म भरकर अपलोड कर लिए है। ऐसे में भोपाल में एसआईआर का काम नहीं दिख रहा है।

जिसे लेकर गुरुवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता के साथ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के पुतली घर एरिया में बीएलओ का काम देखने पहुंचे। जहां बीएलओ ने बताया कि उन्होंने पिछले एसआईआर में शामिल वोटर्स के फार्म भरकर तैयार रखे हैं। जबकि उनके बच्चों की मैपिंग का काम चल रहा है। इस दौरान शिफ्टेड और मृत लोगों की जानकारी भी अपलोड की जा रही है। इधर हुजूर क्षेत्र के साईंनाथ नगर, महाबली नगर में भी बीएलओ ने अब तक गणना पत्रक बांटने का काम ही शुरु नहीं किया है।

### मैपिंग में मिल रहे डुप्लीकेट वोटर्स



बीएलओ के गणना पत्रक फार्म की जानकारी अपलोड करने में डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सामने आ रहे हैं। राजधानी की नरेला, मध्य, उत्तर, दक्षिण पश्चिम और गोविंदपुरा विधानसभा में एसआईआर का काम पिछड़ रहा है। जिसकी वजह से बीएलओ को लगातार काम में तेजी लाने की हिदायत दी जा रही है। इन विधानसभाओं में 250 सुपरवाईजर भी लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

### नए वोटर्स भी जुड़वा सकेंगे नाम

सभी बीएलओ को हिदायत दी गई है कि वह एसआईआर के काम के साथ नए वोटर्स के फार्म भी लेंगे। जिसक जानकारी बीएलओ एप में अपलोड की जाएगी। जिन जगहों से फार्म नहीं लेने की शिकायत आएगी, वहां कार्रवाई की जाएगी।

भुवन गुप्ता, उपजिला निर्वाचन अधिकारी

### सीईओ झा ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स से की वर्चुअल बैठक

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) मप्र संजीव कुमार झा ने 12 नवंबर बुधवार को निर्वाचन सदन से प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से वर्चुअल बैठक कर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि गणना पत्रकों का शीघ्र वितरण सुनिश्चित करें। झा ने निर्देशित किया कि प्रदेश के सभी नगर निगमों में सभी वार्डों में एसआईआर हेल्प डेस्क बनाना सुनिश्चित करें, ताकि मतदाताओं को मार्गदर्शन एवं सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि यह प्राथमिकता का कार्य है सभी इसे पूरी गंभीरता एवं तत्परता से करें।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया रिलायंस कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों का वर्चुअल उद्घाटन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अत्याधुनिक कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स साझेदारी और प्रगति का प्रतीक हैं। यह कचरे को ऊर्जा में बदलते हैं। मध्यप्रदेश की धरती बेहद उपजाऊ है। कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स के जरिए ऊर्जा उत्पादन से प्रदेश में पराली, नरवाई जलाने जैसी घटनाएं भी कम होंगी। उन्होंने कहा कि हम मध्यप्रदेश में भविष्य की ऊर्जा तैयार कर रहे हैं।

डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिलायंस ग्रीन एनर्जी कंपनी द्वारा भोपाल, इंदौर एवं सतना में नवनिर्मित तीन कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट्स का वर्चुअल उद्घाटन कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) आज की जरूरत है। समेकित ऊर्जा उत्पादन पद्धति से हम देश और प्रदेश को स्वच्छ, हरित और उज्वल भविष्य की ओर लेकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजी भागीदारी और सहयोग से हम मध्यप्रदेश को हरित ऊर्जा का हब बनाएंगे।

## पराली जलाने जैसी घटनाएं होंगी कम मध्य प्रदेश को बनाएंगे हरित ऊर्जा का हब

कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स कचरे को ऊर्जा में बदलने का उत्कृष्ट उदाहरण


भोपाल, इंदौर एवं सतना में नवनिर्मित तीन कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स का वर्चुअल उद्घाटन करते सीएम डॉ. मोहन।

## डॉ. मोहन ने किया था तीनों सीबीजी प्लांट्स का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा इन तीनों सीबीजी प्लांट्स का वर्ष 2023-24 में भूमिपूजन किया गया था और बुधवार को उनके द्वारा लोकार्पण भी किया गया। कम्पनी द्वारा प्रदेश में कुल 6 संयंत्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से तीन का लोकार्पण बुधवार को सम्पन्न हुआ। जबलपुर, बालाघाट और सीहोर में एक-एक संयंत्र निर्माणाधीन होकर तेजी से प्रगति पर हैं। डॉ. यादव ने कहा कि आज भोपाल के आदमपुर छावनी क्षेत्र में रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड द्वारा स्थापित मध्यप्रदेश के सबसे बड़े और अत्याधुनिक कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट का उद्घाटन किया जा रहा है। यह प्लांट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वेस्ट-टू-वेल्थ' और 'एनर्जी फ्रॉम वेस्ट' के विज़न को साकार करने का प्रतीक है। इसका उद्देश्य स्वच्छ और सतत ऊर्जा उत्पादन के साथ भारत के 2070 तक 'नेट जीरो कार्बन एमिशन' लक्ष्य प्राप्ति में भूमिका निभाना है।

### झीलों की नगरी में 20 एकड़ भूमि पर बन रहा वेस्ट से वेल्थ का सेंटर

कार्यक्रम में रिलायंस कम्पनी के पदाधिकारियों ने बताया कि भोपाल के 20 एकड़ भूमि में 130 करोड़ रुपए की लागत से बने कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट से प्रतिदिन 22.5 टन बायो गैस का उत्पादन होगा, जिसके लिए 260 टन कृषि अवशेष जैसे पराली और नेपियर घास का उपयोग किया जाएगा। यही कचरा, जो पहले प्रदूषण का कारण बनता था, अब ऊर्जा का स्रोत बनेगा। यह अपने आप में 'कचरे से कंचन' की साकार मिसाल है। इस प्लांट से निकलने वाली गैस का उपयोग बायो-सीएनजी के रूप में वाहनों, घरेलू और औद्योगिक उपयोग में होगा, जो लगभग 2000 ऑटो रिक्शा और लघु वाहनों को ईंधन प्रदान कर सकेगी। इस प्लांट से 250 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

---

सीएम डॉ. मोहन ने जनजातीय गौरव वर्ष पर ऑल इंडिया एनजीओ मीट का किया शुभारंभ

# हमारी सरकार जनजातीय वर्ग के हित में काम कर रहे एनजीओ के साथः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सरकार जनजातीय वर्ग के हित में काम कर रहे एनजीओ के साथ खड़ी है। जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए विचार मंथन जरूरी है। इसके लिए देशभर से स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी भोपाल में एकत्रित हुए हैं। इस विचार मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह हमारी पूंजी है।

उन्होंने कहा कि जनजातियों के कल्याण के लिए सरकार सभी स्वयंसेवी संस्थाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रम चलाने वाली संस्थाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेगी। डॉ. यादव बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती एवं जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया एनजीओ मीट को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- जनजातीय वर्ग हमारी संस्कृति की आत्मा, जननायकों की सहज रहे स्मृतियां : सीएम
- जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए विचार मंथन जरूरी


कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में ऑल इंडिया एनजीओ मीट को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### एनजीओ का कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनजीओ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने, वंचितों एवं हाशिए पर खड़े समूहों की आवाज उठाने व सरकार और जनता के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करने वाली संस्थाएं हैं। एनजीओ ग्रामीण विकास एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में योजनाओं को लागू करने और सरकारी नीतियों को जमीनी स्तर पर पहुंचाने में सरकार एवं जनता की मदद करते हैं। एनजीओ का शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन आदि के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज के इस नेशनल कॉन्क्लेव में 4 सेक्टरों शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, वन अधिकार अधिनियम एवं ट्राइबल गवर्नेंस पर इन्टरैक्टिव चर्चाएं होंगी। इसमें प्राप्त निष्कर्ष केन्द्र एव राज्य सरकार को अपनी योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।*

### नेशनल कॉन्क्लेव के आयोजन से गौरवान्वित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम गौरवान्वित हैं कि देश-प्रदेश के जनजातीय भाइयों के कल्याण के क्षेत्र में कार्य कर रहे एनजीओ के नेशनल कॉन्क्लेव आयोजन का सौभाग्य हमें मिला है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने हमेशा जनजातीय सशक्तिकरण को ही अपनी नीतियों के केन्द्र में रखा है। जनजातीय कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लागू करने तथा दूर-दराज के क्षेत्रों में जनजातीय समुदायों के विकास में एनजीओ बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### जनजातीय समुदाय के विकास में गैर-सरकारी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समुदाय के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक कल्याण के लिए गैर-सरकारी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस पुनीत कार्य में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ संस्थाओं के साथ खड़ी है। राज्य सरकार ने रानी दुर्गावती के 300वें जयंती वर्ष में उन्हें समर्पित कैबिनेट बैठक का आयोजन जबलपुर में किया। राज्य सरकार राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह के जनहितैषी कार्यों को भी जनता के बीच लेकर आई है। हमारी सरकार ने खरगोन जैसे ट्राइबल बेल्ट में टंट्या मामा भील के नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि शासन के कार्यों में स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग मिलने से लक्ष्य प्राप्ति में आसानी होती है।

### जननायकों की स्मृतियों को सहेज रही है सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना हो या देश भर में जननायकों के सम्मान में संग्रहालयों और स्मारकों का निर्माण हो। हम अपने जननायकों की स्मृतियां सहेज रहे हैं। पाठ्यक्रमों में जननायकों की जीवनी को शामिल किया है, जिससे आने वाली पीढ़ी अपने असली नायकों से परिचित हो सके। हमारी सरकार ने जन-जन तक अमर राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह की वीरता को पहुंचाने और उनकी स्मृतियों को सहेजने के लिए जबलपुर में राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का निर्माण कराया है।

---

टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व करेगा मप्र

# एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 इंदौर में मुख्यमंत्री आज होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को आयोजित होने वाले 'मप्र टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' में शामिल होंगे।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से कॉन्क्लेव का आयोजन प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए किया जा रहा है। इससे राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तय हो होगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि मप्र टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक भी करेंगे जिसमें निवेश और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा होगी।

### 16 से अधिक अग्रणी कंपनियों का प्रदर्शन

*तकनीकी प्रदर्शनी में आईटी, ईएसडीएम, ड्रोन, सेमीकंडक्टर और स्पेसटेक क्षेत्रों की 16 से अधिक अग्रणी कंपनियां अपने नवीनतम नवाचारों और सहयोगात्मक पहलों का प्रदर्शन करेंगी। कॉन्क्लेव में 500 से अधिक सीएक्सओ, स्टार्टअप संस्थापक, नीति निर्माता, निवेशक और शिक्षाविद शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में राज्य सरकार का 'टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन' प्रस्तुत किया जाएगा। कांक्लेव में 'मप्र अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी नीति 2025' का मसौदा भी प्रस्तुत किया जाएगा।*

### नई इकाइयों का उद्घाटन एवं नई परियोजनाओं का होगा भूमिपूजन

कॉनक्लेव में एमपीएसईडीसी के तहत नई इकाइयों का उद्घाटन और नई परियोजनाओं का भूमिपूजन समारोह भी होगा। निवेशकों को एलओए (आवंटन पत्र) वितरित किए जाएंगे। उद्योगों के साथ एमओयू एवं समझौतों का आदान-प्रदान होगा। 'मप्र अंतरिक्ष तकनीक नीति 2025' के मसौदे का अनावरण किया जाएगा। कॉनक्लेव में उद्योग जगत के प्रतिनिधि अनंत टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के डॉ. सुब्बाराव पावुलुरी फिक्की एवीजीसी-एक्सआर फोरम के अध्यक्ष आशीष कुलकर्णी, एएनएसआर के सह-संस्थापक एवं 1 वर्क्स के सीईओ विक्रम आहूजा समेत उद्योगपति शामिल होंगे।

---

लगभग 70% स्थानों पर काम अधूरा : पटवारी

# एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति, हर ब्लॉक में बनेगी निगरानी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसआईआर प्रक्रिया को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को नई रणनीति तय की। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई समन्वय समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी विधानसभा स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक निगरानी तंत्र बनाएगी और हर मतदाता के नाम को वोटर सूची में बनाए रखने के लिए अभियान चलाएगी।



बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, समिति अध्यक्ष सज्जन सिंह वर्मा सहित सदस्य उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं हैं। 4 नवंबर से एसआईआर को घर-घर जाना था, लेकिन लगभग 70% स्थानों पर यह काम अधूरा है। शासन और प्रशासन अपने दायित्वों से पीछे हट रहे हैं। यह आम नागरिकों के अधिकारों के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अब तक पांच बार प्रतिनिधिमंडल के रूप में चुनाव आयोग से मिल चुकी है, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। कांग्रेस पूरी तरह सजग है। हम किसी भी नागरिक का वोट कटने नहीं देंगे। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा में कांग्रेस के एसआईआर और प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जिनकी ऑनलाइन ट्रेनिंग जल्द शुरू होगी। साथ ही उन्होंने आयोग से मांग की कि 2003 और 2024 की मतदाता सूचियां हमारे बीएलओ को दी जाएं, ताकि पुराने रिकॉर्ड से मिलान कर सकें।

### नेता प्रतिपक्ष सिंघार बोले, वोटर लिस्ट में फोटो गायब और कोड बदले गए



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर लिस्ट में फोटो गायब हैं और कोड बदले गए हैं, जिससे बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जा सकते हैं। यह योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है ताकि मतदाता सूची में गड़बड़ी बढ़े। कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

### कांग्रेस की रणनीति की प्लानिंग

*▶▶ हर विधानसभा में प्रभारी और बीएलओ नियुक्त किए जाएंगे।*
*▶▶ ऑनलाइन ट्रेनिंग और सत्यापन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।*
*▶▶ पुराने (2003 और 2024) वोटर लिस्ट से रिकॉर्ड मिलान कराया जाएगा।*
*▶▶ हर ब्लॉक में निगरानी ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि कोई मतदाता वंचित न रहे।*
*▶▶ कांग्रेस ने स्पष्ट कहा है कि पार्टी मतदाता सूची की हर गड़बड़ी पर नजर रखेगी और चुनाव आयोग से तत्काल सुधार की मांग जारी रखेगी।*

### मुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत, डीएफओ को निरस्त करना पड़ा आदेश

**भोपाल।** डीएफओ अनूपपुर को चार नवंबर को जारी किया गया कर्मचारी विरोधी आदेश मुख्यमंत्री के यहां शिकायत करने के बाद निरस्त करना पड़ा। मप्र कर्मचारी मंच ने सरकार से नियम विरुद्ध एवं सरकार के आदेशों के विपरीत तथा बिना अधिकार के आदेश जारी करने वाले डीएफओ की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि डीएफओ अनूपपुर विपिन पटेल ने चार नवंबर 2025 को बिना शासन आदेश के उच्चतर पद के प्रभार में पदस्थ वन कर्मचारियों को पदावनत करने का कर्मचारी विरोधी आदेश पारित किया था। उक्त कर्मचारी विरोधी आदेश का कर्मचारी मंच ने विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर आदेश को निरस्त को करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद एवं कर्मचारी मंच के विरोध के कारण डीएफओ अनूपपुर को कर्मचारी विरोधी आदेश को निरस्त करना पड़ा।

---

## समत्व भवन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले अधिकारी

पदाधिकारियों ने कहा- हम सरकार की निवेश प्रोत्साहन योजना का लेंगे भरपूर लाभ

# टोपान स्पेशलिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मप्र में करेगी 950 करोड़ का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में सभी निवेशकों का हृदय से स्वागत है। निवेशकों को सरकार अपनी योजनाओं का लाभ देने के साथ इकाई या कारखाना स्थापित करने में सहयोग भी करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री से टोपान स्पेशलिटी फिल्म्स प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी (जापानी समूह से अधिगृहित) के भारतीय एवं जापानी पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस कंपनी का मुख्यालय जापान एवं पंजाब में है।

यह समूह करीब 950 करोड़ रुपए की लागत से धार जिले के पीथमपुर के औद्योगिक प्रक्षेत्र के सेक्टर-7 में करीब 71,200 टन सालाना क्षमता की बीओपीपी एवं सीपीटी फिल्म निर्माण इकाई स्थापित करना चाहता है। यह शत-प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के रूप में होगा। इसी सिलसिले में निवेश की अग्रिम कार्रवाई के संबंध में मुख्यमंत्री से कंपनी पदाधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कंपनी के सीएफओ एवं होल टाइम डायरेक्टर अमित जैन, कमर्शियल हेड रितेश तिरखा, मैनेजिंग एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिरोशी सुजुकी, जनरल मैनेजर तासुकु सेना, सेक्टर स्टाफ तोमोहिरो कोमा एवं टेक्निकल एडवाईजर तोशीयुकी माकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा करते टोपान कंपनी के अधिकारी।

### मप्र में पहली बार निवेश कर रही कंपनी

कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी की ओर से मप्र पहली बार निवेश किया जा रहा है। कंपनी मप्र की निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत उपलब्ध निवेश प्रोत्साहन को अधिक से अधिक प्राप्त करना चाहती है। कंपनी पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 1988 में टोपान समूह की स्थापना एक भारतीय कंपनी के रूप में हुई थी, जिसे आगे चलकर जापानी समूह की ओर से अधिग्रहित किया गया। कंपनी मुख्य रूप से पैकेजिंग फिल्म, लेबल फिल्म, ग्राफिक लेमिनेशन फिल्म के निर्माण का कार्य करती है। इकाई की पंजाब स्थित विनिर्माण इकाई लगभग 45 एकड़ में स्थापित है। इस समूह का वैश्विक टर्नओवर एक लाख 25 हजार करोड़ रुपए (14 बिलियन यूएस डॉलर) है।




डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश
भावांतर भुगतान
अन्नदाता का उत्थान
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
अन्नदाता को MSP की गारंटी
सोयाबीन भावांतर योजना
1.33 लाख
किसानों के खातों में
₹233 करोड़
की राशि का अंतरण
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
13 नवम्बर 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे
पुलिस लाइन ग्राउंड, देवास
जो कहा वो किया
D-11140/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

## पेज एक का शेष...

### बाबरी बरसी पर....

नेटवर्क खड़ा करने की तैयारी कर रहा था। अनंतनाग का रहने वाला डॉ. आदिल अंबाला रोड स्थित फेमस मेडिकेयर अस्पताल में नौकरी करता था। गिरफ्तार आतंकियों के मॉड्यूल में यूपी के मंदिर और धार्मिक स्थल टारगेट पर थे। खास तौर पर अयोध्या और वाराणसी आतंकियों के निशाने पर थे। इधर, पुलिस ने लाल किले के सामने हुए विस्फोट को आतंकी हमला बताते हुए यूएपीए के अंतर्गत मामला दर्ज किया था। सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ है कि विस्फोट के लिए दो कारों से आतंकी आए थे। जिस दूसरी लाल रंग की ईकोस्पोर्ट कार का इस्तेमाल संदिग्धों द्वारा किया गया था, उसे फरीदाबाद के खंदावली गांव से बरामद कर लिया गया है। यह खंदावली गांव के पास ईदगाह के पीछे खड़ी मिली है। एनआईए ने मामले की जांच के लिए 10 सदस्यों की स्पेशल टीम बनाई है, जिसका नेतृत्व एडीजी विजय सखारे करेंगे। उनके अलावा इस टीम में आईजी, 2 डीआईजी, 3 एसपी और अन्य डीएसपी रैंक के अधिकारी शामिल होंगे। दिल्ली पुलिस ने लाल किले के सामने हुए विस्फोट को आतंकी हमला बताते हुए यूएपीए के अंतर्गत मामला दर्ज किया था।

### सुरक्षा एजेंसियां दोषियों ....

कहा कि यह कृत्य देश की शांति और एकता पर हमला है। कैबिनेट ने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया कि दोषियों, उनके सहयोगियों और प्रायोजकों की पहचान कर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। सरकार ने आतंकवाद पर अपनी जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई। मंत्रिमंडल ने इस आतंकी हमले को 'कायराना और निंदनीय' बताया और कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर कायम रहेगा।

### जांच के घेरे में ....

पहले जवाद का पूरा परिवार महू से भाग गया था। वजह थी उनके बड़े भाई हमूद सिद्दीकी की ठगी। हमूद ने शहर में एक निजी बैंक खोल रखा था। लोगों को लालच दिया कि पैसा जमा करो, कुछ महीनों में दोगुना हो जाएगा। हजारों-लाखों रुपए लेकर वह रातों-रात गायब हो गया। पीड़ितों ने थाने में शिकायत की, मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन हमूद आज तक फरार है।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की...

को भी पांच बड़े एयरपोर्ट्स दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और तिरुवनंतपुरम के लिए सुरक्षा खतरे की डिजिटल सूचना मिली है। बताया जा रहा है कि ये धमकी ईमेल के बजाए किसी अन्य डिजिटल माध्यम से भेजी गई थी जिसे बुधवार दोपहर फ्लैग किया गया।

### लाल कार में मिला विस्फोटक...

भी स्थित है। इस खुलासे के बाद पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुट गई है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, एक युवक पिछली सीट पर सोता हुआ दिखाई दिया और उसे जांच एजेंसियों के एक वाहन में ले जाया गया। जिस लाल रंग की इको स्पोर्ट्स गाड़ी के नाम से अलर्ट जारी हुआ, वो भी उमर उन नबी उर्फ उमर मोहम्मद ने फर्जी पते पर खरीदी थी। जांच के दौरान पता चला है कि उमर ने लाल रंग की ईको स्पोर्ट्स कार दिल्ली में एक फर्जी पाते के आधार पर खरीदी है। दिल्ली पुलिस की एक टीम इस पते पर गई लेकिन पता चला कि गाड़ी खरीदते समय फर्जी पता दिया गया था।

### लाड़ली बहनों के ...

है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सिवनी जिले में लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने रिमोट से सिवनी जिले में कुल 560 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत वाले 114 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना ने बहनों का जीवन ही नहीं, मप्र के भविष्य की दिशा भी बदल दी है। लाड़ली बहना योजना अब मदद की नहीं, मौका देने की योजना बन गई है। लाड़ली बहना योजना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि हमारी बहनों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि हमने जिले के किसानों को धान का बोनस दिया। अब धान के साथ ही गेहूं भी हम खरीदेंगे और मक्के की फसल का भी पूरा दाम दिलाएंगे।

### 30 किस्तों ने बदला...

2024 से अक्टूबर 2025 तक 34 हजार 921 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण सिंगल क्लिक से किया है। हर साल राखी के शगुन के 250 रुपए हम अलग से अपनी बहनों को देते आए हैं। अब 250 रुपए बढ़ा रहे हैं।

### जीजा जी, हमारी ...

लाभ मिल रहा है। लाड़ली बहना योजना में मिली राशि से बच्चों के लिए किताब, कॉपी और घर की जरूरत का सामान खरीद लेते हैं। मुख्यमंत्री ने बहनों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ देने और रोजगार के लिए सहायता प्रदान करने की बात कही। बहनें स्व-सहायता राशि की किस्त भी समय पर जमा कर रही हैं।

### अब इस कॉलोनी ...

से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। हबीबगंज थाने की पुलिस सिर्फ ट्रैफिक चालान व वसूली तक ही सीमित होकर रह गई है। विट्टन मार्केट की सब्जी मंडी में आए दिन जेबतराशी हो रही है। पर वहां एक पुलिसवाला नहीं नजर आता है। जबकि, दिल्ली ब्लास्ट के बाद भीड़ वाले और संवेदनशील इलाकों में हाई अलर्ट है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण एफएसएल की मदद से कराया और फिंगर प्रिंट भी कलेक्ट किए। निरीक्षण में पता चला कि बदमाश उनके घर के बगल वाले गेट से घुसे थे। बदमाशों ने बेड रूम के गेट की कुंडी तोड़ी और वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### घर में सारा ....

डिप्टी कलेक्टर के बंगले का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस को बताया कि नकबजन उनके घर से 1 मंगलसूत्र, 1 रिंग, सोने की चेन एक नग, एक जोड़ी कंगन, ड्रॉप एयर रिंग एक जोड़, चेन एक नग, चूड़ी चार नग, चेन एक नग, मंगलसूत्र एक नग, मंगलसूत्र एक नग, ब्रेसलेट एक नग, मंगलसूत्र एक नग, बिंदिया (मांग टीका) एक नग, कंगन दो नग, एयर रिंग दो नग, रिंग एक नग, रिंग एक नग, चांदी के दो जोड़ी पायल, पायल दो जोड़ी, बिछिया 20 नग, कंगन 10 नग, चांदी के सिक्के दस नग, जेंटस हाथ घड़ी चार नग, लेडीज घड़ी 3 नग चोरी कर ले गए।

### डिप्टी सीएम...

का सुराग नहीं लग सका है। तुलसी नगर निवासी सुधीर कुमार दुबे डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के निज सचिव हैं। बुधवार रात करीब 9 बजे वह जय प्रकाश अस्पताल के पास से गुजर रहे थे, तभी मेडिकल स्टोर के पास बाइक से आए बदमाशों में पीछे बैठे बदमाश उनके उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। दुबे ने शोर मचाया, लेकिन बदमाश तेजी से बाइक चलाते हुए भाग निकले। दुबे ने घटना की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की, लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं चल सका। दुबे का कहना है कि उनके मोबाइल में उनका पर्सनल डेटा है। उक्त डेटा का गलत इस्तेमाल किया जा सकता है इसलिए उन्होंने पुलिस को शिकायत की। इधर पुलिस का कहना है कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए अलग अलग टीम बनाई गई है। बुधवार को भी घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे गए, लेकिन कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा है। मोबाइल की आखिरी लोकेशन निशातपुरा में मिली है।

### ट्रेन में देश....

शुरू कर दिया। इस संदेश में यह भी चेतावनी दी गई थी कि 'ट्रेन में बम है'। इस घटना को सबसे पहले दादर स्टेशन पर रेलवे कर्मचारियों ने देखा और तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद, पूरे रूट के रेलवे स्टेशनों को हाई अलर्ट पर रखा गया।

सुबह करीब 8.30 बजे जैसे ही ट्रेन भुसावल स्टेशन पहुंची, रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे पुलिस ने संयुक्त जांच अभियान शुरू किया। डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते को बुलाकर हर डिब्बे की गहन जांच की गई। यात्रियों के सामान की भी गहन तलाशी ली गई। सुरक्षा बलों ने ट्रेन के हर कोने, सीट, सामान रखने की रैक और शौचालय की जांच की। करीब एक घंटे तक चली इस जांच के बाद कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। इसके बाद, महानगरी एक्सप्रेस को सुबह 9 बजे आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

**लाल रंग का लावारिस सूटकेस से चिंता:** सघन चेकिंग के दौरान ट्रेन की एक एसी बोगी बी-1 में लाल रंग का एक लावारिस सूटकेस मिला, जिसने कुछ देर के लिए तनाव बढ़ा दिया। सुरक्षा कर्मचारियों ने पूरी ट्रेन में यात्रियों से पता किया, लेकिन किसी ने भी सूटकेस पर अपना दावा नहीं किया। जब सूटकेस को खोलकर चेक किया गया, तो राहत की सांस ली गई। सूटकेस के अंदर पहनने के कपड़े, भगवत गीता और अन्य सामान्य सामग्री मिली। बाद में ट्रेन के पिपरिया पहुंचने पर बैग मालिक संतोष कुमार मिश्रा पहुंचे जिनसे भूलवश बैग छूट गया था, जिसे उन्हें सुपुर्द कर दिया था।

### मां के सामने ....

थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 18 स्थित शालीमार कॉलोनी की है। बच्ची की मां फिरोजा ने बताया कि मैगी खाने के बाद उनकी बेटी आंगन में थी, तभी तीन से चार आवारा कुत्तों ने अचानक उस पर धावा बोल दिया। कुत्तों ने बच्ची को नोचते हुए बेरहमी से आंगन से बाहर खींच लिया और कुछ दूर तक उसे घसीटते रहे। जिला चिकित्सालय के डॉक्टर ने बताया कि बच्ची को गंभीर हालत में लाया गया था। कुत्तों के हमले से उसके चेहरे और आंख के पास गंभीर चोटें आई हैं। बच्ची की सर्जरी कर टांके लगाए गए हैं। करीब 10 टांके उसके चेहरे पर लगाए हैं। आंख की चोट की गंभीरता को देखते हुए उसे तत्काल आईसीयू वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया है। यह कॉलोनी में कुत्तों के हमले का तीसरी घटना है। पहले भी एक बालिका और एक महिला पर हमला हो चुका है।

### घर पर बना....

होने के बाद देओल परिवार ने ऑफिशियल बयान जारी करके कहा है कि उन्हें इस समय प्राइवेसी दी जाए। सनी देओल ने कहा कि हम मीडिया और सब लोगों से गुजारिश करते हैं कि कोई बेवजह की बातें न बनाए और उन्हें और उनके परिवार को अकेला छोड़ दें। आप सबने उनकी अच्छी सेहत, रिकवरी और लंबी उम्र के लिए जो दुआएं की हैं, उसके लिए हम शुक्रगुजार हैं। कृपया उनका सम्मान करें, क्योंकि वो आप सबसे बहुत प्यार करते हैं। धर्मेंद्र का हाल जानने के लिए अमिताभ बच्चन भी उनके घर पर पहुंचे। अमिताभ बच्चन यहां खुद कार चलाकर पहुंचे हैं। धर्मेंद्र के अस्पताल से घर आते ही सितारे एक-एक कर उनकी तबीयत का हाल जानने के लिए पहुंचने लगे हैं।

### सब एकजुट नहीं....

एकता के लिए, पूरे भारत में एक साथ आएं। 16 तारीख को वृंदावन आएं, वरना हर मोहल्ले में धमाके होंगे।

### 23 शहरों में ....

अलर्ट जारी किया है। इस साल नवंबर के पहले हफ्ते से ही प्रदेश में ठिठुरन जारी है। दिन में सर्द हवा चल रही है। रातें और सुबह ठंडी हैं। बुधवार की रात प्रदेश के दस शहरों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। राजगढ़ सबसे ठंडा रहा।

यहां न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि इंदौर में 8.2 और भोपाल में 8.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। अगले 4 दिन तक शीतलहर का अलर्ट है। गुरुवार को भोपाल, इंदौर, राजगढ़ समेत 23 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है

### बर्फीली हवाओं से .....

हो गया है। पश्चिमी हिस्से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग के बाद पूर्वी हिस्से जबलपुर, सागर, रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में रात में ठंड का असर जरूर कम है, लेकिन दिन में यहां सर्दी है। सोमवार-मंगलवार की रात में पचमढ़ी का तापमान 13.8 डिग्री रहा, लेकिन बुधवार को दिन का तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बैतूल, धार, रायसेन, सीधी, मलाजखंड में पारा 27 डिग्री से कम ही दर्ज किया गया।

### 14 से 17 तक ....

का अनुमान लगाया जा रहा है। ऐसे में भोपाल में रात का तापमान 8 और दिन का तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

# शब्बो के रोल से पूरा हुआ दिव्या का बरसों का सपना



**नई दिल्ली।** शाहरुख खान और प्रीति जिंटी की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'वीर जारा' की रिलीज को बुधवार को पूरे 21 साल हो चुके हैं। फिल्म में दिव्या दत्ता ने शब्बो नाम का किरदार निभाया था। इस फिल्म से दिव्या का बरसों का अधूरा सपना पूरा हुआ था। दिव्या दत्ता ने 'वीर जारा' के 21 साल पूरे होने पर इंस्टाग्राम पर फिल्म की कई तस्वीरें शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'क्या शानदार साल। इस फिल्म ने मुझे बहुत प्यार और प्रसिद्धि दी। मैं यश चोपड़ा की फिल्में देखकर बड़ी हुई और उनका निर्देशन मेरा सबसे बड़ा सपना था। आदित्य चोपड़ा और वाईआरएफ को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे शब्बो जैसा यादगार किरदार दिया। मुझे नहीं पता था कि शब्बो को इतना प्यार मिलेगा, लेकिन उनका विजन बड़ा था। इस फिल्म की यादें खास हैं। यह फिल्म हर जगह मेरे साथ चलती है।' आगे दिव्या ने लिखा, '21 साल तक इस प्यार को पाकर और आगे भी, मैं शुक्रगुजार हूं। सेट पर मिले शानदार लोगों - शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, हेमा मालिनी, मनोज बाजपेयी, बोमेन ईरानी, अमिताभ बच्चन सर और यश चोपड़ा का बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा सपना पूरा हुआ। इस क्लासिक फिल्म से जुड़े सभी को 21 साल की बधाई।' 'वीर जारा' 12 नवंबर 2004 को रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन यश चोपड़ा ने किया है। फिल्म का लेखन और निर्माण उनके बेटे आदित्य चोपड़ा ने किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान, प्रीति जिंटा ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, हेमा मालिनी, दिव्या दत्ता, मनोज बाजपेयी, बोमन ईरानी, अनुपम खेर और किरण खेर ने सहायक भूमिकाएं निभाई हैं।

**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित, भोपाल**

कार्यालय : तृतीय तल सहकार भवन, रंगमहल टाकीज के सामने नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल (म.प्र.)
(फोन नंबर- 0755-2775662, 2779368, फैक्स : 0755-2779368)
(E-mail : awassangh@gmail.com)

क्रमांक/आ.संघ/संपदा/2025/705 दिनांक : 12.11.2025

**आम-सूचना नामांतरण हेतु**

म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या., भोपाल के कार्यालयीन रिकॉर्ड के अनुसार **भूखण्ड क्रमांक 108, आराधना नगर भोपाल, लोक निर्माण विभाग, कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. भोपाल द्वारा श्रीमती साब्रा अंसारी आत्मज स्व. श्री अब्दुल कदीर खान को संस्था द्वारा वर्ष 1984 में आवंटित किया गया था। इसके पश्चात श्रीमती साब्रा अंसारी आत्मज स्व. श्री अब्दुल कदीर खान** द्वारा उक्त प्लाट/भूखण्ड को वर्ष 1987 में श्रीमती कमला पाल पत्नी श्री प्रीतम सिंह पाल को विक्रय किया गया। श्रीमती कमला पाल का स्वर्गवास दिनांक 07.07.2017 को हो चुका है उक्त भूमि की लीज अवधि वर्ष 2006 में समाप्त हो जाने के पश्चात नामांतरण/लीज नवीनीकरण की कार्यवाही वर्ष 2025 में प्रारंभ हुयी।

आराधना नगर की नामांतरण एवं लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ होने व श्रीमती कमला पाल का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात श्रीमती कमला पाल के पति श्री प्रीतम सिंह पाल द्वारा उक्त प्लाट/भूखण्ड का नामांतरण स्वयं के नाम से कराने हेतु आवेदन एवं दस्तावेजों को प्रेषित कर अनुरोध किया गया है।

यदि उपरोक्त प्लाट के विक्रय पर एवं नामांतरण पर संपत्ति से हितबद्ध वारिस एवं अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को कोई **आपत्ति हो तो 15 दिवस** में मय दस्तावेज एवं प्रमाण के साथ आवास संघ कार्यालय में सम्पर्क करें।

**उक्त निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त प्लाट क्रमांक 108 आराधना नगर भोपाल का नामान्तरण श्री प्रीतम सिंह पाल पुत्र श्री विजय सिंह के पक्ष में करने हेतु आवास संघ स्वतंत्र रहेगा।**

**नोट:-** आपत्ति प्रस्तुत करने का स्थान म.प्र. राज्य सहकारी आवास संघ मर्या. तृतीय तल, सहकार भवन नार्थ टी.टी. नगर, भोपाल।

म.प्र. माध्यम/122987/2025 प्रबंध संचालक

**जाहिर सूचना**

यह कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रवीण लोधी आ. बाबूलाल लोधी एवं आनन्द सिंह आ. राम सेवक सिंह दोनों नि. सर्वोदय कॉलोनी सीटीओ बैरागढ़ भोपाल द्वारा भूमि खसरा क्र. 114/2/3 रकबा 0.4050 हे. स्थित ग्राम लाउखेड़ी प.ह.नं. 23 रास. नि. मं. 2 विकासखण्ड फंदा नगर निगम वार्ड क्रं 3 तहसील हुजूर जिला भोपाल को क्रय करने का अनुबंध संदीप यादव आ. पूरन सिंह नि. ग्राम लाउखेड़ी तह. हुजूर जिला भोपाल से किया था एवं बयाना स्वरूप राशि 20,00000 प्राप्त कर उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के साथ निष्पादित किया जाना था किन्तु मेरे पक्षकार के साथ अनुबंध होते हुए संदीप यादव द्वारा उक्तभूमि को किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास किया है जिसके संद्रर्भ में मेरे पक्षकार ने एक सूचना पत्र संदीप यादव को न्यायालयीन कार्यवाही हेतु प्रेषित किया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार संदीप यादव से न करें अन्यथा उसके समस्त परिणामों की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। तदनुसार सूचित हो।

भवदीय **सी एम गर्ग** अधिवक्ता
जी-1, राधा अपार्टमेंट, विजय नगर, लालघाटी भोपाल (मप्र) 9425010581

**M. P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
(A Govt. of M. P. Undertaking)
OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (O&M) DIVISION, ASHTA
E-mail : eeashta@gmail.com

प्रकाश एवं विकास

DGM/O&M/3973 Ashta, Dated : 12.11.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL hereby invited Separate offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations:-

| Name of Unit/ Office | Particulars | EMD (In Rs.) | Due Date of submission of offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| Manager Ashta (I) Under DGM. (O&M) MPMKVVCL, Ashta | Type F3: Mini Pick up - Double cabin with ladder/Any Low End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent. (for single shift) Transformer Maintenance Team. | 3000/- | 20.11.2025 Up to 12:00 PM | 21.11.2025 at 12:00 PM |
| Manager Ashta (II) Under DGM (O&M) MPMKVVCL, Ashta | Type F3: Mini Pick up - Double cabin with ladder/Any Low End SUV half open from backside for carriage of man, materials, ladder, etc. or equivalent. (for single shift) Transformer Maintenance Team. | 3000/- | 20.11.2025 Up to 12:00 PM | 21.11.2025 at 12:00 PM |

Other details, terms and conditions are available on Company website **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/122984/2025 **DGM (O&M), DIVISION ASHTA**




**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

हरिभूमि **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रॉप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910


हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 6046



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

**शब्द पहेली- 6045 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6056

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6055 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।। बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। भाई-बहनों के सहयोग से कारोबार का विस्तार होगा।

**वृष:** शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। धन की प्राप्ति होगी। धैर्यशीलता बढ़ाने का प्रयास करें। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। नौकरी में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। धन की प्राप्ति भी होगी। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे।

**कर्क:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार का विस्तार होगा। अचानक धन लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह:** परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या:** शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन भी बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**तुला:** नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाणी में सौम्यता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत रहें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**धनु:** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य बनेंगे।

**मकर:** लाभ में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों से व्यवहार ठीक रखें।

**कुंभ:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

# पतंजलि के वैज्ञानिकों ने सत्यापित किया वर्षा ऋतु में एकत्रित गिलोय औषधीय रूप से अधिक प्रभावी

## ग्रंथों में लिखित कथनों को अंधविश्वास न समझें, छिपे वैज्ञानिक दृष्टिकोण को पहचानें : आचार्य बालकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि के वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व शोध करते हुए यह सत्यापित किया है कि वर्षा ऋतु में एकत्रित गिलोय औषधीय रूप से अधिक प्रभावी है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह सोचने की बात है कि क्यों प्रकृति से जुड़े हमारे त्यौहार हरेला और जड़ी-बूटी दिवस विशेष ऋतु में ही मनाए जाते हैं? क्यों हमारे आयुर्वेदिक ग्रंथो में लिखा गया है कि किस पौधे के किस हिस्से को कौन-सी विशेष ऋतु में एकत्रित करना चाहिए? क्या इसका कोई वैज्ञानिक आधार है, या यह हमारे पूर्वजों की एक छद्म कल्पना मात्र है? इस शोध के माध्यम से पतंजलि के वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सनातन ग्रंथों में लिखित ऋषि-मुनियों के विचार, भारतीय संस्कृति से जुड़े त्यौहार, मात्र हमारे पूर्वजों की कपोल कल्पना नहीं, उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण निहित था, जो भविष्य की पीढ़ियों को ध्यान में रखकर लिखा गया था। अब समय आ गया है कि हम प्रकृति की ओर लौटें, सनातन संस्कृति की ओर लौटें, और हमारे ग्रंथों में लिखित कथनो को अन्धविश्वास न समझ, उनमें छिपे वैज्ञानिक दृष्टिकोण को पहचाने।



**पतंजलि के वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व शोध करते हुए यह सत्यापित किया**

### वैज्ञानिकों ने दो वर्षों तक गिलोय को किया एकत्र



गिलोय

आयुर्वेद की अमर औषधि मानी जाने वाली गिलोय पर पतंजलि द्वारा किए इस वैज्ञानिक शोध में पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अथक परिश्रम कर दो वर्षों तक गिलोय को एकत्र किया। इस शोध में यूएचपीएलसी-पीडीए और एचपीटीएलसी तकनीक के माध्यम से गिलोय का रासायनिक विश्लेषण किया गया जिसमें इस तथ्य कि पुष्टि हुई कि वर्षा ऋतु में एकत्रित गिलोय अधिक प्रभावी और गुणवत्ता युक्त हैं। यह शोध स्प्रिंगर प्रकृति के रिसर्च जर्नल बीएमसी प्लांट बायोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।

### औषधीय पौधों की प्रभावशीलता निर्भर करती है उसमें विद्यमान पादप रसायन पर

*इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि आयुर्वेद के अनुसार औषधीय पौधों की प्रभावशीलता उसमें विद्यमान पादप रसायन पर निर्भर करती है, जो मौसम के साथ बदलता है। यह शोध उस पारंपरिक ज्ञान का वैज्ञानिक प्रमाण प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे कहा कि जड़ी-बूटियों का सही समय पर एकत्रीकरण न केवल उनके औषधीय प्रभाव को बढ़ाएगा अपितु आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवत्ता को सुधारने में भी सहायक होगा।*

## सोयाबीन में आई तेजी, भोपाल मंडी में क्वालिटीनुसार 4300 से 5500 रुपए क्विंटल के भाव बिका

# भावांतर मॉडल भाव 4077 रुपए क्विंटल आया आज आएंगी किसानों के खाते में भावांतर राशि

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सरकार ने सोयाबीन किसानों के लिए भावांतर योजना लागू की है। इसके अंतर्गत किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की भरपाई की जानी है। भावांतर योजना में पहले पंद्रह दिन में एक बार मॉडल रेट तय करने का शेड्यूल बनाया था पर अब हर रोज मॉडल भाव जारी किए जा रहे हैं। प्रदेशभर के सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए बुधवार यानि 12 नवंबर को 4077 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है।

जानकारी के राज्य सरकार द्वारा गुरूवार 13 नवंबर को भावांतर योजना तहत मॉडल भाव और न्यूनतम समर्थन मूल्य के बीच की राशि सोयाबीन विक्रेता किसानों को डाली जाएगी। जानकारी के अनुसार भोपाल कृषि उपज मंडी में एमएसपी से अधिक भाव पर सोयाबीन बेचने वाले किसानों को भावांतर भुगतान योजना का लाभ नहीं मिलेगा।



### मंडी में सोयाबीन की आवक 8 हजार बोरे की रही

करोंद स्थित कृषि उपज मंडी स्थित भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन ने बताया बुधवार को गल्ला मंडी में सोयाबीन क्वालिटीनुसार 4300 रुपए 5500 रुपए क्विंटल के भाव बिका। मंडी में सोयाबीन की आवक 8 हजार बोरे की रही है। उन्होंने बताया कि 14 दिन में भावांतर का मॉडल रेट जारी करने की घोषणा है। अतः सोयाबीन की खरीदी शुरू हुए 15 दिन से अधिक समय हो गए है लेकिन 7 नवंबर को मॉडल भाव जारी होने के चलते सरकार द्वारा संभतः 13 नवंबर को किसानों के खाते में भावातंर की राशि डालेगी।

### पहले जिन्होंने उपज बेच दी, योजना चालू होने के बाद उपज में कटौती करेंगे

मंडी अधिकारियों के अनुसार जिन किसानों ने मंडी में तौल शुरू होने से पहले उपज बेच दी उन्हें योजना चालू होने के बाद उपज में कटौती करेंगे। उदाहरणार्थ किसान के पास 50 क्विंटल सोयाबीन है और उन्होंने 20 क्विंटल का पहले तौल कर लिया है तो योजना में उन्हें 30 क्विंटल का ही लाभ मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार ऐसे किसानों की सूची बना ली गई है।ई-मंडी पोर्टल में ऐसे किसानों की लिस्ट तैयार किया है जिनकी उपज एमएसपी (5328 रुपए प्रति क्विंटल ) से अधिक भाव पर बिकी है। उन्हें योजना का लाभ नहीं मिलेगा। भावांतर भुगतान योजना में शासन की गाइड लाइन के तहत ऐसे किसानों के राशि में 25 प्रतिशत अंतर राशि की कटौती होगी, जिन्हें राहत राशि मिली है। ऐसे किसानों को 75 प्रतिशत अंतर राशि का ही भुगतान होगा। उदाहरण के तौर पर भावांतर में जिस किसान की अंतर राशि एक लाख रुपए होती है उन्हें 75 हजार रुपए का ही भुगतान किया जाएगा।

### सर्वर डाउन, खरीदी प्रभावित

*अनाज व्यापारियों ने बताया कि ई-मंडी पोटर्ल के मार्फत सोयाबीन की खरीदी होने से पोर्टल पर सर्वर डाउन की समस्या निर्मित होने से खरीदारी प्रभावित हो रही है। जिससे किसान और व्यापारी दोनों परेशान हैं। सिरोंज मंडी अनाज व्यापारी संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि सर्वर ठप होने से बाजरे, धान, मूंग और उड़द जैसी फसलों की सरकारी खरीद या बोली प्रक्रिया रुक जाती है या बहुत धीमी हो जाती है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। उनके अनुसार किसान अक्सर अपनी उपज बेचने के लिए किराए पर ट्रैक्टर या अन्य वाहन लेकर मंडी आते हैं।*

## डिजिटल बैंकिंग को बेहतर बनाने एनयूसीएफडीसी की पहल

# गृहमंत्री शाह ने लांच किए 'सहकार डिजिपे व सहकार डिजिलोन के दो डिजिटल प्लेटफार्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल अर्बन कोऑपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सहकार डिजिपे और सहकार डिजिलोन को लांच किया। इन दोनों डिजिटल प्लेटफॉर्मों को खास उद्देश्य के लिए बनाया गया है, ताकि डिजिटल पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा सके और सभी यूसीबीए में लोन देने को ऑटोमेटेड बनाया जा सके। को-ऑप कुंभ 2025 के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इन नए डिजिटल सॉल्यूशंस को लांच किया, जो अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों को डिजिटल रूप से मज़बूत बनाने के सरकार के विज़न के अनुरूप हैं।



अमित शाह

### एनयूसीएफडीसी दे रही 11,500 शाखाओं में 9 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवाएं

*एनयूसीएफडीसी के चेयरमैन, ज्योतिंद्र मेहता ने कहाकि फिलहाल 1,400 से ज्यादा अर्बन कोऑपरेटिव बैंक, करीब 11,500 शाखाओं के जरिए पूरे देश में 9 करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को अपनी सेवाएं देते हैं। फाइनेंशियल इंक्लूजन को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका बेहद अहम है, इसके बावजूद कई यूसीबीएस को सुरक्षित और बड़े पैमाने पर लागू होने वाले डिजिटल सिस्टम को अपनाने में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हर प्रोडक्ट की समस्या को दूर करने के लिए किया या डिजाइन एनयूसीएफडीसी के सीईओ प्रभात चतुर्वेदी ने कहाकि ये प्रोडक्ट्स अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों के लिए डिजिटल तरीकों को अपनाने की प्रक्रिया आसान बनाने के लिए तैयार किए गए हैं।*

## खबर संक्षेप

### बजाज ने किया 25 करोड़ की धोखाधड़ी का खुलासा

**मुंबई।** बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने थर्ड पार्टी क्षतिपूर्ति क्लेम के आधार पर 25 करोड़ रुपए के मोटर एक्सीडेंट इंश्योरेंस धोखाधड़ी को सफलतापूर्वक खुलासा किया है। इस धोखाधड़ी को गलत एफआईआर और भ्रामक दस्तावेजों के माध्यम से मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यून, भुज को सबमिट किया गया था। बजाज जनरल इंश्योरेंस ने गुजरात उच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर की।

### डीएसपी म्यूचुअल ने पैसिव रेंज का विस्तार किया

**मुंबई।** डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने डीएसपी एमएससीआई इंडिया ईटीएफ लांच करने की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड एक्सचेंज-ट्रेडेड फ़ंड है। यह एमएससीआई इंडिया इंडेक्स (टीआरआई) की परफ़ॉर्मेंस दोहराना चाहता है। ईटीएफ इंवेस्टर्स को वैश्विक स्तर पर ट्रैक और समय के साथ परखे गए बेंचमार्क के ज़रिए भारत की बड़ी और मिड-कैप कंपनियों में भाग लेने का अवसर देता है।

### एशियन पेंट्स का विशेष अभियान

**नई दिल्ली।** एशियन पेंट्स फिर लेकर आया है अपना लोकप्रिय अभियान हर घर कुछ कहता है, जिसमें आधुनिक घरों और रिश्तों की झलक दिखाई देगी नए विज्ञापन में परिवार द्वारा बिताए गए शांत, महत्वपूर्ण और यादगार पलों को उजागर करने के लिए कहानी का उपयोग किया गया है। यह अभियान दर्शाता है कि भारतीय घर कैसे बदल रहे हैं, किस तरह भारतीय घर भावनाओं और उत्साह से भरे हैं। अपने व्यक्तित्व, अपनी रचनात्मकता के ज़रिए अपने घर को अनोखा और संपूर्ण बनाता है।

### रिखव का राजस्व 386.67 करोड़ दर्ज हुआ

**मुंबई।** रिखव सिक्योरिटीज़ लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 386.67 करोड़ रुपए रही। एबिटडा 25.96 करोड़, शुद्ध लाभ 17.75 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हितेश लखानी ने कहा कि हम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर लगभग 20 से 25 प्रतिशत की कुल वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

## टैक्सटाइल और परिधान आयोजन 2026 की घोषणा

# भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन का चार दिवसीय वैश्विक टैक्सटाइल मेगा इवेंट अगले साल 14 जुलाई से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन तीसरे संस्करण के आयोजन के लिए तैयार है। भारत टेक्स देश का प्रमुख वैश्विक टेक्सटाइल और परिधान आयोजन है जो 14 से 17 जुलाई 2026 तक नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित होगा। यह घोषणा भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन (बीटीटीएफ ) द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई।

बीटीटीएफ अग्रणी निर्यात संवर्धन परिषदों और उद्योग संघों का एक प्रतिष्ठित संघ है। नेतृत्व ने आगामी संस्करण के विज़न, पैमाने और प्रमुख विशेषताओं को साझा करते हुए भारत टेक्स 2026 की तैयारियों की औपचारिक शुरुआत की।

### ग्लोबल मेगा टैक्सटाइल्स इवेंट के रूप में स्थापित

*बीटीटीएफ के चेयरमैननरेन गोयनका ने कहाकि भारत टेक्स के पहले दो संस्करणों ने इसे भारत के ग्लोबल मेगा टेक्सटाइल्स इवेंट के रूप में स्थापित कर दिया है। दूसरा संस्करण, जो 14 से 17 फरवरी 2025 के बीच भारत मंडपम और इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 2.2 मिलियन वर्ग फुट क्षेत्र में आयोजित किया गया और अत्यंत सफल रहा। इस आयोजन में 5,000 से अधिक प्रदर्शक, 120 से अधिक देशों से 6,000 अंतरराष्ट्रीय खरीदार और 1,20,000 से अधिक दर्शक शामिल हुए। 80 से ज्यादा ज्ञान सत्रों, 8,000 से ज्यादा बी2बी/बी2जी बैठकों और उच्च स्तरीय नीति संवादों के साथ, इस संस्करण ने लगभग 2.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात अवसर और 2,100 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रतिबद्धताएं उत्पन्न कीं। बीटीटीएफ के सह-अध्यक्ष भद्रेश डोढिया ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य आकर्षण ग्लोबल टेक्सटाइल डायलॉग 2026 होगा।*

### टाटा मोटर्स ने 'कर्व' का नया संस्करण पेश किया



**मुंबई ।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने अपनी लोकप्रिय स्पोर्ट्स यूटिलिटी गाड़ी 'कर्व' को नए और उन्नत फीचर्स के साथ लांच किया है। कंपनी ने बेहतर इंजीनियरिंग तकनीक अपनाते हुए कर्व के पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक, सभी मॉडलों में केबिन की जगह बढ़ाई गई है। इससे यात्रियों को पहले से अधिक आराम, सुविधा और बेहतर ड्राइविंग अनुभव मिलेगा। कर्व में अब दो ज़ोन वाला स्वचालित वातानुकूलन सिस्टम भी शामिल किया गया है, यह नया संस्करण, अब कर्व के 'अकमप्लिश्ड' मॉडल में 14.55 लाख रुपए से उपलब्ध होगा, जबकि कर्व ईवी के 'अकमप्लिश्ड' और 'एमपावर्ड' संस्करणों की शुरुआती कीमत 18.49 लाख रुपए है।

# एसबीआई फंड्स ने 26 आंगनवाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण कर बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने ऐक्शन अगेंस्ट हंगर फाउंडेशन इंडिया के सहयोग से मध्य प्रदेश के धार और छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिलों में 26 आंगनवाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण किया। इन केंद्रों का उद्देश्य ग्रामीण इलाको में बच्चों और माताओं के लिए सुरक्षित, शिक्षाप्रद और पोषण संबंधी सुविधाओं को मज़बूत करना है। इन दोनों जिलों में कुल 1,078 बच्चों को बेहतर सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ मिल रहा है।

इन 26 आंगनवाड़ी केन्द्रों के नवीनीकरण के बाद 3-5 साल की उम्र के बच्चों की उपस्थिति में बढ़ोतरी देखी गई है। धार में यह 51 फीसदी से बढ़कर 84फीसदी और गरियाबंद में 51 फीसदी से 77 फीसदी हो गई। इसमें बच्चों के लिए अर्ली चाइल्डहूड डेवलपमेंट (ईसीडी) और एंथ्रोपोमेट्रिक किट्स की अहम भूमिका रही है। इस उल्लेखनीय वृद्धि से यह पता चलता है कि समुदाय का भरोसा बढ़ा है और बच्चे प्रारंभिक शिक्षा व विकास निगरानी कार्यक्रमों में अधिक भाग लेने लगे हैं। उद्घाटन समारोह में टीर्ला ब्लॉक के सीडीपीओ एसएन मकवाना, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के अधिकारी रजत ग्रोवर (चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर), रविंद्र जैन (रीजनल हेड), निशांत बंगेड़ा (लीड सीएसआर),विनय अय्यर (सीईओ, एक्शन अगेंस्ट हंगर फाउंडेशन इंडिया), और संदीप देवाल (प्रोजेक्ट मैनेजर) के साथ-साथ आंगनवाड़ी सेविकाएं और बच्चे भी उपस्थित थे।




आंगनवाड़ी

# भारतीय शेयर बाजार गुलजार, सेंसेक्स 595 अंक चढ़ा, निफ्टी 25800 के पार

■ रुपया अमेरिका डॉलर के मुकाबले 16 पैसे टूटकर 88 .66 पर बंद हुआ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। व्यापारियों के अनुसार में शटडाउन के समाधान को लेकर बढ़े आशावाद और फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों से बाजार की धारणा को मजबूती मिली।

विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे टूटकर 88.66 (अनंतिम) पर बंद हुआ। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 595.19 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,466.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 780.69 अंक या 0.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,652.01 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 180.85 अंक या 0.70 प्रतिशत चढ़कर 25,875.80 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 239.6 अंक या 0.93 प्रतिशत चढ़कर 25,934.55 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।




शेयर बाजार

## वैश्विक स्तर पर कीमत 39 फीसदी तक कम कर दी

# चावल निर्यात में भारत ने गाड़े झंडे, चावल की कीमतों में 29 फीसदी की गिरावट आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है। भारत दुनिया के अलग-अलग देशों में चावल निर्यात भी करता है। हिंदुस्तान के निर्यात से महंगाई पर लगाम लगी। वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार इस साल चावल अब तक 29 फीसदी तक सस्ता हुआ है। वहीं,चावल समेत अन्य खाद्य सामग्री 2022 के अपने उच्चतम स्तर से 39 फीसदी सस्ती हो चुकी हैं। भारत ने चावल निर्यात करके न सिर्फ चावल की महंगाई पर रोक लगाई है, बल्कि चावल से बनने वाली अन्य चीजों को भी महंगा होने से रोकना का काम किया है।

वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार इस पॉलिसी में बदलाव से 2025 में ग्लोबल चावल की कीमतों में 29 फीसदी की गिरावट आई, और इससे खाने-पीने की चीजों की महंगाई कम करने में मदद मिली - खासकर सेनेगल और बांग्लादेश जैसे अफ्रीकी और एशियाई देशों में, जो भारतीय चावल पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। इससे पहले एक अक्टूबर में भी एक रिपोर्ट आई थी। उस रिपोर्ट के अनुसार भारतीय एक्सपोर्ट बैन हटने के बाद चावल की कीमतें एक साल में 35 फीसदी गिरकर 2017 के बाद से सबसे निचले स्तर पर आ गई हैं । तीन साल की भारी उतार-चढ़ाव के बाद, मार्केट में चावल की सप्लाई बहुत ज्यादा हो गई है (2024 में 541 मिलियन टन उत्पादन), जिससे कीमतें गिर रही हैं और ग्लोबल प्रोड्यूसर और इंपोर्टर्स का बैलेंस बिगड़ रहा है।



चावल का स्टॉक

### भारत का बज रहा है डंका

*वर्ष 2022 से दुनिया के सबसे बड़े एक्सपोर्टर भारत ने दुनिया भर में बढ़ती कीमतों (2022 और 2023 में 19 फीसदी की बढ़ोतरी) को कंट्रोल करने के लिए अपने एक्सपोर्ट पर रोक लगा दी थी। यह बढ़ोतरी खासकर यूक्रेन युद्ध और एशिया में खराब मौसम की वजह से हुई थी। 2024 में एक्सपोर्ट फिर से शुरू होने और एशिया में रिकॉर्ड फसल होने से एक साल में कीमतों में 35फीसदी की गिरावट आई। 2026 के लिए बढ़ते प्रोडक्शन के अनुमान और 2025 की चौथी तिमाही में ला नीना के संभावित वापसी को देखते हुए, हम 2026 में सप्लाई में बढ़ोतरी की उम्मीद करते हैं। ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रेसिडेंट विजय सेतिया के अनुसार नई दिल्ली दुनिया के चावल एक्सपोर्ट का लगभग 45 फीसदी हिस्सा है और यहां कोई भी पॉलिसी में बदलाव सीधे ग्लोबल खाने की कीमतों पर असर डालता है।*

### टैफे ईवीएक्स 75 का अनावरण, 100 एचपी तक के तीन उत्पाद प्रदर्शित

**मुंबई ।** टैफे ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने अपने अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक हाइब्रिड ट्रैक्टर टैफे ईवीएक्स75 का अनावरण किया, साथ ही टैफे ईवी28 इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर को सस्टेनेबल ट्रैक्टर श्रेणी में "ट्रैक्टर ऑफ द ईयर 2026" पुरस्कार के लिए फाइनलिस्ट चुने जाने की एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न भी मनाया गया। ईवीएक्स75 के अलावा टैफे ने अपनी नई विज़न गाइडेंस सिस्टम और नई रेंज भी प्रदर्शित की। इसमें एक नए कैब वाला 100 एचपी का ट्रैक्टर , 74 एचपी का ऑर्चर्ड और फ्रूट ट्रैक्टर और कॉम्पैक्ट यूटिलिटी सीरीज़, 65 एच का ट्रैक्टर शामिल है, इनमें से प्रत्येक ट्रैक्टर को यूरोपियाई कृषि के अनुसार परिचालन और आवश्यकताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## बिजनेस न्यूज

### यूनियन बैंक ने मनाया 107वां स्थापना दिवस, प्रमुख क्षेत्रों में 51 नई शाखाएं खोलने की घोषणा



**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने बुधवार को अपना 107वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर अंचल कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा बैंकिंग सेवाओं में विश्वास, नवाचार और उत्कृष्टता की एक सदी से अधिक की स्मृति में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त बैंक ने अपनी उपलब्धता और पहुंच को मजबूत करने के लिए प्रमुख क्षेत्रों में 51 नई शाखाएं खोलने की घोषणा की। स्थापना दिवस देश भर के सभी कार्यालयों और शाखाओं में उत्सव के रूप में मनाया गया, जो उत्कृष्टता, नवाचार और ग्राहक सेवा के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय कार्यालय, मुंबई द्वारा जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी, मुंबई में समारोह भी आयोजित किया गया। इस समारोह में एम. नागराजू (आईएएस), सचिव, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशीष पांडे, कार्यपालक निदेशकगण नितेश रंजन, रामसुब्रमण्यम एस.और संजय रुद्र, बैंक बोर्ड के निदेशकों के साथ-साथ बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और सम्मानित ग्राहक उपस्थित थे। इस समारोह के अवसर पर, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने यूनियन ई बिज ऐप लॉन्च किया जो व्यापार लेनदेन को सरल बनाएगा।

### एनएसडीएल ने लांच किया नया एफपीआई-एफवीसीअई पोर्टल




**मुंबई ।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने अपने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक पोर्टल को सफलतापूर्वक नया रूप देने और विदेशी उद्यम पूंजी निवेशक (एफवीसीआई) पोर्टल के लांच की घोषणा की है। यह सभी सेवाओं को एक जगह उपलब्ध कराने वाला डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, जिसे विदेशी निवेशकों के लिए भारत के सिक्योरिटी बाज़ारों में रजिस्ट्रेशन और नियमों के पालन को आसान, तेज़ और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मुंबई में आयोजित एनएसडीएल के 9वें नामित डिपॉजिटरी प्रतिभागी सम्मेलन के दौरान, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की कार्यकारी निदेशक, डॉ. रुचि चोजेर ने अपग्रेड किए गए पोर्टल को लांच किया। इस अवसर पर सेबी की मुख्य महाप्रबंधक, अपर्णा त्यागराजन, सेबी के मुख्य महाप्रबंधक, राजेश आनंद गुज्जर, एनएसडीएल के एमडी एवं सीईओ, विजय चंडोक, एनएसडीएल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, समीर पाटिल और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा डीडीपी कम्युनिटी के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। सेबी की कार्यकारी निदेशक, डॉ. रुचि चोजेर ने कहाकि ये नया प्लेटफॉर्म इस बात को दर्शाता है कि भारतीय बाज़ार के लिए सेबीका विजन बेहद सरल एवं निवेशकों के लिए अनुकूल है एक ऐसा सिस्टम जो कारगर, पारदर्शी और अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर आधारित हो। एनएसडीएल के एमडी एवं सीईओ, विजय चंडोक ने कहाकि नए सिरे से तैयार किए गए एफपीआई और एफवीसीएल पोर्टलों के लांच में हमारी प्रगति की झलक दिखाई देती है बात सिर्फ पोर्टल को अपग्रेड करने की नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है ।

### नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट में शिक्षा मंत्री ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित कर छात्रवृत्तियों का किया वितरण




**लुधियाना ।** नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट लुधियाना में सत पॉल मित्तल नेशनल अवॉर्ड्स 2025 प्रदान किए। भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया एवं छात्रवृत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश भारती मित्तल भी उपस्थित रहे। सत पॉल मित्तल नेशनल अवॉर्ड्स 2025 के पांच विशिष्ट पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को प्लैटिनम और गोल्ड श्रेणियों में कुल 20 लाख रुपए की नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। ट्रस्ट ने, 1991 से अब तक, विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को 11 करोड़ से अधिक मूल्य की 28,000 से अधिक छात्रवृत्तियां प्रदान की हैं, जिनमें 76 फीसदी लाभार्थी छात्राएं रही हैं। वर्तमान वर्ष में, ट्रस्ट लगभग 2 करोड़ की छात्रवृत्तियाँ 1,700 से अधिक विद्यार्थियों को वितरित करेगा।

## चिंतन

# महंगाई पर लगातार दूसरी बाद आई अच्छी खबर

राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल के बीच महंगाई के मोर्चे पर देश के लिए बड़ी अच्छी खबर है। लगातार दूसरी बार खुदरा महंगाई से राहत मिली है, जिससे आम आदमी का जीवन सरल होगा। अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25 फीसदी के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। इसका कारण खाने-पीने की चीजों की कीमतों में कमी है। ये वर्तमान सीपीआई सीरीज में अब तक की सबसे कम महंगाई है। ये करीब 14 साल का निचला स्तर है। इससे पहले सितंबर में ये 1.44 प्रतिशत पर थी। भारत में सीपीआई की मौजूदा सीरीज 2012 के बेस ईयर पर बेस्ड है। मतलब, 2012 की कीमतों को 100 मानकर तुलना की जाती है। पहले 2010 या 1993-94 वाली सीरीज थीं, लेकिन समय के साथ अपडेट होती रहती है ताकि आंकड़े सही रहें। महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। वहीं अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। इसका दूसरा कारण रिजर्व बैंक के प्रयास भी हैं। बैंक अपनी मौद्रिक नीतियों में बदलाव करके लगातार महंगाई पर काबू रखने के जतन कर रहा था, जिसका असर दिखने लगा है। यह पिछले आठ सालों में सबसे कम महंगाई दर है। साल 2017 में महंगाई का आंकड़ा 1.46 था। हमारी अर्थव्यवस्था पर इसका शानदार प्रभाव दिखाई देगा, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह कि क्या भविष्य में महंगाई दर ऐसी ही रह पाएगी। इसके लिए जरूरी है कि इस पर गहरी निगरानी रखनी होगी। इस साल मानसून के दौरान उतरी भारत में अच्छी बरसात, जलाश्यों में भरपूर पानी की उपलब्धता और ज्यादा बिजाई के कारण फसल बेहतर होने की उम्मीद है। इसका असर भी महंगाई पर दिख सकता है, लेकिन खाद्य तेल की महंगाई में अभी भी वो कमी नहीं आई है, जिसकी दरकार है। हां, सब्जी, फल जरूर सस्ते हुए हैं। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 फीसदी योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 2.28 प्रतिशत से घटकर माइनस 5.02 हो गई है। सितंबर महीने में ग्रामीण महंगाई दर 1.07 से घटकर माइनस 0.25 फीसदी हो गई है। वहीं, शहरी महंगाई 1.83 से घटकर 0.88 प्रतिशत पर आ गई है। इसमें कोई दोराय नहीं कि देश के आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार के लिए महंगाई पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। अगर वे ज्यादा खरीददारी कर पाएंगे, तभी इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था पर दिखाई देगा। हां, मुद्रास्फीती की नरमी केवल आंकड़ों में नहीं, बाजारों में भी दिखाई देनी चाहिए। जीएसटी में सुधार के बाद आम जनमानस को महंगाई से राहत तो है, लेकिन अब भी कुछ चीजें ऐसी हैं। जो आम आदमी को महंगी लगती हैं। दूसरी बात ये भी कि अनेक ऐसी वस्तुएं भी हैं, जिन्हें जीएसटी सुधार के बाद कुछ समय के लिए सस्ता तो किया गया, लेकिन उनके दाम कुछ ही दिनों बाद फिर वहीं पहुंच गए। सरकार को इस पर कड़ी निगरानी रखने की जरूर है कि हर सुविधा का पूरा लाभ आम आदमी तक पहुंचे। तभी इसका फायदा आम आदमी और देश की अर्थव्यवस्था को मिल पाएगा।

# दोबारा उग आई आतंकी विषबेल



**दिल्ली बम विस्फोट**
विकेश कुमार बडोला

राजधानी दिल्ली स्थित लाल किला के समीप से जा रही एक कार में अति तीव्र ध्वनि के साथ एक विस्फोट हुआ और देखते-देखते 12 लोगों की भयंकर दुःखद मृत्यु हो गई। पूरे चौदह वर्ष बाद भारत के अंदर बम धमाका हुआ। यह वास्तव में तब अप्रत्याशित प्रतीत होता है, जब वर्तमान केंद्रीय शासन ने आतंकवाद के संबंध में शून्य सहनशीलता की नीति पर चलते हुए आतंक को नियंत्रित करने के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्रीय शासन ने न केवल भारत, अपितु विदेशों में भी आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए अनेक गुप्त एवं प्रकट अभियान चलाये हैं, जिनमें उसे अपेक्षित सफलता भी मिली है। इन परिस्थितियों में दुनिया से इस्लामी आतंक कभी समाप्त हो सकता है।

एक दशक से अधिक समय के बाद राजधानी दिल्ली बम विस्फोट से पुनः अस्थिर हो उठी है। 10 नवंबर को संध्याकाल 6.52 बजे दिल्ली स्थित लाल किला के समीप से जा रही एक कार में अति तीव्र ध्वनि के साथ एक विस्फोट हुआ और देखते-देखते 12 लोगों की भयंकर दुःखद मृत्यु हो गई। इस विस्फोटक घटना में करीब दो दर्जन लोग गंभीर रूप में घायल हैं। जिस स्थान पर विस्फोट हुआ, वहां संध्याकाल में प्रायः भीड़ होती है। विस्फोट के बाद पास खड़े 11 वाहनों में भयंकर आग लग गई।

घटनास्थल की त्वरित जांच करने के बाद दिल्ली पुलिस ने उस आई-20 कार के स्वामी को अभिरक्षा में ले लिया, जिसमें विस्फोट हुआ था। कार मालिक का नाम मोहम्मद सलमान है। उसने बताया कि उसने यह कार ओखला के देवेंद्र नामक व्यक्ति को बेची और बाद में यह कार अंबाला के किसी रहवासी को बेच दी गई। संध्या समय लाल किला में बम धमाका होने से पहले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र हरियाणा के फरीदाबाद सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से तीन मुस्लिम चिकित्सक और आठ अन्य लोगों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। इनसे 2900 किलो विस्फोटक सामग्री जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार इन लोगों को अभिरक्षा में लेने के बाद जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले हुए जैश-ए-मोहम्मद व आईएस से जुड़े अंसार गजवातुल हिंद के आतंकवादी तंत्र और इसकी संभावित आतंकी गतिविधियों का खुलासा हुआ है। जिस कश्मीरी चिकित्सक को पकड़ गया है, उसका नाम मुजम्मिल गनी है। इसके साथ ही लखनऊ की चिकित्सक शाहीन को भी पकड़ा गया है। शाहीन की कार से एके-47 राइफल मिली है। गृहमंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद वक्तव्य दिया है कि घटना की हर कोण से सघन जांच की जाएगी। दिल्ली ही नहीं, जम्मू-कश्मीर एवं अन्य सीमांत क्षेत्रों को छोड़कर देश के अंदर किसी भी महानगर या नगर में गत 14 वर्षों से कोई बम धमाका नहीं हुआ था। दिल्ली में हुए पुराने बम धमाकों एवं आंतकी गतिविधियों के आंकड़ों पर दृष्टिपात करें तो 25 मई 1996 को लाजपत नगर सेंट्रल मार्किट में हुए धमाके में 16 लोग मारे गये थे। इसके बाद 10 अक्टूबर 1997 को शांतिवन कौरिया पुल किंग्जवे कैंप के धमाके में 1 व्यक्ति की मृत्यु हुई। 18 अक्टूबर 1997 को रानी बाग मार्किट में भी धमाके ने 1 वयक्ति की जान ली। लाल किला क्षेत्र में 30 नवंबर 1997 को हुए धमाके में 3 मौतें हुईं। फिर 30 दिसंबर 1997 को पंजाबी बाग बम विस्फोट में 4 मौतें हुईं, 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर बड़ा आतंकी हमला हुआ था। इसमें नौ 9 सुरक्षा कर्मी मारे गये थे। सबसे बड़े बम विस्फोट 29 अक्टूबर 2005 को सरोजिनी नगर, पहाड़गंज व गोविंदपुरी कुल तीन स्थानों पर हुए, जिनमें 62 लोग मारे गये थे। 13 सितंबर 2008 को गफ्फार मार्किट, बाराखंभा, ग्रेटर कैलाश में हुए विस्फोटों में 25 मौतें हुईं और आखिरी बम धमाका 7 सितंबर 2011 को दिल्ली उच्च न्यायालय में हुआ था, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद कल 10 नवंबर को पूरे चौदह वर्ष बाद भारत के अंदर बम धमाका हुआ। यह वास्तव में तब अप्रत्याशित प्रतीत होता है, जब वर्तमान केंद्रीय शासन ने आतंकवाद के संबंध में शून्य सहनशीलता की नीति पर चलते हुए आतंक को नियंत्रित



करने के लिए अनेक कार्य किए हैं। केंद्रीय शासन ने न केवल भारत, अपितु विदेशों में भी आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए अनेक गुप्त एवं प्रकट अभियान चलाये हैं, जिनमें उसे अपेक्षित सफलता भी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत आतंकवादियों के तंत्र को ध्वस्त करने का सर्वाधिक सफलतम एवं उल्लेखनीय अभियान चलाया गया, जिसके संरक्षण में उतरे पाकिस्तान को भी भारत का गंभीर सैन्य आघात झेलना पड़ा। हालांकि ऐसा नहीं था कि 7 सितंबर 2011 के बाद भारत की राजधानी दिल्ली सहित महानगरों एवं नगरों में आतंकियों ने अपनी हरकतों को अंजाम देने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित अनेक शत्रु देशों ने भारत के विरुद्ध अपने-अपने यहां पाले गए आतंकवादियों के माध्यम से अनेक आतंकी अभियान चलाये, किंतु भारतीय रक्षा-सुरक्षा एजेंसियों ने उन्हें घटित होने से पहले ही ध्वस्त कर दिया था। छह-सात माह पूर्व राम मंदिर परिसर तथा कुंभ मेले में भी विभिन्न आतंकी गिरोह हिंदू तीर्थयात्रियों की भीड़ में बड़ा बम विस्फोट करने का षड्यंत्र कर रहे थे, किंतु देश की सुरक्षा एजेंसियों ने उनके इरादों को अमल में आने से पहले ही रोक दिया था। वर्तमान केंद्र शासन के सत्तारूढ़ होने के बाद देश में अनेक आतंकवादियों एवं इनके देशी-विदेशी तंत्रों का खुलासा हुआ है तथा अपेक्षित ढंग से इनका सफाया भी किया गया है। किंतु दिल्ली में बम विस्फोट होने और कई राज्यों में भारत के विरुद्ध आतंकी षड्यंत्रों में संलिप्त आतंकवादियों के पकड़े जाने के उपरांत यही सिद्ध होता है कि आतंकवाद की मूल जड़ तक पहुंचकर उसे काटने की दिशा में न तो वर्तमान भारतीय केंद्र शासन और ना ही दुनिया के देशों के शासन कुछ विशेष प्रयास कर रहे हैं। घुसपैठ पर केंद्र से लेकर राज्य शासन तक केवल कोरे वक्तव्य दिये जा रहे हैं किंतु ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी मुसलिम घुसपैठियों एवं इनके राजनीतिक संरक्षकों की धरपकड़ नहीं हुई और न हो रही है। आतंक के मूल में इस्लामी मजहब के वे सिद्धांत हैं, जो मदरसों में बैठे मुस्लिम बच्चों से लेकर पढ़े-लिखे मुस्लिम आतंकवादियों के मन-मस्तिष्क में यही धारणा बनाये बैठे हैं कि दुनिया में केवल और केवल इस्लाम की स्थापना होनी चाहिए और मुसलमानों के अतिरिक्त किसी अन्य धर्म का कोई अनुयायी जीवित न रहे। जब तक भारत के कर्ताधर्ता इस मुस्लिम सिद्धांत एवं धारणा को केंद्र में रखकर भारत व भारतीयता के हित में तात्कालिक रूप में अप्रिय लगने वाले कुछ कठोर कार्यकारी निर्णय नहीं लेंगे, तब तक एक-दो दशकों तक आतंक पर व्यावहारिक नियंत्रण तो लगाया जा सकता है, किंतु जैसे ही सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में कमी होगी तो फिर दिल्ली जैसे धमाकों की पुनरावृत्ति भी अवश्य होती रहेगी। ऐसा तब तक होता रहेगा जब तक इस्लामी मजहब के एक-एक प्रतीक को ध्वस्ताधूत नहीं कर दिया जाता। इस हेतु संविधान की प्रस्तावना बहुसंख्यक हिंदुओं तथा उनकी धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप परिवर्तित करनी ही होगी। ऐसा करे बिना देशी-विदेशी कोई भी शासन, कितना ही श्रेष्ठ शासन हो, वह कभी भी मुस्लिम आतंकवाद एवं इसके कारण उत्पन्न होने वाली आतंकी गतिविधियों पर कभी भी नियंत्रण नहीं लगा सकता। जब भारत की दिल्ली आतंकी बम धमाका से गूंज रही है, दुःखद है कि उसी समयावधि में वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल व्हाइट हाउस में आईएस के खुद अमेरिका द्वारा घोषित ईनामी आतंकी और अब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा का स्वयं ट्रंप गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं। क्या इन परिस्थितियों में दुनिया से इस्लामी आतंक कभी समाप्त हो सकता है? यह प्रश्न भारत के शासकों को बारंबार स्वयं से पूछना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार एवं प्रकृति चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सियासत

राजेंद्र बज



# राजनीति में अनावश्यक टकराव को टालना चाहिए

लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के चलते यह बहुत स्वाभाविक है कि नेतृत्व की कार्यशैली पर टीका टिप्पणी की जाए। लेकिन विषय विशेष को लेकर नेतृत्व के प्रति व्यक्त की गई सहमति को अंधभक्ति करार देना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। एक अरसे से मीडिया के अलग-अलग अंगों में नेतृत्व के प्रति विश्वास को अंधभक्ति के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। अपितु समर्थन या विरोध को अलग-अलग शब्दावली में निरूपित किया जा रहा है। ऐसे में मीडिया का वह वर्ग जो तटस्थ है, उसे भी उसकी किसी भूमिका को लेकर उक्त श्रेणी में शुमार किया जाने लगा है। यह सिलसिला निरंतर जारी है। दरअसल वर्तमान परिस्थितियों में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष व्यक्ति विशेष के पक्ष या विपक्ष में विभाजित होते देखे जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में वस्तुस्थिति ज्ञात करना जटिल होता जा रहा है। राजनीतिक परिदृश्य में खंड-खंड प्रतिपक्ष के चलते नेतृत्व विरोधी मानसिकता असंगठित और बिखरे हुए प्रतिपक्ष के रूप में कार्य कर रही है। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के लिए विषय विशेष पर अपनी अटल धारणा बना लेना जटिल हो रहा है। इन दिनों राजनीतिक बयानबाजी निष्पक्ष अथवा तटस्थ होने के स्थान पर पूर्वाग्रहयुक्त दिखाई देती है। यही नहीं, आम नागरिकों के भी अपने अपने पूर्वाग्रह हैं। इसी आधार पर नेतृत्व को कसौटी पर कसा जा रहा है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में विचारधारा का ध्रुवीकरण स्पष्ट तौर पर नजर आता है। एक वर्ग नेतृत्व के समर्थन में नजर आता है तो दूसरा वर्ग नेतृत्व के विरोध में गतिशील दिखाई देता है। दलीय राजनीति का व्यक्ति केंद्रित हो जाना चिंता का विषय हो सकता है, किंतु नेतृत्व की नेक नियत के चलते यह स्थिति सुखकारी सिद्ध हो रही है। इन परिस्थितियों के चलते आम नागरिक भी विषय विशेष पर अपना स्पष्ट अभिमत नहीं बना पाता। विशेष रूप से इस दशक में देखते-देखते दलीय राजनीति अपना स्वरूप बदलकर व्यक्तिवादी राजनीति में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। निश्चित रूप से लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में व्यक्ति विशेष का दल विशेष से ऊपर हो जाना, अतिरिक्त रूप से गंभीर चिंता का विषय हो सकता है। इतना जरूर है कि वर्तमान नेतृत्व में राष्ट्रवादी विचारधारा को पर्याप्त सम्मान मिला है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात राष्ट्र की एकता और अखंडता को लेकर जो परिस्थितियां प्रश्नचिन्ह लगाती थी, उसका सफल उपचार भी किया गया है। कुल मिलाकर नेतृत्व की कार्यक्षमता और नेक नियति पर कोई गंभीर सवाल भी नहीं उठाया गया है। जाहिर है कि जिनके स्वार्थ आहत हुए, वे शोर मचाए जा रहे हैं। राजनीति में शुचिता और पवित्रता का वातावरण नए सिरे से स्थापित करने में नेतृत्व की सफलता निर्विवाद है। इन दिनों राजनीतिक पूर्वाग्रहों की प्रबलता कुछ इस कदर है कि नीति और सिद्धांतों को ताक पर रखकर बेमेल राजनीतिक समझौते किए जा रहे हैं। वर्तमान दौर में प्रतिपक्ष की एकमात्र चिंता का कारण वह नेतृत्व है, जिसे जनमत के बहुमत का समर्थन स्पष्ट तौर पर प्राप्त है। माना कि राजनीतिक दलों की राजनीति का एकमात्र उद्देश्य सत्ता प्राप्ति हो सकता है। लेकिन यह लक्ष्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करने के लिए होता है। ऐसी स्थिति में जनादेश के संकेतों को न समझ पाना, प्रतिपक्ष द्वारा हकीकत को नजरअंदाज करने के समकक्ष होगा। जितना विरोध नेतृत्व का किया गया, उतनी ही तेजी से वह नेतृत्व और अधिक सशक्त जनाधार पाता गया। आज मीडिया के एक वर्ग विशेष में नेतृत्व के प्रति सहमति को अंधभक्ति के रूप में निरूपित किया जा रहा है। आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला निरंतर जारी है। समर्थन के लिए समर्थन किया जा रहा है और विरोध के लिए विरोध किया जा रहा है। ऐसे दौर में राजनीतिक विचारधारा दो भागों में विभक्त दिखाई देती है। यह अजीब बात है कि यह विचारधारा दल विशेष से कहीं ज्यादा व्यक्ति विशेष के प्रति समर्थन या विरोध में मुखरित हो रही है। आखिर यह सिलसिला किस मुकाम पर जाकर थमेगा ? कथित तौर पर लोकतंत्र में विभिन्न राजनीतिक दल अपनी अपनी नीति और सिद्धांतों के आधार पर सक्रिय होते हैं। राजनीति का उद्देश्य व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन करना होता है। सत्ता सैद्धांतिक रूप से जनहित का साधन होती है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में सत्ता को साध्य मान लिया गया है। सत्ता के लिए नीति और सिद्धांतों को दरकिनार कर देना, राजनीतिज्ञों का मुख्य शगल बन गया है। राजनीतिक दलों के बेमेल गठबंधन को सामूहिक भय का ही प्रत्यक्ष परिणाम माना जा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं



संकलित
**दर्शन**

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

# दो अनमोल हीरे



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत खुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### सोने की बढ़ती कीमतों पर लगे लगाम

भारतवर्ष कभी सोने की चिड़िया थी और भारत था भी सर्वाधिक सम्पन्न देश। टनों के हिसाब से सोना मंदिरों और पूजा-स्थलों में भरा था। आततायों ने मंदिरों को तहस नहस कर अपने देशों को समृद्ध बनाया। ऐसा वे बार बार करते रहे और भारत के सोने के भंडार खाली नहीं होते थे। आजकल सोना इतना महंगा हो गया कि गरीब बेटी के हाथ पीले करने के बारे में सोच नहीं सकता, और गरीब की पहुंच से परे पीली धातु का होना एक अभिशाप बन गया। कारण चाहे कुछ भी हो, सोने के दाम एक लाख रुपए ऊपर चले जाना बड़ी एवं दु:खद बात है। एक बात स्पष्ट है कि एक विशाल सम्पन्न देश इसकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने में विफल है या नियंत्रण लगाना ही नहीं चाहता। इस पर नियंत्रण होना चाहिए। *- सुरेश साहू, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### विशेष बुद्ध अवशेष



मेरी भूटान यात्रा ऐसे समय में हुई है जब इस देश के लोग ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। यह चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो की 70वीं जयंती है, वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव चल रहा है और भारत से विशेष बुद्ध अवशेष यहां लाए गए हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बाल निमोनिया के लिए पहल




बाल निमोनिया को कम करने के लिए, सांस (सामाजिक जागरूकता और निमोनिया को सफलतापूर्वक निष्क्रिय करने की कार्रवाई) शुरू की है ताकि स्वास्थ्य प्रणालियों, सामुदायिक जागरूकता से बाल निमोनिया को कम किया जा सके।
**-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कुछ रोगों का इलाज नहीं



गिरगिट चाहे कितना भी रंग बदल ले, वह गिरगिट ही रहेगा। जिसे 'वंदे मातरम' से समस्या है, वह देश के लिए भी समस्या है। दिल्ली बम विस्फोट ने यह पुनः प्रमाणित कर दिया है कि शिक्षा से कुछ बीमारियों का इलाज नहीं हो सकता।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### कमिटमेंट पूरा किया




हमने जो कमिटमेंट किया था, उसे पूरा किया.. बहनों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए हम 'लाड़ली बहना योजना' की राशि निरंतर बढ़ाएंगे। इस अवसर पर 560.75 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी किया।
**- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# रियाद में भारतीय संस्कृति और सऊदी दोस्ती का जश्न




भारतीय प्रवासियों को घर जैसा महसूस करने तथा सऊदी अरब के मूल निवासियों को भारत की जीवंत संस्कृति एवं विरासत का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करने के लिए हाल ही में सऊदी अरब की राजधानी रियाद में संपन्न हुआ 'इंडिया वीक' कार्यक्रम एक शानदार पहल रहा। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपरिक शिल्प से लेकर विविध क्षेत्रीय व्यंजनों तक, यहां अल-सुवेदी पार्क दो से 10 नवंबर तक एक जीवंत 'मिनी इंडिया' में तब्दील हो गया। 'वैश्विक सद्भाव' पहल के दूसरे संस्करण के तहत इसका आयोजन सऊदी अरब के मीडिया मंत्रालय और सामान्य मनोरंजन परिषद (जीईए) द्वारा किया गया। पार्क में यह कोई सामान्य दिन नहीं था क्योंकि कार्यक्रम में गायिका कनिका कपूर और रैपर एमसी स्टेन के प्रदर्शन के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय लोक नृत्यों की रंगारंग परेड ने जान डाल दी, जिसमें भारी भीड़ और उत्साही भागीदारी देखने को मिली। भांगड़ा की ऊर्जावान धुनों पर थिरकते कलाकारों, रंगारंग राजस्थानी लोक नृत्य और गुजराती गरबा की धूम ने भारतीय प्रवासियों को घर जैसा अहसास कराया जबकि सउदी के लोगों के लिए भी यह एक शानदार अनुभव रहा।

## ऑफ बीट

# मगरमच्छ के 5.5 साल पुराने अंडे के खोल मिले



दक्षिण-पूर्व क्वींसलैंड में ब्रिस्बेन से लगभग 250 किलोमीटर दूर मुरगॉन नामक छोटा शहर स्थित है। देश की यह बस्ती लगभग 2,000 लोगों की आबादी का घर है और दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण जीवाश्म स्थलों में से एक मानी जाती है। पिछले कुछ दशकों में जीवाश्म वैज्ञानिकों ने मिट्टी के भीतर 5 .5 करोड़ साल पुराने कई महत्वपूर्ण अवशेष खोजे हैं। इनमें दुनिया के सबसे पुराने, गाने वाले पक्षियों के जीवाश्म, ऑस्ट्रेलिया में पाए गए केवल ज्ञात सैलामेंडर के जीवाश्म और ऑस्ट्रेलिया के सबसे पुराने मार्सुपियल जीवाश्म शामिल हैं। हाल ही में 'जर्नल ऑफ वर्टिब्रेट पैलेन्टोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया में अब तक के सबसे पुराने मगरमच्छ के अंडे के खोल खोजने की जानकारी दी है। अंडे के ये खोल अब एक नए प्रकार के अंडे की पहचान के लिए आधार बन गए हैं, जिसे 'वक्काऊलिथस गॉडथेल्पी' नाम दिया गया है। ये अब विलुप्त हो चुके मेकोसुकाइन मगरमच्छ समूह के सबसे पुराने ज्ञात सदस्य से संबंधित हैं। यह खोज उनके विकास और उन जंगल-पथ वाले दलदली क्षेत्रों की जानकारी देती है जिनमें वे रहते थे।

# गिरिराज ने एनडीए की जीत का भरोसा जताया, उधर तेजस्वी बोले लिख लीजिए- मैं ही बनूंगा मुख्यमंत्री

एजेंसी ⏭ पटना

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल-कांग्रेस गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गठबंधन में आंतरिक कलह और नेताओं के बीच भ्रष्टाचार व्याप्त है। सिंह ने कहा कि गुजरात के अलावा, बिहार में 20 साल बाद भी मौजूदा सरकार के पक्ष में माहौल है। इस बार का स्ट्राइक रेट 2010 से ज़्यादा होगा क्योंकि महिलाएं इस सरकार को लेकर काफ़ी उत्साहित थीं। विपक्ष अपनी मनगढ़ंत बातें गढ़ रहा है,उन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, वे भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और ज़मानत पर हैं? राहुल गांधी को डूब मरना चाहिए, वे लगभग 30 चुनाव हार चुके हैं। अगर वे जीतते हैं, तो वे राहुल की तारीफ़ करते हैं, अगर हारते हैं, तो वे चुनाव आयोग को दोष देते हैं और रोते हैं।

अब यहां सरकार बनाने के लिए किए जा रहे अपने अपने दावे

गिरिराज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि महागठबंधन में आंतरिक कलह और नेताओं के बीच भ्रष्टाचार व्याप्त

विपक्ष केवल मनगढ़ंत बातें कर रहा उन पर भ्रष्टाचार के आरोप


केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह

### महागठबंधन को कौन वोट देगा?

गठबंधन के 'परिवारवाद' पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आप एग्जिट पोल पर विश्वास करें या न करें, लेकिन उन्हें (महागठबंधन को) वोट कौन देगा? बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और आखिरी चरण के मतदान के बाद, जारी किए गए कई एग्जिट पोल में भविष्यवाणी की गई थी कि सत्तारूढ़ एनडीए बिहार में फिर से सरकार बनाने की ओर अग्रसर है, जबकि 243 सदस्यीय राज्य विधानसभा में महागठबंधन बहुमत के आंकड़े से दूर रह जाएगा।

भाजपा अध्यक्ष जायसवाल बोले

## राहुल किसी भी क्षेत्रीय पार्टी को बर्दाश्त नहीं कर सकते

एग्जिट पोल पर बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने खूब तरक्की की है। जनता ने पीएम मोदी की गारंटी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के विकास मॉडल के पक्ष में वोट दिया है। जनता को भरोसा है कि बिहार का भविष्य पीएम मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार के हाथों में सुरक्षित है। महागठबंधन में आरजेडी और कांग्रेस के रिश्ते जगजाहिर हैं। राहुल गांधी किसी भी क्षेत्रीय पार्टी को बर्दाश्त नहीं कर सकते। जनता फिर से एनडीए सरकार बना रही है।



## सबसे पहले अनंत का होगा फैसला व दीघा का अंत में

पटना जिले की 14 विधानसभा क्षेत्रों की बात करें तो सबसे कम 342 बूथों वाले मोकामा विधानसभा सीट का परिणाम सबसे पहले आ सकता है। यहां 25 राउंड की गिनती होगी। 25 राउंड की गिनती बाढ़, बख्तियारपुर में भी होगी, लेकिन यहां के बूथ क्रमशः 349 और 351 हैं। सर्वाधिक बूथ शहरी क्षेत्र के दीघा विधानसभा सीट पर हैं। यहां 35 राउंड में 501 मतदान केंद्रों में पड़े वोटों की गिनती होगी।



**अनंत ने की 25 हजार लोगों के लिए भोज की तैयारी**

चुनाव की मतगणना से पहले ही मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जेडीयू उम्मीदवार और बाहुबली नेता अनंत कुमार सिंह के समर्थकों ने जीत का दावा ठोक दिया है। समर्थक अब विजय जुलूस और भव्य भोज की तैयारी में जुट गए हैं। 25 हजार लोगों को भोज की तैयारी चल रही है।

एग्जिट पोल को दरकिनार कर तेजस्वी बोले

## महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलेगा इस बार प्रदेश में सरकार बदल जाएगी



चुनाव को लेकर जारी एग्जिट पोल भले ही अलग-अलग नतीजे दिखा रहे हों, लेकिन महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरा तेजस्वी यादव ने सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने इस बार पूरी मजबूती से बदलाव के पक्ष में मतदान किया है और महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलने जा रहा है। तेजस्वी ने कहा कि बिहार की जनता का आशीर्वाद हमें मिल चुका है।

आप लोग मेरी बात लिख लीजिए, 14 नवंबर को मैं मुख्यमंत्री बनने जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि इस बार लोगों का उत्साह और समर्थन 1995 से भी बेहतर देखने को मिला है।

जनता ने भारी मतदान कर मौजूदा सरकार के खिलाफ वोट दिया है। स्पष्ट जनादेश है कि अब बिहार में बदलाव तय है। तेजस्वी ने एग्जिट पोल पर कहा कि हमने पहले भी कहा था कि 14 तारीख को नतीजे होंगे और 18 को शपथ ग्रहण होगा। यह निश्चित तौर पर होने जा रहा है। भाजपा और एनडी के पसीने छूट रहे हैं। वे लोग बौखलाहट में हैं और बेचैन हैं। वोटिंग के दौरान लोग बड़ी कतारों में खड़े थे। इस तरह के सर्वे को लेकर हम न किसी खुशफहमी में रहते हैं और न ही गलत फहमी में रहते हैं।

### ज्यादा वोट बदलाव के लिए पड़े

तेजस्वी ने कहा कि वे सबसे पहले सभी सहयोगी दलों, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का दिल से आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया। लोगों ने बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट दिया है और आने वाला परिणाम बिहार की नई दिशा तय करेगा। तेजस्वी ने कहा कि 2020 की अगर तुलना इस बार से की जाए तो 72 लाख लोगों ने ज्यादा मतदान किया है। ये मत बदलाव के लिए पड़े हैं।

### वे वोटों की गिनती को धीमा करने के सभी प्रयास करेंगे

तेजस्वी ने कहा कि इस बार वे वोटों की गिनती को धीमा करने के सभी प्रयास करेंगे। वे जिला मुख्यालयों में भय पैदा करेंगे। वे वहां कुछ नहीं करेंगे जहां बम विस्फोट होता है। 2020 के चुनावों में भी लोगों ने बदलाव के लिए वोट दिया था। हमारे लोग डरेंगे नहीं। वे वोट चोरी रोकेंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और जो भी बलिदान देने की जरूरत होगी, करेंगे। लेकिन इस बार बेईमानी नहीं होने दी जाएगी।

## सुरक्षा बलों की निगरानी में ईवीएम



बिहार विधानसभा चुनाव के लिए दोनों चरणों का मतदान होने के बाद अब सभी की निगाहें स्ट्रांग रूम पर हैं। हर जिले के स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सुरक्षा बलों की निगरानी में है। 14 नवंबर को मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम में प्रत्याशी-प्रतिनिधि पहुंचेंगे और उनके सामने काउंटिंग से जुड़े पदाधिकारी ईवीएम की सील खोलकर गणना शुरू करेंगे। बिहार चुनाव के एग्जिट पोल में उम्मीद के अनुसार लगभग सभी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की वापसी के संकेत दिए हैं, लेकिन फैसला तो 14 नवंबर को ही सामने आएगा। मतगणना में इस बार पहले सभी पोस्टल बैलेट की गिनती की जानी है। उसके बाद ईवीएम खोली जाएगी। जहां बूथों की संख्या कम रही है, उसके परिणाम पहले आ सकते हैं। हर विधानसभा में एक राउंड में 14 ईवीएम की गिनती होगी।

## बिहार में सबसे पहले बरबीघा गौड़ाबौराम की गिनती होगी

बिहार में शेखपुरा जिले की बरबीघा सीट पर सबसे पहले परिणाम आने की उम्मीद है। पिछली बार यहां महज 113 मतों से जीत-हार का फैसला हुआ था। बरबीघा में 275 बूथ हैं। यहां महज 20 राउंड में गिनती पूरी हो जाएगी। इसके बाद दरभंगा की गौड़ाबौराम सीट पर 21 राउंड में 296 बूथों की मतगणना होगी। कम बूथों वाली विधानसभा सीटों की बात करें तो इनके बाद कुशेश्वरस्थान, मखदुमपुर, अलौली, खगड़िया, केसरिया, शेखपुरा, लौरिया, मधुबन, बिहपुर, जीरादेई, गोपालपुर, मोहिउद्दीननगर, अरवल आदि हैं।

## नीतीश ने धार्मिक स्थलों पर दर्शन किए, गुरुद्वारे में मत्था टेका



बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान समाप्त होने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को पटना में विभिन्न धार्मिक स्थलों पर दर्शन किए। उन्होंने दरगाह, मंदिर और गुरुद्वारे में मत्था टेका तथा राज्य में शांति एवं सद्भाव की कामना की।

## खबर संक्षेप

### भरूच में बॉयलर फटने से 2 मजदूरों की मौत

**भरूच।** गुजरात के भरूच जिले में एक दवा फैक्टरी में बॉयलर फटने और उसके बाद आग लगने से 2 श्रमिकों की मौत हो गई है। हादसे में 20 कर्मियों के घायल होने की सूचना है। यह घटना सायखा जीआईडीसी इलाके में स्थित फैक्ट्री में तड़के करीब 2.30 बजे हुई। कलेक्टर ने कहा कि बॉयलर विस्फोट से आग लगी। अधिकारी जांच में जुट गए हैं।



### उत्तराखंड में लागू होगी देवभूमि परिवार योजना

**देहरादून।** उत्तराखंड में देवभूमि परिवार योजना लागू होगी। देवभूमि परिवार योजना के तहत उत्तराखंड में रह रहे परिवारों की आईडी बनेगी। प्रदेश कैबिनेट की हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।



### कार से ढाई किलो गांजा 91 हजार रुपए जब्त

**प्रतापगढ़।** पुलिस ने अमुवाही मोड़ के पास बिना नंबर प्लेट की बोलेरो से ढाई किलो गांजा बरामद किया। साथ ही, 91,600 रुपए की नकदी भी जब्त की। तस्कर जय सिंह और संजय शुक्ला गिरफ्तार किए गए, जिन पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। वे बिहार और ओडिशा से गांजा मंगवाकर आसपास सप्लाई किया करते थे।



### आप ने की 'रोजगार सामाजिक न्याय यात्रा'

**अयोध्या।** आप ने उत्तर प्रदेश में नई राजनीतिक मुहिम की शुरुआत की है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को सरयू घाट से रोजगार और सामाजिक न्याय यात्रा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यात्रा पूरे प्रदेश में जनता को जागरूक करने का अभियान होगी, जिसमें रोजगार, किसान और सामाजिक न्याय के मुद्दे होंगे।



पीएम मोदी ने कालचक्र अभिषेक समारोह का किया उद्घाटन

# खुद को बताया सौभाग्यशाली, भारत-भूटान संबंधों को मजबूती देने के प्रयासों को सराहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने 2 दिनी भूटान दौरे के दूसरे दिन बुधवार को कालचक्र अभिषेक का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने खुद को सौभाग्यशाली बताया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उद्घाटन कार्यक्रम की तस्वीर पोस्ट की। तस्वीर में पीएम मोदी भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, चतुर्थ नरेश के साथ नजर आए। उन्होंने लिखा कि भूटान के राजा महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और महामहिम चतुर्थ नरेश के साथ कालचक्र 'समय का चक्र' अभिषेक का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसकी अध्यक्षता परम पावन जे खेंपो ने की, जिसने इसे और भी विशेष बना दिया।उन्होंने लिखा कि यह दुनिया भर के बौद्धों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है जिसका सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है। कालचक्र अभिषेक चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव का एक हिस्सा है, जिसने बौद्ध धर्म के भक्तों और विद्वानों को भूटान में एक साथ लाया है।

पीएम मोदी ने एक्स पर कार्यक्रम की तस्वीर पोस्ट की

यह दुनिया भर के बौद्धों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान


'कालचक्र अभिषेक' समारोह के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक के साथ

**भूटान के प्रधानमंत्री तोबगे ने 'एक्स' पर लिखा यह संदेश**

भूटान के प्रधानमंत्री छेरिंग तोबगे ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र कालचक्र अभिषेक का उद्घाटन और आशीर्वाद दिया, जो आज चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के एक भाग के रूप में शुरू हुआ।

## भूटान के चौथे नरेश जिग्मे से की थी मुलाकात

इससे पहले पीएम मोदी ने थिम्पू में भूटान के चौथे नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात की थी। उन्होंने मुलाकात की तस्वीर 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए बताया कि चतुर्थ नरेश के साथ एक अच्छी बैठक हुई।

**कई क्षेत्रों में मदद करेंगे**

भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में उनके व्यापक प्रयासों की सराहना की। ऊर्जा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी में सहयोग पर चर्चा हुई। गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना की प्रगति की सराहना की, जो हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप है।

### चौथे नरेश ने आधुनिकीकरण और एकता को मजबूत किया

जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने भूटान के चौथे नरेश के रूप में कार्य किया। उनका शासनकाल 1972 से 2006 तक चला और उन्हें भूटान के सबसे दूरदर्शी और प्रिय राजाओं में से एक माना जाता है। उनके नेतृत्व में, भूटान का आधुनिकीकरण हुआ, राष्ट्रीय एकता मजबूत हुई और एक अद्वितीय सुख-आधारित दर्शन अपनाया गया जिसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली।

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से युवा उत्साहित

## रोजगार की चाह रखने वाले युवा सामने आए, 57 हजार से ज्यादा जुड़े

**देहरादून।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन , क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून की ओर से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, जन-जागरुकता और हितधारकों के साथ संवाद को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में नियोक्ताओं ने भाग लिया और योजना को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। ईपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में योजित सेमिनार का उद्घाटन एसके संगमा, अतिरिक्त केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त (मुख्यालय), दिल्ली एवं उत्तराखंड ने किया। उन्होंने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की रूपरेखा, उद्देश्यों और प्रोत्साहन तंत्र की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह योजना देश में नए रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने और युवाओं को औपचारिक रोजगार क्षेत्र से जोड़ने की दिशा में अहम पहल है। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को मजबूती मिलेगी।

### कार्यालय ने दी विस्तृत जानकारी

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून की ओर से एक विस्तृत वीडियो प्रस्तुति और पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें योजना की पृष्ठभूमि, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, लाभ की शर्तें, पोर्टल पर पंजीकरण की विधि आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई।

### 14,538 नए और 43,271 पुनः जुड़े सदस्य

देहरादून क्षेत्र में अब तक 1,163 प्रतिष्ठान इस योजना से जुड़ चुके हैं, जिनमें 14,538 नए सदस्य (पहली बार) और 43,271 पुनः जुड़ने वाले सदस्य शामिल हैं। विश्वजीत सागर, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-एक ने योजना के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं को सरल भाषा में समझाया।

सीतारमण ने की प्रतिनिधियों से मुलाकात

# अधिकारियों संग बजट के इनपुट के लिए चर्चा की


एमएसएमई के प्रतिनिधियों के साथ वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को तीसरी प्री-बजट बैठक की अध्यक्षता की और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रतिनिधियों के साथ आगामी बजट के इनपुट के लिए चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह बैठक आने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर थी। वित्त मंत्री मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण ने आने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रतिनिधियों के साथ तीसरी प्री-बजट बैठक की नई दिल्ली में अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। प्री-बजट चर्चा के तहत सरकार आने वाले बजट के इनपुट के लिए इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों और अन्य पक्षकारों के साथ लगातार बैठक कर रही है। इससे पहले वित्त मंत्री ने किसान संगठनों और कृषि सेक्टर से जुड़े अर्थशास्त्रियों के साथ प्री-बजट बैठक की थी।

### विकास और सुधार में तेजी पर दिया बल

एसोचैम की रिपोर्ट के अनुसार सभी राज्यों में एमएसएमई के लिए निवेश माहौल सुधारने में डिजिटलाइजड और समयबद्ध सिंगल विंडो क्लियरेंज सिस्टम एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। रिपोर्ट में व्यावसायिक नियमों को सरल बनाने, अनुमोदन प्रणालियों में सुधार लाने और भारत के एमएसएमई के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुधारों में तेजी लाने की आवश्यकता जताई गई है। रिपोर्ट में कंपनी अधिनियम के तहत अनुपालन को आसान बनाने के लिए पंजीकृत एमएसएमई के लिए द्विवार्षिक या त्रैवार्षिक फाइलिंग साइकिल शुरू करने का भी सुझाव दिया गया है।

### अर्थशास्त्रियों के साथ कर चुकीं बैठक

इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए देश के बड़े अर्थशास्त्रियों के साथ पहली प्री-बजट बैठक की थी। इस बैठक में मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के साथ आर्थिक मामलों का विभाग (डीईए) से कई वरिष्ठ अधिकारी और कई अर्थशास्त्री शामिल हुए।

केंद्रीय राज्यमंत्री नाइक ने कहा

## भारत 2030 तक वैश्विक हरित हाइड्रोजन मांग का 10 फीसदी हिस्सा पाने की राह पर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री श्रीपद वाई. नाइक ने बुधवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रीन हाइड्रोजन पर तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीजीएच 2025) में उच्च स्तरीय संबोधन के दौरान कहा कि भारत 2030 तक वैश्विक ग्रीन हाइड्रोजन मांग का 10 प्रतिशत हिस्सा हासिल करने की राह पर है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन दुनिया में सबसे साहसिक और तेज़ परिवर्तनों में से एक है, देश 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता और 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की स्थापित गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता लगभग 260 गीगावाट तक पहुंच गई है, जिसमें सौर और पवन ऊर्जा का योगदान है। उन्होंने कहा, इस मज़बूत नवीकरणीय आधार ने अब भारत को अगला निर्णायक कदम- हरित हाइड्रोजन क्रांति- उठाने के लिए सशक्त बनाया है, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा को स्वच्छ अणुओं में परिवर्तित किया जा सके।



मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का काम हो गया और तेज

# 2027 में बुलेट ट्रेन दौड़ाने की तैयारी, पहली बार पीएम करेंगे सवारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट काम तेजी से चल रहा है। 2027 में सूरत और बिलीमोरा के बीच बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी है। इस बीच प्रधानमंत्री पहली बार ग्राउंड पर पहुंचकर प्रोजेक्ट का जायजा लेंगे। पीएम 15 नवंबर को सूरत के अत्रोली बन रहे हाई स्पीड बुलेट रेल स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। पीएम के निरीक्षण को लेकर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन, रेलवे और स्थानीय प्रशासन तैयारियों में जुटे हैं। प्रोजेक्ट के शिलान्यास के बाद पहली बार पीएम इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण करेंगे।



बुलेट ट्रेन का मॉडल

## सूरत और बिलीमोरा के बीच बुलेट ट्रेन चलेगी

### समीक्षा बैठक की भी अटकलें

पीएम मोदी सूरत से बिलिमोरा के बीच वर्ष 2027 तक बुलेट ट्रेन की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक भी कर सकते है। अंत्रोली बुलेट ट्रेन स्टेशन 3 स्तरों पर तैयार किया जा रहा है। इनमें भूतल, कॉनकोर्स लेवल और रेल लेवल शामिल है। भूतल पर पार्किंग, पिंक एंड ड्राप वे, सुरक्षा जांच, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी सुविधाएं होगी। कॉनकोर्स स्तर पर प्रतीक्षा लाउंज, शौचालय, कियोस्क और टिकट काउंटर बनाए जा रहे है।

### स्टेशन की ये होंगी खासियतें

सूरत-बारडोली रोड के पास अंत्रोली गांव में स्थित यह बुलेट ट्रेन का स्टेशन कई परिवहन के साधनों से भी जुड़ा है। इस प्रस्तावित बुलेट ट्रेन स्टेशन से प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन 280 मीटर, बीआरटीएस बस स्टॉप 330 मीटर, सूरत रेलवे स्टेशन 11 किलोमीटर, सूरत सिटी बस स्टैंड 10 किमी और चलथान रेलवे स्टेशन 5 किमी दूर स्थित है। स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग मानकों पर तैयार किया जा रहा है। यहां वर्षा जल संचयन,कम जल खपत वाले फिटिंग, स्काई लाइट्स और प्राकृतिक वेंटिलेशन की व्यवस्था की गई है। स्टेशन के अग्रभाग और आंतरिक डिजाइन में सूरत के हीरा उद्योग की झलक देखने को मिलेगी। यह स्टेशन विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ हाई स्पीड रेल का अनुभव देगा।

**2027 में सूरत से बिलिमोरा के बीच होगा ट्रायल रन**

508 किलोमीटर लंबे अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का शिलान्यास 14 सितंबर को प्रधानमंत्री और जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने किया था। कोविड-19 के कारण इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य शुरू होने में देरी हुई। फरवरी 2021 में इसके निर्माण कार्य ने तेजी पकड़ी। पीएमओ लगातार इस प्रोजेक्ट की प्रगति की मॉनिटरिंग करता रहा है।

इस दौरान फाइटर जेट जगुआर और सुखोई-30 ने भारत माला एक्सप्रेस वे-925ए की 3 किलोमीटर लंबी आपातकालीन एयर स्ट्रिप पर लैंडिंग और टेकऑफ कर अपनी सामरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके पहले सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट ने टच-एंड-गो अभ्यास किया

## थार में दिखी भारत की त्रिशूल शक्ति, जैसलमेर जिले के सियालो का तला क्षेत्र में युद्धाभ्यास

# मरु ज्वाला अभ्यास में दिखा युद्ध कौशल का गजब अंदाज

एजेंसी ▶▶ बाड़मेर

पश्चिमी राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों में मंगलवार का दिन युद्ध जैसी स्थितियों से भरा रहा। जैसलमेर, जालौर और बाड़मेर जिलों में थल सेना और वायुसेना के जांबाजों ने अपने संयुक्त सैन्य अभ्यासों के दौरान जबरदस्त युद्ध कौशल और समन्वय का प्रदर्शन किया। आसमान में धमाकों की गूंज और जमीन से उठते धुएं व रेत के गुब्बारों ने मानो वास्तविक युद्ध का अहसास करा दिया।

जैसलमेर जिले के सियालो का तला क्षेत्र में सेना के जवानों ने युद्ध जैसे दृश्य का निर्माण किया। इस दौरान अभ्यास में दिखाया गया कि दुश्मन सैनिकों ने भारत की अग्रिम चौकियों पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद भारतीय थल और वायु सेना ने जवाबी हमला कर उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। यह प्रदर्शन 'ऑपरेशन त्रिशूल' के समापन के तहत किया गया।



दक्षिणी कमान के कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ के साथ सैनिक


12500 फीट की ऊंचाई से पैराट्रूपिंग कर उतरे सैनिक, रोबोट डॉग भी हुए शामिल

### पैराट्रूपर्स ने दिखाया दम

मरु ज्वाला अभ्यास के दूसरे चरण में टैंकों से दागे गए गोलों ने दुश्मन के ठिकानों को पलक झपकते ही तबाह कर दिया। करीब 12,500 फीट की ऊंचाई से पैराट्रूपिंग कर उतरे सैनिकों ने गोलों और बमों की बरसात कर दुश्मनों को निष्क्रिय किया। सेना की सेवन पैरा टीम के जवानों ने यह साबित किया कि भारतीय सेना के लिए जल, थल और नभ तीनों ही मार्गों में कोई भी बाधा दुर्गम नहीं है। वायुसेना के सी-295 परिवहन विमान से पैराकमांडो ने ऊंचाई से पैराशूट के सहारे छलांग लगाकर वॉर जोन में उतरने का अद्भुत प्रदर्शन किया।


सी-295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट भारत माला एक्सप्रेस वे पर उतरा

### वायुसेना ने किया 'महा गजराज' अभ्यास

इसी दिन सीमांत जालौर जिले के चितलवाना और बाड़मेर के बाखासर क्षेत्र में भारतीय वायुसेना ने 'महा गजराज' नाम से विशेष युद्धाभ्यास किया। इस दौरान फाइटर जेट जगुआर और सुखोई-30 ने भारत माला एक्सप्रेस वे-925ए की 3 किलोमीटर लंबी आपातकालीन एयर स्ट्रिप पर लैंडिंग और टेकऑफ कर अपनी सामरिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

### देशभक्ति के जोश से गूंजे इलाके

विंग कमांडर देवेंद्र पांडे ने बताया कि यह अभ्यास साउथ-वेस्टर्न कमांड के तहत आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आपातकालीन एयर लैंडिंग फील्ड की वैधता और उपयोगिता को परखना था। फाइटर विमानों की गर्जना से आसमान गूंज उठा और आसपास मौजूद लोगों के चेहरों पर देशभक्ति का उत्साह झलकने लगा।

---

## खबर संक्षेप

### पेरू में बस खाई में गिरी 37 यात्रियों की मौत

**लीमा।** दक्षिणी पेरू में बुधवार को एक यात्री बस एक अन्य वाहन से टकराने के बाद 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई, जिसमें कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि बस एक पिकअप ट्रक से टकरा गई और एक मोड़ पर सड़क से उतरकर 200 मीटर (650 फीट से ज्यादा) नीचे ओकोना नदी के किनारे जा गिरी। बस दक्षिणी पेरू के एक खनन क्षेत्र चाला शहर से रवाना हुई थी और अरेक्विपा शहर जा रही थी। पेरू में अगस्त में एक बस के पलटने से 10 की और जुलाई में बस पलटने से 18 लोगों की मौत हो गई थी



### तुर्किये का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, 20 की मौत

**अंकारा।** तुर्किये के रक्षा मंत्री यासर गुलर ने बुधवार को घोषणा की कि जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त हुए एक सैन्य मालवाहक विमान में सवार सभी 20 कर्मियों की मौत हो गई। यह सी-130 विमान अजरबैजान से उड़ान भरने के बाद तुर्किये लौट रहा था जब मंगलवार को यह जॉर्जिया के सिघनागी नगरपालिका क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जो अजरबैजान की सीमा के पास है। विमान दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।



## आतंकी नेटवर्क पर सुरक्षा एजेंसियों की करारी चोट

# जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ कार्रवाई, 300 से अधिक ठिकानों पर छापे, डॉ. हिरासत में

*सीएएसओ अभियानों के तहत जेकेएनओपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लगभग 500 व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, जिनमें से कई को प्रतिबंधात्मक कानूनों के तहत जिला जेल मट्टन, अनंतनाग में स्थानांतरित कर दिया गया है*

**400 से अधिक ठिकानों पर घेरेबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया जा रहा**

**शोपियां, कुलगाम, पुलवामा, बारामूला और गांदरबल जिलों में छापे मारे**

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी और घाटी में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) से संबद्ध लोगों से जुड़े 300 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर ये छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि शोपियां, कुलगाम, पुलवामा, बारामूला और गांदरबल जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे गए। उन्होंने बताया कि जेईआई सदस्यों और उनके सहयोगियों के आवासों और परिसरों पर भी छापेमारी की गई। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में 200 से अधिक स्थानों पर छापे मारे गए। उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' पाकिस्तान से जम्मू-कश्मीर में सक्रिय 'जम्मू-कश्मीर नेशनल्स ऑपरेटिंग' सक्रिय/ मारे गए आतंकवादियों के ठिकानों पर 400 से अधिक 'घेरेबंदी एवं तलाशी अभियान' चलाए गए हैं। ओवरग्राउंड वर्कर्स का मतलब उन व्यक्तियों से है जो आतंकवादियों को साजो-सामान उपलब्ध कराते हैं एवं उन्हें गुप्त मदद करते हैं।


जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के ठिकानों पर तलाशी लेती शोपियां पुलिस

### बीरभूम में 20 हजार जिलेटिन छड़ें बरामद

पश्चिम बंगाल पुलिस ने बीरभूम जिले से 20 हजार जिलेटिन छड़ें बरामद की हैं। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक मिलने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या इन दोनों घटनाओं में कोई कनेक्शन है और क्या आतंकी दिल्ली की तरह ही बंगाल को भी दहलाने की साजिश रच रहे थे? पुलिस ने बताया कि 50 बैग में भरकर 20 हजार जिलेटिन छड़ों को एक पिक अप वैन से जब्त किया गया। यह वैन पड़ोसी राज्य झारखंड के पाकुड़ से बंगाल जा रही थी। मंगलवार की रात बीरभूम में सुल्तानपुर नलहाटी रोड पर पुलिस ने जांच के दौरान इस पिकअप वैन को पकड़ा। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।


पिकअप वैन में रखीं जिलेटिन की छड़े

### 500 व्यक्तियों से की पूछताछ

अधिकारियों ने बताया कि इन अभियानों के तहत जेकेएनओपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े लगभग 500 व्यक्तियों से पूछताछ की गई है, जिनमें से कई को प्रतिबंधात्मक कानूनों के तहत जिला जेल मट्टन, अनंतनाग में स्थानांतरित कर दिया गया है। छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक सामग्री और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए, तथा कई जेईआई सदस्यों से पूछताछ की गई और आतंकवाद को सहायता देने वाले नेटवर्क का पता लगाने और उसे नष्ट करने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### सीआईडी की टीम कर रही जांच

वहीं, कुलगाम निवासी एक और डॉक्टर को सीआईडी श्रीनगर ने पिछली रात हिरासत में लिया। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टर ने लगभग तीन साल पहले नौकरी छोड़ दी थी। हाल ही में उसने दो-तीन निजी गाड़ियां खरीदी हैं। सीआईडी की टीम ने जांच के लिए डॉक्टर हिरासत को में लिया है।

### डॉ. परवेज से ओएलएक्स पर हुई कार डील

लखनऊ के डॉ. परवेज के घर पर हुई एटीएस की छापेमारी में बरामद सफेद रंग की आल्टो कार सहारनपुर के एक युवक के नाम पर निकली है। दिल्ली ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार डॉ. शाहीन के भाई डॉ. परवेज आलम का नाम भी चर्चा में है। एटीएस ने लखनऊ में उसके घर पर छापेमारी की, जहां बाहर खड़ी एक सफेद आल्टो कार (यूपी 11 बीडी 3563) भी जांच में शामिल है। इस कार पर इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, गुड़म्बा-लखनऊ का गेट पास लगा मिला, जिससे शक और गहरा गया। जांच में पता चला है कि लखनऊ के डॉक्टर परवेज की आल्टो कार, सहारनपुर के गांव चकदेवली निवासी शोएब के नाम पर रजिस्टर्ड थी।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी की वीसी बोलीं

# बम धमाकों से जुड़े डॉक्टरों का विवि से कोई संबंध नहीं


अल फलाह यूनिवर्सिटी, धौज, फरीदाबाद

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

यूपी एटीएस और दिल्ली स्पेशल सेल की टीम अल फलाह यूनिवर्सिटी परिसर में जांच कर रही है। वहीं, अल-फलाह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. भूपिंदर कौर आनंद ने एक बयान जारी किया। जिसमें उन्होंने कहा है कि हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम से व्यथित हैं और इसकी निंदा करते हैं। हमें यह भी पता चला है कि हमारे दो डॉक्टरों को जांच एजेंसियों ने हिरासत में लिया है। विश्वविद्यालय का इन व्यक्तियों से कोई संबंध नहीं है, सिवाय इसके कि वे विश्वविद्यालय में अपनी आधिकारिक क्षमता में काम कर रहे हैं। हम ऐसे सभी झूठे और अपमानजनक आरोपों की कड़ी निंदा करते हैं और उनका स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं।


कुलपति प्रो. डॉ. भूपिंदर कौर आनंद

### 1995 में हुई थी स्थापना

हरियाणा में फरीदाबाद जिले में स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय 'सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल' और दिल्ली के लाल किले के पास हुए उच्च तीव्रता वाले विस्फोट के सिलसिले में तीन चिकित्सकों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में है। जवाद अहमद सिद्दीकी को अल-फलाह विश्वविद्यालय का चांसलर (कुलाधिपति) और अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट का चेयरमैन व प्रबंध न्यासी (मैनेजिंग ट्रस्टी) बताया गया है। इस विश्वविद्यालय का प्रबंधन अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जाता है जिसकी स्थापना 1995 में हुई थी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) यांगचेन डोलकर भूटिया ने बताया कि हमें मीडिया की खबरों के माध्यम से सिद्दीकी के महू के कथित मूल निवास के बारे में जानकारी मिली है। इस सिलसिले में जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### जांच में कर रहे सहयोग

डॉ. आनंद ने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं का उपयोग केवल और केवल एमबीबीएस छात्रों और अन्य अधिकृत पाठ्यक्रमों की शैक्षणिक और प्रशिक्षण आवश्यकताओं के लिए किया जाता है। विश्वविद्यालय संबंधित जांच अधिकारियों को अपना पूरा सहयोग दे रहा है राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामले में तार्किक, निष्पक्ष और निर्णायक निर्णय पर पहुंच सकें। डॉ. आनंद ने कहा कि विश्वविद्यालय संबंधित जांच अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मामले में तार्किक, निष्पक्ष और निर्णायक निर्णय पर पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए अपना पूरा सहयोग दे रहा है।

---

## अमेरिका के दौरे पर नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश

# आपसी विश्वास और साझा मूल्यों से समुद्री सहयोग को 'मजबूती' देने का करेंगे प्रयास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी बुधवार से अमेरिका की छह दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए हैं। जिसका उद्देश्य भारत-अमेरिका की नौसेनाओं के बीच आपसी विश्वास और साझा मूल्यों पर आधारित मजबूत, दीर्घकालिक स्थायी समुद्री साझेदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करना है। साथ ही इसके जरिए एक स्वतंत्र, खुले हुए, समावेशी और नियम आधारित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण को अमलीजामा पहनाने को लेकर भारत की प्रतिबद्धता भी रेखांकित होती है। एडमिरल त्रिपाठी की यह यात्रा 12 नवंबर से शुरू होगी और 17 नवंबर को समाप्त होगी। वे अमेरिका के युद्ध विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, नौसैन्य अधिकारियों, अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे. पापारो और प्रशांत बेड़े के कमांडर एडमिरल स्टीफन टी. कोहलर से मुलाकात करेंगे।


एडमिरल दिनेश त्रिपाठी

### यात्रा से होगा यह लाभ


*नौसेना के प्रवक्ता कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि दोनों देशों की रक्षा साझेदारी का एक प्रमुख स्तंभ समुद्री साझेदारी है। यात्रा दोनों समुद्री बलों के बीच जारी समुद्री सहयोग की समीक्षा करने, परिचालन संबंधों को बढ़ाने, सूचना साझा करने और समुद्री क्षेत्र जागरूकता के तंत्र को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करेगी। नौसेना प्रमुख अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी नौसेना के प्रमुख संस्थानों और परिचालन कमांडों के साथ भी बैठकें करेंगे। उनकी चर्चाओं में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा समुद्री प्राथमिकताओं और संयुक्त समुद्री बल पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।*

## एच1बी वीजा को लेकर ट्रंप के रुख में नरमी बोले

# अमेरिका के पास प्रतिभा की कमी विदेशों पर निर्भरता रखना जरूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एच1बी वीजा की फीस को कई गुना बढ़ाकर 1 लाख डॉलर तक पहुंचाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार अपने खुद के देश की जमीनी सच्चाई को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास आवश्यकता के मुताबिक पर्याप्त प्रतिभा की कमी है, जिसकी वजह से हमें इसकी पूर्ति दुनिया के बाकी देशों से करनी पड़ती है। बता दें, अमेरिका में आने वाले वक्त में चुनावों की आहट भी सुनाई देनी वाली है। जिसे देखते अमेरिका के राष्ट्रपति ने एच1बी वीजा को लेकर यूटर्न लिया है। ट्रंप ने कहा कि यूएस में कुछ विशेष क्षेत्रों के लिए पर्याप्त प्रतिभा नहीं है। जिसके चलते हमें विदेशों पर निर्भरता रखनी पड़ती है। ये खासतौर पर निर्माण और रक्षा जैसे कुछ ऐसे विशेष क्षेत्र हैं, जिनके लिए अमेरिका को विशेषज्ञों की जरूरत पड़ती है। इन लोगों को देश के अंदर यानी घरेलू स्तर पर तुरंत तैयार नहीं किया जा सकता है।


राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

## जी7 की बैठक में हिस्सा लेने कनाडा पहुंचे एस. जयशंकर

# रणनीतिक साझेदारी और तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर की कई विदेश मंत्रियों से बातचीत

एजेंसी ▶▶ नियाग्रा

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए कनाडा पहुंच गए हैं। कनाडा के नियाग्रा में भारतीय विदेश मंत्री ने विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों से द्विपक्षीय मुलाकात की और विभिन्न देशों के साथ सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। जयशंकर ने कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद के साथ भी द्विपक्षीय मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिलकर खुशी हुई।


कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात करते हुए डॉ. एस. जयशंकर

### मैक्सिको के साथ व्यापार बढ़ाएगा भारत

*जयशंकर ने मैक्सिको के विदेश मंत्री डॉ. जुआन रामोन डे ला फुएंते से व्यापार, वाणिज्य, स्वास्थ्य एवं फार्मास्यूटिकल्स, तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हमारे सहयोग को और आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।*

### भारत-ईयू के संबंध मजबूत होंगे

*जयशंकर ने बताया कि जर्मनी के विदेश मंत्री के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने, भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों को मजबूत करने और पश्चिम एशिया, अफगानिस्तान और हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को लेकर चर्चा हुई। फ्रांस के विदेश मंत्री से भी रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। ब्राजील के विदेश मंत्री के साथ निवेश, स्वास्थ्य और तकनीकी सहयोग पर बात हुई।*

## सीमा सुरक्षा और खुफिया तंत्र के लिए अहम

# असम में नया सैन्य स्टेशन, 1500 जवानों के रहने की होगी व्यवस्था

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के धुबरी जिले के बमुनिगांव में भारतीय सेना 'लचित बोरफुकन मिलिट्री स्टेशन' बना रही है। यह जगह बांग्लादेश सीमा से लगभग 40 किलोमीटर दूर है। यह पश्चिमी असम का पहला ऐसा स्टेशन होगा, जो सीमा की सुरक्षा और खुफिया जानकारी जुटाने में सेना की बड़ी मदद करेगा। पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने हाल ही में अग्रिम चौकियों के दौरे के दौरान इस सैन्य स्टेशन की नींव रखी। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेन्द्र रावत ने बताया कि यह नया स्टेशन तेजपुर में मौजूद 4 कोर के अधीन रहेगा और इसमें करीब 1200 से 1500 जवानों के रहने की व्यवस्था होगी। शुरुआत में काम जल्दी पूरा करने के लिए प्री-फैब्रिकेटेड झोपड़ियों का निर्माण किया जा रहा है।



असम में लचित बोरफुकन सैन्य स्टेशन

## एलएसी विवाद के बाद सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों में वायुसेना की क्षमता होगी मजबूती

# चीन की सीमा के करीब न्योमा एयरबेस बनकर तैयार, गरजेंगे राफेल-सुखोई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने समुद्रतल से 13 हजार 700 फीट की ऊंचाई और एलएसी से महज 30 किलोमीटर की दूरी पर न्योमा एयरबेस को पूरी तरह से ऑपरेशनल कर दिया है। जिसके बाद अब वो दिन दूर नहीं जब यहां से बल के राफेल, सुखोई और तेजस जैसे लड़ाकू विमानों के साथ ही विशालकाय परिवहन विमानों और हेलिकॉप्टरों की प्रचंड अंदाज में हवाई गर्जना सुनाई देगी। सूत्रों ने बताया कि न्योमा से आवश्यकता पड़ने पर वायुसेना अपने त्वरित, विशेष अभियानों और सीमाई निगरानी के कार्य को भी बखूबी अंजाम दे सकेगी। जानकारों का मानना है कि न्योमा की मदद से भारत को चीन, पाकिस्तान से दो मोर्चों पर मिलने वाली युद्ध की चुनौती के मामले में भी रणनीतिक बढ़त मिलेगी।

लद्दाख में न्योमा को मिलाकर वायुसेना के वर्तमान में चार एयरबेस हो गए हैं। इसके अलावा लेह, कारगिल और थॉइस में पहले से बल के हवाई ठिकाने मौजूद हैं। जबकि दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) में वायुसेना के पास एक कच्चा रनवे पहले से है। जहां से विशेष अभियानों के दौरान वायुसेना के विमानों को लैंडिंग की सुविधा मिल जाती है।


फाइल फोटो : वायुसेना के एयरबेस पर उड़ान भरता भारतीय लड़ाकू विमान सुखोई

### वायुसेना के परिवहन विमानों का संचालन शुरू

न्योमा का इतिहास में संबंध वर्ष 1962 के युद्ध से रहा है। जिसके बाद यह हवाई पट्टी पूरी तरह से निष्क्रिय अवस्था में थी। लेकिन बाद में कांग्रेस की अगुवाई वाली तत्कालीन संप्रग सरकार ने वर्ष 2009 में इसे पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया। जिसके बाद से यहां से वायुसेना के सी-130जे सुपर हरक्यूलिस और एएन-32 जैसे परिवहन विमानों का संचालन शुरू किया गया।

### बीआरओ ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

चीन के साथ एलएसी विवाद के ठीक अगले साल 2021 में केंद्र सरकार ने संगठन को हिमांक परियोजना के तहत इसका 2025 के अंत तक कायाकल्प करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। माइनस 30 डिग्री तापमान वाली ठंड जैसी जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के बीच सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने समय से पूरा किया है। पूर्व में एक कच्चे रनवे वाले लैंडिंग ग्राउंड के नाम से विख्यात न्योमा एयरबेस पर लगभग 2.7 किलोमीटर लंबे पक्के रनवे को बनाने का 95 फीसदी काम बीआरओ ने पिछले साल अक्टूबर महीने तक पूरा कर लिया था।

### चुशुल एएलजी पर भी उतरेंगे विमान

रक्षा मंत्रालय सरहदी इलाके में मौजूद एक अन्य एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) चुशुल को भी दोबारा से सक्रिय करने की योजना बना रहा है। भावी योजना के मुताबिक, चुशुल से मानवरहित विमानों (यूएवी) और हेलिकॉप्टरों के संचालन के लिए पुनर्जीवित किया जा रहा है। इस एएलजी के रणनीतिक महत्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि इसकी दूरी एलएसी से महज 4 किलोमीटर है। यानी आपात परिस्थिति के बीच चुशुल की मदद से सैनिकों की तैनाती, जरूरी रसद की सप्लाई और अन्य सैन्य साजो-सामान की आसानी से आपूर्ति की जा सकेगी।

# भगवान ओंकारेश्वर महादेव की तीर्थनगरी में पुनः वापसी

मनोज त्रिवेदी ▸▸ओंकारेश्वर

एक पखवाड़े के मालवा भ्रमण के पश्चात भगवान ओंकारेश्वर महादेव भैरव अष्टमी के शुभ अवसर पर पुनः अपनी तीर्थनगरी ओंकारेश्वर लौट आए। भगवान के लौटते ही मंदिर में पुनः भक्ति और उत्सव का वातावरण छा गया।

मंदिर ट्रस्ट के पंडित राजराजेश्वर दीक्षित के आचार्यत्व में ट्रस्टी राजा राव पुष्पेन्द्र सिंह एवं जंगबहादुर सिंह की उपस्थिति में मंदिर परिसर में पूजन और आरती की गई। तत्पश्चात भगवान ओंकारेश्वर के मूल स्वरूप का भव्य श्रृंगार किया गया।

◆ *भगवान के मालवा भ्रमण के बाद ट्रस्ट कर्मचारियों ने मनाया*


भगवान ओंकारेश्वर को विभिन्न प्रकार के मिष्ठानों का भोग लगाया।


भगवान ओंकारेश्वर की आरती करते हुए श्रद्धालु।

## गर्भगृह में चौपड़, पासे और झूला सजाए

रात्रि 9:30 बजे से गर्भगृह में भगवान के शयन आरती के उपरांत चौपड़, पासे और झूला सजाए गए, जिससे गर्भगृह की रौनक और भव्यता पुनः लौट आई। भक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोषों से संपूर्ण मंदिर परिसर गुंजायमान कर दिया। मंदिर ट्रस्ट के सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक महाजन एवं पंडित आशीष दीक्षित ने बताया कि प्राचीन मान्यता के अनुसार ओंकारजी महाराज हर वर्ष मालवा के भक्तों का हालचाल जानने के लिए भ्रमण करते हैं। आज भी यह परंपरा यथावत निभाई जा रही है।

## शहर की सड़कों पर तैनात रहेंगे वॉलंटियर

# आलमी तब्लीगी इज्तिमा स्थल तैयार आज से होगी जमातियों की आमद

हरिभूमि न्यूज ▸▸भोपाल

### *इज्तिमा में पहले दिन ही होंगे 350 निकाह, दो हजार पुलिस जवानों ने की सुरक्षा रिहर्सल*

राजधानी में आयोजित आलमी तब्लीगी इज्तिमा को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। बुधवार को ईंटखेड़ी में स्थित घासीपुरा में सुरक्षा को लेकर रिहर्सल और फोर्स ब्रीफिंग की गई। जिसमें करीब दो हजार से अधिक जवानों ने हिस्सा लिया। रिहर्सल में क्यूआरटी, बम स्क्वॉड, महिला पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने मॉक ड्रिल की। इज्तिमा स्थल पर लगातार निरीक्षण जारी है ताकि किसी भी स्तर पर सुरक्षा, ट्रैफिक या सुविधा में कमी न रह जाए।

जानकारी के अनुसार, बुधवार रात से ही देशभर से जमातियों के भोपाल पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और इज्तिमा स्थल तक सुरक्षा व ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद किया गया है। भोपाल जंक्शन, हबीबगंज (रानी कमलापति), मिसरोद सहित स्टेशनों पर जीआरपी, आरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीमें तैनात हैं।


ईंटखेड़ी घासीपुरा में इज्तिमा स्थल पर जमातों का शुरू हुआ जुटना।


इज्तिमा स्थल पर सुरक्षा के लिए तैनात फयर ब्रिगेड का अमला।

### यात्रियों की सुविधा के लिए हेल्प

*यात्रियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क, मेडिकल टीम और वॉलंटियर भी तैनात किए गए हैं। इज्तिमा स्थल की व्यवस्था 30 हजार लोगों के हाथों में होगी, जिनमें 25 हजार वॉलंटियर इज्तिमा कमेटी के और 5 हजार प्रशासन, पुलिस व नगर निगम के सदस्य होंगे। ये टीमें सुरक्षा, सफाई, ट्रैफिक और पंडाल व्यवस्था संभालेंगी। वहीं, दमकल और स्वास्थ्य विभाग की टीमें 24 घंटे मौके पर मौजूद रहेंगी। भीड़ नियंत्रण के लिए शहरभर में 20 अस्थायी पार्किंग जोन बनाए गए हैं। सिटी बसों और विशेष चार्टर्ड वाहनों से श्रद्धालुओं को इज्तिमा स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।*

## [ शहर में 21 जोन के 1300 से ज्यादा सफाई कर्मचारी आज रात से तीन शिफ्टों में करेंगे ड्यूटी ]

### प्रत्येक शिफ्ट में होंगे 420 से ज्यादा कर्मी, एएचओ करेंगे निगरानी

*भोपाल। राजधानी के ईंटखेडी में 14 नवंबर से शुरू हो रहे आलमी तब्लीगी इज्तिमा स्थल पर गुरुवार को रात नगर निगम के 1300 से ज्यादा सफाई कर्मचारी सफाई व्यवस्था में जुटेंगे। निगम प्रशासन ने शहर में 21 जोन के कर्मचारियों की इज्तिमा स्थल पर डयूटी लगाई है। यहां तीन शिफ्टों में सफाई का काम होगा। प्रत्येक शिफ्ट में 420 से ज्यादा सफाइकर्मी मौजूद रहेंगे। यह धार्मिक आयोजन जीरो वेस्ट थीम पर रहेगा और आयोजन स्थल पर कचरे का निष्पादन किया जाएगा। निगम आयुक्त*

### जीरो वेस्ट थीम पर होगा आयोजन, कचरे का निष्पादन भी होगा

*संस्कृति जैन ने आयोजन स्थल पर सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष निर्देश स्वास्थ्य अमले को दिए हैं। इस काम की वे स्वयं मॉनिटरिंग कर रही हैं। आलमी तब्लीगी इज्तिमा स्थल पर हर साल की तरह इस साल भी स्वच्छता की जिम्मेदारी पूरी तरह नगर निगम के कंधों पर रहेगी। इसके लिए निगम ने बड़ी तैयारी की है। सभी जोनों से 60-60 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह सफाई कर्मचारी पूरे क्षेत्र की सफाई, कचरा निस्तारण और स्वच्छता बनाए रखने का कार्य करेंगे।*

### एएचओ को ड्यूटी पर लगाया

निगरानी के लिए निगम के सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों (एएचओ) को ड्यूटी पर लगाया गया है, जो सफाई कर्मियों की टीमों के कार्य की निगरानी करेंगे। निगम प्रशासन का कहना है कि इज्तिमा का मुख्य आयोजन 17 नवंबर तक चलेगा, लेकिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ 20 नवंबर तक बनी रहती है। 14 नवंबर से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम के लिए 13 नवंबर की रात से सफाई कर्मियों को तैनात कर दिया जाएगा। नगर निगम ने दावा किया है कि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की गंदगी या कचरे के ढेर की स्थिति नहीं बनने दी जाएगी और पूरे क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए सतत निगरानी की जाएगी।

भगवान श्री वेंकटेश्वर मंदिर परिसर को फूलों आम के पत्तों से सजाया

# एनआरआई बालाजी मंदिर में चार दिवसीय ब्रह्मोत्सव शुरू


लक्ष्मी पद्मावती वेंकटेंश बालाजी हनुमान एवं गरूण मंदिर में पूजा करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸भोपाल

रायसेन रोड सज्जन सिंह नगर स्थित एनआरआई संस्थान में लक्ष्मी पद्मावती वेंकटेंश बालाजी हनुमान एवं गरूण मंदिर के प्रांगण में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले ब्रह्मोत्सव की बुधवार से शुरुआत हुई। ब्रह्मोत्सव शुरू होने से पहले भगवान श्री वेंकटेश्वर के मंदिर की धार्मिक ग्रंथों में वर्णित निदेर्शों के अनुसार सफाई की गई।

मंदिर परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र को फूलों और आम के पत्तों से सजाया गया। इस प्रक्रिया को आलय शुद्धि और अलंकारम कहा जाता है। ब्रह्मोत्सव के पहले दिन से एक दिन पहले मृतसंग्रहन अर्थात मिट्टी इकट्ठा करने की प्रक्रिया की जाती है। मंदिर के अधिकारी विश्वक्सेन अनंत सुदर्शन और गरुड़ जैसे देवताओं की पूजा करते हैं। वे धरती माता की भी पूजा करते हैं और थोड़ी मात्रा में मिट्टी इकट्ठा करते हैं जिससे अंकुरार्पण अनुष्ठान किया जाता है।


पहले दिन अनंत सुदर्शन और गरुड़ देवताओं की पूजा करते हुए।

### आज सुप्रभात सेवा के साथ यज्ञशाला द्वार पूजा

*ब्रह्मोत्सव के दुसरे दिन गुरूवार को सुबह नौ बजे से सुप्रभात सेवा के बाद यज्ञशाला का द्वार पूजा होगी व अग्नि प्रतिष्ठा होगी। माता लक्ष्मी का नौ कलशों से अभिषेक किया जाएगा, जिसमे दुध, दही, मक्खन से माता लक्ष्मी का अभिषेक होगा। उत्सव की शुरुआत में भगवान गरूण के ध्वज की पुजा कर फहराया जाएगा। शाम को छह बजे विष्णु सहस्त्रनाम परायणम, नित्य हवन, बालाजी महाराज की विवाह बारात, पालकी व पूणार्हुति आयोजित की जाएगी।*

## महापौर ने जिला कोर्ट में किया दीपावली मिलन समारोह का शुभारंभ

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने बुधवार को राजधानी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज श्रीवास्तव की उपस्थिति में जिला बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार वितरित भी किए।

■ **पुरस्कार वितरण भी किया**

महापौर माली राय ने बुधवार को जिला अदालत परिसर में जिला बार एसोसिएशन भोपाल द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह 2025 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महापौर राय व जिला एवं सत्र न्यायाधीन मनोज श्रीवास्तव ने पुरस्कार वितरित भी किए।

महापौर मालती राय ने जिला बार एसोसिएशन द्वारा किए गए आयोजन की सराहना करते हुए वहां उपस्थित सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं की। दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर स्टेट बार कौंसिल के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक खरे सहित बड़ी संख्या में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, अभिभाषकगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।




# लौह पुरुष की 150वीं जयंती पर रुनाहा गांव से नीमखेड़ी तक निकाला पैदल मार्च, हजारों की संख्या में विद्यार्थी, युवा, मातृशक्ति व पदाधिकारी हुए शामिल

## सरदार पटेल के हस्तक्षेप पर मिली भोपाल को आजादीः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

सांसद आलोक शर्मा एवं विधायक विष्णु खत्री ने बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर रुनाहा गांव से नीमखेड़ी गांव तक पदयात्रा कर यूनिटी मार्च निकला। इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पूरे देश में उत्साह से मनाई जा रही है। तीन चरणों में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनके विजन को जमीन पर उतारने का काम प्रधानमंत्री कर रहे हैं।

सरदार पटेल अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद कठिन परिस्थितियों में 562 रियासतों का भारत में विलय कराया था। सांसद शर्मा ने कहा कि देश अंग्रेजों की गुलामी से 15 अगस्त 1947 को आजाद हो गया था, लेकिन भोपाल रियासत में नबाव हमीदुल्लाह की सल्तनत थी। नवाब हमीदुल्लाह भोपाल का विलय भारत में न करते हुए भोपाल रियासत को पाकिस्तान में विलय करना चाहता था। ऐसे में भोपाल की आजादी के लिए लंबी लड़ाई लड़ी गई।

विलीनीकरण आंदोलन हुआ। कई घटनाक्रमों और बलिदानों के बाद जब सरदार वल्लभभाई पटेल को खबर लगी तो उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज में नवाब हमीदुल्ला को चेताया। तब जाकर भोपाल एक जून 1949 को आजाद हुआ। सांसद शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल के योगदान को हमें भूलना नहीं चाहिए, बल्कि उनके कार्यों को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों को पूरा करने के लिए सबको साथ मिलकर समर्थन करना है।


सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित युनिटी मार्च में सांसद अशोक शर्मा, विधायक विष्णु खत्री सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, युवा और विद्यार्थी शामिल हुए।

### यूनिटी मार्च का जगह-जगह स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों ने मंच लगाकर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

यूनिटी मार्च कार्यक्रम में हजारों की संख्या में विद्यार्थी, युवा, मातृशक्ति, पार्टी पदाधिकारी ग्राम रुनाहा से नीमखेड़ी तक पैदल चले। नीमखेड़ी पर मार्च का समापन कार्यक्रम आयोजित किया। पदयात्रा का जगह-जगह स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों द्वारा मंच लगाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रास्ते भर देशभक्ति के नारे और सरदार पटेल अमर रहें की गूंज सुनाई दे रही थी। इस अवसर पर विधायक विष्णु खत्री, जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष केदार मंडलोई, जिला महामंत्री कुबेर सिंह गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल सिंह मीणा, गोविंदराम गुर्जर, गोपालदास आगर, मंडल अध्यक्ष राकेश मीणा, रामबाबू गुर्जर सहित पार्टी पदाधिकारी सहित राष्ट्रभक्त साथी उपस्थित रहे।

### सरदार पटेल के कार्यों को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री मोदीः खत्री

इस मौके बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि वल्लभभाई पटेल भारत की एकता और अखंडता के अधिनायक हैं। स्वतंत्रता संग्राम में उनके अद्वितीय योगदान और भोपाल सहित अनेकों रियासतों का भारत में विलय कराने में उनकी निर्णायक भूमिका ने उन्हें 'लौह पुरुष' के रूप में अमर कर दिया। उन्होंने कहा कि वल्लभ भाई पटेल यदि प्रधानमंत्री बनते तो भारत दुनियां में शिखर पर होता। उनके अधूरे कार्यों को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। हम सबको एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### खाटू श्याम भजन संध्या के बांटे आमंत्रण-पत्र

**औबेदुल्लागंज।** श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में विशाल खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन 17 नवंबरको किया जा रहा है। इसके लिए व्यापारियों को एवं गणमान्य नागरिकों को घर-घर जाकर भजन संध्या के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण-पत्र बांटे जा रहे हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक के साथ जीतू नेमा, बाला सेनी, बंटी जोशी, राजकुमार राजपूत, कमलेश लोधी, राहुल माहेश्वरी आदि शामिल थे।

### लूट के दोषी युवकों को 5 वर्ष के कारावास की सजा

**भोपाल।** सड़क चलते दो मित्रों को छुरी दिखाकर उनके पर्स में रखे 22,000 रुपए लूटकर फरार होने वाले आरोपियों फैजान कदीर पुत्र कदीर खां (26) निवासी इतवारा भोपाल एवं समीर पुत्र शकील खां (36) निवासी बरखेड़ी जहांगीराबाद भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश संजय कुमार शाही ने भादंसं की धारा- 392 एवं आर्म्स एक्ट की धारा- 25 (1-ख) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के कठोर कारावास और 1500-1500 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर जिला लोक अभियोजक सतीश सिमैया द्वारा पैरवी की गई।

### गांजा की तस्करी के दोषी को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** मादक पदार्थ गांजा की अवैध रुप से तस्करी करने वाले आरोपी विकास आचार्य (27) निवासी आचार्यों का वास खिल्ली खाना किले की घाटी घंटाघर थाना सिटी जिला जोधपुर राजस्थान को एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश डॉक्टर मुकेश कुमार मलिक ने एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा- 8 (सी) सहपठित धारा- 20(बी) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 40,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक नीरेंद्र शर्मा द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई।

### नगर निगम ने तैयार किया शेल्टर होम का ड्राफ्ट

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद नगर निगम भोपाल ने स्ट्रीट डॉग के लिए शेल्टर होम बनाने की प्रक्रिया तेजी से शुरू कर दी है। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। अब इसका रिव्यू किया जाएगा और जगह का चयन होगा। निगम प्रशासन ने दिसंबर माह तक यह काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है ताकि निर्धारित समय में तैयारियों की जानकारी सुप्रीम कोर्ट में दी जा सके। 13 जनवरी 2026 से पहले यह काम निगम को करना है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 4236 | | |
| दिनः | 189 | 84 | 266 |
| रातः | 277 | 67 | 250 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 467 | 70 | 677 |
| रातः | 489 | 13 | 779 |

## आरोपी गिरफ्तार, मंत्रालय के बाहर से चलाता था ठगी का गिरोह

# कलेक्टर का देवर बताकर चुनाव आयोग में नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख रु. ठगे

**जालसाज ने एक ही परिवार के सात लोगों को नौकरी दिलाने का दिया था झांसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चुनाव आयोग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाज ने किसान से 20 लाख रुपए ठग लिए। ठगी की वारदात करते समय जालसाज ने किसान परिवार को बताया था कि वह मध्यप्रदेश जीडी ऑफिस में पदस्थ है। इसके अलावा उसने यह भी कहा कि मैं कलेक्टर का देवर हूं। जालसाज को प्रभावी व्यक्ति समझते हुए किसान ने अपने परिवार के सात सदस्यों को नौकरी दिलाने के नाम पर उसे बीस लाख रुपए दे दिए। क्राइम ब्रांच ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह खुद बेरोजगार है और मंत्रालय के आसपास घूमकर लोगों की तलाश करता है और उन्हें ठगी का शिकार बनाता है।

पुलिस के अनुसार अंबाह जिला मुरैना निवासी राजकुमार सिंह राठौर किसान हैं। उन्होंने क्राइम ब्रांच में शिकायत करते हुए बताया कि 6 फरवरी 2024 को एक शादी में पवन परमार नाम के व्यक्ति से मुलाकात हुई थी। बातचीत होने के बाद पवन ने राजकुमार की मुलाकात विजयशंकर मिश्रा नामक व्यक्ति से वल्लभ भवन के बाहर कराई। विजयशंकर मिश्रा ने खुद को मध्य प्रदेश में जीडी ऑफिस में एक अधिकारी बताया। करीब 3 महीने तक मुरैना से आकर वह विजयशंकर से मिलते रहे। मुलाकात के समय वह खुद को अधिकारी बताता था और अधिकारियों जैसे बर्ताव करता था। वह कहता था कि मेरी भाभी कलेक्टर है। इससे किसान की नजदीकियां बढ़ गईं। विजयशंकर मिश्रा उनके परिवार का हमेशा हालचाल पूछता था। विजय शंकर ने राजकुमार को बताया कि चुनाव आयोग में भर्ती निकली है, जिसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। महिला बाल विकास विभाग में भी 4 पद रिक्त हैं। राजकुमार को उसने कहा कि आप चाहें तो अपने बच्चों को नौकरी लगवा सकते हैं। विजय शंकर की बातों में आकर राजकुमार ने अपने ही परिवार के 6 बेटे और एक बेटी की नौकरी लगवाने की गुजारिश की। एडवांस के तौर पर राजकुमार ने 11 लाख 70 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांस्फर करा लिए। करीब डेढ़ साल तक वह आरोपी को पैसा देते रहे। जालसाज उन्हें नौकरी पक्की होने का प्रलोभन देता रहा। बीच-बीच में उन्हें कोई न कोई काम बताकर भोपाल बुलाता रहा।

### वॉटसएप पर भेजे फर्जी ज्वाइनिंग लेटर


पवन परमार, आरोपी

रुपए देने के बाद भी जब बच्चों की नौकरी नहीं लगी तो राजकुमार ने जालसाज विजय शंकर पर नौकरी दिलाने नहीं तो पैसा लौटाने का दबाव बनाया। विजय शंकर ने उन्हें वॉट्सएप पर मध्य प्रदेश शासन का फर्जी आदेश भेज दिया। उन्हें बाकी का पैसा लेकर भोपाल बुलाया। राजकुमार 8 लाख 70 हजार रुपए लेकर भोपाल आए। आरोपी ने चुनाव निर्वाचन आयोग के दो आदेश और एक महिला बाल विकास विभाग के ज्वाइनिंग लेटर उन्हें दे दिए। बाकी 4 आदेश बाद में देने की बात कही। ज्वाइनिंग लेटर जब राजकुमार के परिवार के सदस्य बलराम सिंह राजावत और हेमंत राठौर, सोनम संबंधित विभाग में पहुंचे तो पता चला कि ज्वाइनिंग लेटर फर्जी हैं। उन्होंने जालसाज को कॉल किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं किया। इसकी शिकायत राजकुमार ने क्राइम ब्रांच में कर दी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### जहरीला पदार्थ पीकर ठेकेदार की पत्नी ने दी जान

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंडस कॉलोनी करोंद में ठेकेदार की पत्नी ने जहरीला पदार्थ पी लिया। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मरने से पूर्व उनके बयान हो चुके हैं। बयान में आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस के अनुसार हेमलता दीक्षित पति नीलकंठ दीक्षित (45) इंडस कॉलोनी, करोंद में रहती थीं। वह गृहणी थीं, जबकि पति नीलकंठ दीक्षित ठेकेदारी करते हैं। हेमलता और नीलकंठ के चार बच्चे हैं। तीन बेटियां और एक बेटा। सभी अविवाहित हैं। पुलिस ने बताया कि गत 7 नवंबर की दोपहर हेमलता ने घर में रखा कोई कीटनाशक पी लिया। तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उन्हें भानपुर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उनका इलाज चल रहा था। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके बयान दर्ज किए थे। उन्होंने बताया कि 7 नवंबर को वह घर थीं और अकेलापन मेहसूस कर रही थी। इसी दौरान उन्होंने कीटनाशक पी लिया। उन्होंने कीटनाशक क्यों पिया यह नहीं बता सकी। मंगलवार शाम उनकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई।

# स्कूल नहीं जाने पर मां ने लगाई फटकार तो 12वीं की छात्रा ने खाया जहर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित बड़झिरी गांव में 12 वीं कक्षा की एक छात्रा ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि स्कूल नहीं जाने के कारण एक दिन पहले मां ने उसे फटकार लगाई थी।

पुलिस के अनुसार ग्राम बड़झिरी रातीबड़ निवासी सुरेश वर्मा तिलक खेतों में काम करते हैं। 18 साल की बेटी पायल वर्मा 12वीं कक्षा में थीं। मंगलवार शाम करीब 7 बजे पायल की तबीयत खराब हो गई। उल्टियां करने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां देर रात करीब साढ़े 10 बजे मौत हो गई। होश में नहीं होने के कारण मृत्युपूर्व बयान नहीं हो सके थे। अनुमान है कि छात्रा ने घर में रखा कीटनाशक खाकर आत्महत्या की है। परिजन का कहना है कि घटना से एक दिन पहले पायल स्कूल नहीं गई थी, जिसके लिए मां ने फटकार लगाई थी। अभी तक छात्रा के आत्महत्या की वजह का खुलाया नहीं हुआ है।

### 11वीं की छात्रा ने अपने कमरे में लगाई फांसी

निशातपुरा पुलिस ने बताया कि राज नगर कॉलोनी करोंद निवासी अमर सिंह राठौर निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में चौकीदारी करते हैं। परिवार में पत्नी और तीन बेटियां हैं। सबसे छोटी बेटी दीपाली राठौर (17) ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा थी। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे दीपाली ने अपने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन की नजर पड़ते ही उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि दीपाली के पास मोबाइल नहीं था। वह कभी-कभार अपनी बड़ी बहन का मोबाइल चला लेती थी।

### रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन से कटे बुजुर्ग

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव चौपड़ा में बुधवार दोपहर रेलवे ट्रैक पार करते समय 90 साल के बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आ गए। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मुन्नुलाल अहिरवार (90) गांव चौपड़ा, सूखीसेवनिया में रहते थे। बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास वह घर से कुछ दूरी पर स्थित रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, तभी ट्रेन की चपेट में आ गए। ट्रेन की चपेट में आने से उनका शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। परिजन ने बताया कि उम्रदराज मुन्नुलाल अहिरवार को सुनाई कम देता था।

## संतुलित एवं पौष्टिक आहार ही स्वस्थ पशुधन का आधार हैः कलेक्टर

# कलेक्टर विश्वकर्मा ने पशुपालकों के यहां भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्राम नानाखेड़ी में कलेक्टर विश्वकर्मा ने बुधवार को पशुपालकों के यहां भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने ग्राम नानाखेड़ी में स्व-सहायता समूहों तथा ग्रामीणों से संवाद भी किया। उन्होंने पशुपालकों से वर्तमान में पशुओं की संख्या, उनके आहार, दुग्ध उत्पादन की मात्रा आदि की जानकारी लेते हुए कहा कि संतुलित एवं पौष्टिक आहार ही स्वस्थ पशुधन का आधार है।

कलेक्टर ने पशुपालकों से कहा अपने पशुओं को समय-समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं और चारे में संतुलित पोषण सामग्री जैसे मिनरल मिक्सचर एवं हरा चारा सम्मिलित करें। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में साइलेज का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि साइलेज भूसे से कहीं अधिक पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं सस्ता विकल्प है। उन्होंने पशुपालन विभाग के उप संचालक को निर्देशित किया कि पशुपालकों तथा ग्रामीणों को उन्नत नस्लों के चयन, पौष्टिक आहार निर्माण एवं पशु स्वास्थ्य प्रबंधन की जानकारी दी जाए। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, सरपंच राजू मेहरा, भाजपा नेता अशोक यादव आदि मौजूद रहे।


कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ग्राम नानाखेड़ी में ग्रामीणों से चर्चा करते हुए।

### मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत, परिजन को 33 लाख रुपए का मुआवजा

**भोपाल।** सड़क दुर्घटना में मज़दूर महेश शहरिया की हुई मृत्यु के मामले में भोपाल की एक अदालत ने उसके परिजनों को तैतीस लाख रुपए की राशि दिलाए जाने के आदेश पारित किए गए हैं। अपर जिला न्यायाधीश संजय अग्रवाल द्वारा यह फैसला सुनाया गया है।

जानकारी के अनुसार, महेश शहरिया अपनी पत्नी रेखा के साथ शमशाबाद से अपने घर बालमपुर भोपाल मोटर साइकल से 9 जुलाई 2024 को आ रहा था, वह शमशाबाद बैरसिया रोड स्थित ग्राम नहरयाई के पास पहुंचे थे, तभी सामने से आ रहे एक ट्रेवलर ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी, जिससे महेश की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी एवं पत्नी रेखा गंभीर रूप से घायल हो गई थीं।

## औबेदुल्लागंज नगर परिषद में गड़बड़ी, नहीं थम रही कमीशनखोरी

# संजीवनी अस्पताल चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट उद्घाटन से पहले दीवारों पर आईं दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा नेता वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पूर्व पार्षद पदम चौहान, आरती यादव, माखन सेन, इंग्लिश यादव आदि ने कहा कि नगर परिषद के कमीशन के खेल के चलते अर्जुन नगर में बनी संजीवनी अस्पताल दी दीवारों में दरारें आ गई है, लेकिन अभी तक उद्घाटन भी नहीं हुआ है। इसके साथ ही संजीवनी अस्पताल के आस-पास गंदगी फैली जिस पर नगर परिषद के जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जाता। सीएमओ किरण रंहगडाले ने कहा कि मैं स्वयं जाकर देखती हूं कि कहां-कहां सड़क खुदी है।

### दो माह पहले बनी सीसी सड़क को पाइप-लाइन डालने के लिए खोदा, लोग हो रहे परेशान


दो माह पहले ही बनी सड़क को खोदा।

नगर परिषद के कर्मचारियों ने दो माह पहले बनी सीसी रोड को पाइप लाइन डालने के लिए जेसीबी मशीन से खोदा डाला। अर्जुन नगर के वार्ड 11 एवं 12 के नागरिकों को आने जाने में परेशानी हो रही है। ज्ञातत्व हो कि वार्ड नंबर 13 एवं 15 में भी पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोद दी पर कई माह बीत जाने के बाद भी अभी तक न तो पाइप लाइन डाली, न ही उसे समतल किया गया। वार्ड 13 के पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने नगर पंचायत में कई बार शिकायत कर कहा पर आज समस्या तक समाधान नहीं हुआ। वहीं 8 पार्षदों ने तंज कसते हुए कहा कि नगर परिषद में कमीशन के खेल में नई सड़क खोदी जा रही है, मगर पाइपलाइन नहीं डाली जा रही, आखिर इसका जिम्मेदार कौन?

## ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

# जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, बालक-बालिकाओं ने विभिन्न खेलों में लिया भाग, प्रोत्साहन राशि व प्रशंसा प्रमाण-पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सांसद खेल महोत्सव ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित किया गया। खेल का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित व रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया नंदवंशी, मण्डल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नपा अध्यक्ष, परिषद अशोक यादव, माधव यादव, रामकिशोर नंदवंशी, जीतू नंदवंशी, संजय प्रजापति, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, मनोज चौरसिया, पवन खालसा, उमाशंकर गौर, पुरुषोत्तम शर्मा, पार्षद सुजीत यादव, पार्षद सुनील सेरिया, बने सिंह परमार, मनजीत सिंह, लोकेश परमार सहित अन्य वरिष्ठ जन विशेष रूप से उपस्थित रहें।

सर्वप्रथम चम्मच दौड़ में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इसके बाद कुर्सी दौड़ व रस्सा कस्शी व अन्य खेलों में आयोजित किए। प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, महिला-पुरुष, बालक-बालिका को नगद प्रोत्साहन राशि व प्रशंसनीय प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा विभाग के बीईओ शिवनारायण चौहान, बीआरसी सतीश कुशवाहा, कमलेश रजक, बलराम नागर, परब चंद चौरे, परिषद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले, मुकेश जैन, महेश मीणा, प्रमोद कुमार पांडेय, सन्नी अग्रवाल, विनोद यादव, मोती परमार, सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समाप्ति पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।


खेल महोत्सव का शुभारंभ करते हुए एसडीएम, मंडल अध्यक्ष व नपा अध्यक्ष।


ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में चम्मच दौड़ में भाग लेते गणमान्य ने नागरिक।


खेल महोत्सव कार्यक्रम में मंच पर विराजे एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव और स्थानीय भाजपा नेता।


श्री मानस मंडल के सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते स्थानीय रहवासी।

# श्री मानस मंडल के भजनों को सुन बड़ी संख्या में मौजूद लोग हुए भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री मानस मंडल के भजनों की प्रस्तुति का सुल्तानपुर के रहवासियों ने खूब आनंद उठाया। अध्यक्ष लक्ष्मी हेमराज मीणा के निज निवास पर चल रहे सप्त चंडी महायज्ञ में श्री मानस मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

इस अवसर पर श्री मानस मंडल के अरविंद राय, संतोष गुप्ता, संदीप महेश्वरी, अनिल नागर, तेज सिंह नागर, पवन राजपूत, दीपेश गिरी, लोकेश वर्मा, गोपाल विश्वकर्मा, पंकज शर्मा, दिलीप मेघानी, प्रमोद मालवीय, आदर्श सोलंकी, विशेष यादव, रामकिशोर शर्मा, राजेश कहार इत्यादि उपस्थित थे। श्री मानस मंडल द्वारा कार्यक्रम के अंत में श्री राम दरबार भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।

# मातृशक्ति पार्षदों का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां


लोक नृत्य प्रस्तुत करती हुई कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमवीएम कॉलेज में चल रहे स्वदेशी मेले में रोजाना लोगों का उत्साह देखते ही बनता है। बुधवार को भी मेला आकर्षण का केन्द्र रहा, जहां सांस्कृति और विविधता की झलक दिखी। इसमें नगर निगम की मातृशक्ति सहित पार्षदों को सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह ने यह संदेश दिया कि नारी शक्ति ही स्वदेशी संस्कृति की प्रेरणा शक्ति है। बुधवार को आयोजित चौपाई-श्लोक प्रतियोगिता में 6 वर्ष से 65 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें 6 वर्षीय जिया केशवानी ने अपनी शिव स्तुति, हनुमान चालीसा एवं राम स्तुति की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।



## स्वदेशी मेले में लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समा


स्वदेशी मेले में बुधवार को लोकनृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार।


नगर निगम की मातृशक्ति सहित पार्षदों को सम्मानित करतीं मेला सह संयोजक एवं स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज।

### समूह नृत्य में शिव स्तुति की प्रस्तुति ने मोहा मन

वहीं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति शिव स्तुति (समूह नृत्य) की रही, जिसमें इशिता रंजन, अंकिता जैन और द्विव्यांशी दीक्षित ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात बीस नृत्य (समूह), छत्तीसगढ़ी फोक नृत्य, राजस्थानी एवं मराठी नृत्य जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। रश्मि कुलकर्णी ने जनजातीय गौरव दिवस पर जनजातीय अस्मिता विषय पर व्याख्यान दिया।

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव में समूह नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

# मध्य प्रदेश के लोक और जनजातीय नृत्यों से युवा उत्सव का आगाज


नृत्य की प्रस्तुति देती कलाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश सिर्फ अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए ही प्रसिद्ध नहीं है, बल्कि मध्य प्रदेश के लोक नृत्य की शैली भी देश-विदेश में विश्व विख्यात है और जब इन्हीं लोक नृत्यों को मंच पर प्रस्तुत किया जाए तो यह नजारा ही अद्भुत लगता है, जिसमें जहां बुंदेलखंड का राई नृत्य दर्शकों के बीच हमेशा ही आकर्षण का केंद्र रहता हैं तो वहीं वैवाहिक आयोजनों और पुत्र प्राप्ति के अवसर पर किए जाने वाला बधाई नृत्य की तो बात ही अलग है। इसके साथ ही मालवा अंचल के मटकी नृत्य की खूबसूरती का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सर पर कई मटकियां लेकर जब नर्तकी नृत्य की विभिन्न मुद्राएं करती हैं तो दर्शक रोमांच और हैरत से भर जाते हैं। इसके अलावा प्रदेश के जनजातीय अंचलों में किए जाने वाले बरेदी, करमा, सैला नृत्य की बात ही जुदा है, जो आदिवासी संस्कृति और परम्परा के वाहक की भूमिका निभाता है, कुछ ऐसे ही रोमांच और सौंदर्य से परिपूर्ण नृत्यों की प्रस्तुति देखने को मिली बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय युवा उत्सव में।


बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय युवा उत्सव में लोक नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार।

### स्किट, मूक अभिनय माइम, मिमिक्री स्पर्धा भी आयोजित हुई

इसके अलावा तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन स्किट, मूक अभिनय माइम, मिमिक्री ने भी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। जिसमें समाजिक संदेश के साथ साथ महिला सशक्तिकरण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

### बधाई नृत्य, राई नृत्य, मटकी नृत्य ने बांधा समा

मंगलवार से शुरू हुए इस उत्सव में सात प्रस्तुतियां हुईं, जिसमें बुंदेलखंड का प्रसिद्ध बधाई नृत्य पर नाचते गाते झूमते युवाओं ने दर्शकों को बांधे रखा तो वहीं सिर पर मटकी लेकर किया गया मालवा अंचल का मटकी नृत्य पर थिरकती छात्राओं ने दर्शकों की खूब तालियां बंटोरी। मप्र के अंचलों में किए जाने वाले एक से बढ़कर एक नृत्यों से सजी इस प्रस्तुति के अगली कड़ी में गोंड जनजाती के बरेदी नृत्य का भव्यता से परिपूर्ण प्रदर्शन ने भी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया इसके अलावा बुंदेलखंड अंचल का राई नृत्य पर दर्शक टकटकी लगाए तीव्र गति के इस नृत्य को देखते रहे, सुंदर पौशाक में सजी धजी छात्राओं ने जब गोल घूमकर इस नृत्य को किया तो सम्पूर्ण सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।


तीन दिवसीय युवा उत्सव में राई नृत्य प्रस्तुत करती हुईं।


युवा उत्सव में लोग नृत्य करतीं छात्राएं।


नृत्य की प्रस्तुति देती कलाकार।


दुष्यन्त संग्रहालय में बुधवार को आयोजित गोष्ठी में शामिल हुए अतिथि।

# हराना मुश्किलों को है जो आतीं आज़माने को...

## मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा गद्य एवं पद्य के विविध विधाओं से सजी गोष्ठी


गोष्ठो को संबोधित करती अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश लेखक संघ द्वारा विश्वरंग के अनुषंग-विविध रंग के रूप में गद्य एवं पद्य के विविध विधाओं से सजी गोष्ठी दुष्यन्त संग्रहालय, में प्रो. प्रभु शंकर शुक्ला, वरिष्ठ साहित्यकार हरदा के मुख्य आतिथ्य, ममता तिवारी के सारस्वत आतिथ्य, डॉ. राम वल्लभ आचार्य के विशिष्ट आतिथ्य एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।



### गोष्ठी में कहानी और लघुकथाएं रहीं खास

मध्यप्रदेश लेखक संघ के प्रांतीय मंत्री मनीष बादल की इस शेर ने ध्यान खींचा, मिडिल ये क्लास है 'बादल' मगर जजबा गजब का है, हराता मुश्किलों को है जो आतीं आज़माने को। नवगीतकार डॉ. नीलिमा रंजन एवं दीपक पगारे ने अपने नवगीतों से श्रोताओं को चिंतन की गहराइयों में उतारा। डॉ. लता अग्रवाल की कहानी, मुज़फ़्फ़र इक़बाल सिद्दीक़ी के की दो लघुकथाएं बहुत सराही गईं। कुमार सुरेश एवं अशोक व्यास के व्यंग्य ने बहुत गुदगुदाया। कोषाध्यक्ष सुनील चतुर्वेदी ने पैरोडी सुनाई। वहीं डॉ रामवल्लभ आचार्य ने गीत सुनाया।

**प्रतियोगिता में 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया**

## क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में वेस्ट मैनेजमेंट पर भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भोपाल एवं रायसेन जिले के पांच विद्यालयों के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों ने इलेक्ट्रॉनिक कचरे के सुरक्षित पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) के महत्व पर अपने विचार रखे। विशेषज्ञ वक्ताओं डॉ. प्रेम कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ. अविनाश चंद्र करेरा ने बाल भारती पब्लिक स्कूल, निशातपुरा, भोपाल की अंशिका राजपूत को प्रथम, साक्षी सिंह को द्वितीय तथा भविष्या यादव को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया।


विजेता को पुरस्कार देते विशेषज्ञ।

## 67वां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन भोपाल में 15 को

**भोपाल।** प्रसार भारती और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 67 वां आकाशवाणी संगीत सम्मेलन देशभर के 24 शहरों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस श्रृंखला के अंतर्गत भोपाल केन्द्र पर यह प्रतिष्ठित आयोजन आगामी शनिवार, 15 नवंबर को सायं 6.30 बजे समन्वय भवन में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संगीत जगत की सुप्रसिद्ध हस्तियां, वरिष्ठ कलाकार आदि शामिल होंगे।

**स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में वर्कशॉप**

## कंटेंट से कॅरियर की ओर: युवाओं ने सीखे डिजिटल क्रिएशन के गुर


कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्कूल ऑफ मीडिया एंड जर्नलिज्म, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी एवं मास कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म विभाग, रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा दो दिवसीय डिजिटल कंटेंट क्रिएशन वर्कशॉप आयोजन मंगलवार को हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को डिजिटल कंटेंट निर्माण की दुनिया की गहन समझ प्रदान करना था, जिसमें रचनात्मकता, रणनीति और तकनीक के संगम को आधुनिक मीडिया प्रथाओं के संदर्भ में विशेष रूप से रेखांकित किया गया। इसमें 60 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें पत्रकार, वकील, शेफ, सेवानिवृत्त प्रोफेशनल्स और विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थी शामिल थे।

## महर्षि राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां


विभिन्न प्रांतों से आए छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुति।



स्कूली बच्चों ने दी ऊर्जावान प्रस्तुति ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल में चल रहे तीन दिवसीय महर्षि विद्यालय समूह के राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन भी विभिन्न प्रांतों से आए छात्र-छात्राओं ने विविध विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सुबह कनिष्ठ संवर्ग स्कूली बच्चों ने अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति देकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। आकर्षक वेशभूषा में प्रस्तुतीकरण का यह दृश्य अत्यंत लुभावना था। इसके पश्चात वरिष्ठ संवर्ग ने सामूहिक गायन की प्रस्तुति दी जिसे उपस्थित दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर स्वागत किया। संगीत कला में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। अंग्रेजी भाषा के वाद विवाद स्पर्धा में विभिन्न महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए।

## आरंभ-विश्वरंग: कल से मुंबई विवि में

**भोपाल।** विश्वरंग - टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव 2025 का पहला आयोजन मुंबई में आरंभ-विश्वरंग, मुंबई के रूप में आयोजित होने जा रहा है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन 13 और 14 नवंबर को ग्रीन टेक्नॉलॉजी सभागार, मुंबई विवि में आयोजित होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय भाषाओं के बीच परस्परता, साझा सांस्कृतिक आधार और समन्वय को मंच प्रदान करना है। आयोजन का उद्घाटन महाराष्ट्र के राज्यपाल की अध्यक्षता में होगा। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रवींद्र कुलकर्णी, कुलपति, मुंबई विवि एवं वरिष्ठ साहित्यकार, विश्वरंग के निदेशक संतोष चौबे उपस्थित रहेंगे।

## लोकपर्व के रंग-नौनिहालों के संग में झलकी भारतीय संस्कृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय संस्कृति, कला और साहित्य को समर्पित सकलपर्णा समूह द्वारा एनआईटीटीटीआर के राजीव गांधी सभागार में लोकपर्व के रंग नौनिहालों के संग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के नौ विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया और लोकपर्वों पर आधारित नृत्य व गीत प्रस्तुत कर भारतीय परंपरा की समृद्ध झलक दिखाई।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उत्कृष्ट विद्यालय टी.टी. नगर (मॉडल) को, द्वितीय स्थान शासकीय आदर्श आवासीय कन्या संस्कृत गार्गी विद्यालय को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विकास दवे ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इन गीतों और नृत्यों के माध्यम से बच्चे न केवल लोकपर्वों की सुंदरता देख रहे हैं, बल्कि इनके पीछे की सांस्कृतिक कथा और इतिहास भी जान रहे हैं। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण हैं।


प्रतियोगिता में विजाताओं को दिया प्रमाण-पत्र।

**मानव संग्रहालय में पर्यावरण और जनजातीय धरोहर... विषय पर प्रोफेसर एस एन चौधरी का व्याख्यान**

## 'कुल' और 'टोटेमवाद' पर्यावरणीय संतुलन और संरक्षण भाव दर्शाते हैं...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मानव संग्रहालय द्वारा संग्रहालय लोकप्रिय व्याख्यान श्रृंखला में टैगोर राष्ट्रीय व्याख्यान के अंतर्गत एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में टेगोर नेशनल स्कॉलर प्रो. एस. एन. चौधरी ने 'पर्यावरण और जनजातीय धरोहर : स्थिति, चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए उन्होंने मानव समाज के विकास को विज्ञान के तीन चरणों जादू, धर्म और विज्ञान के माध्यम से समझाया, जो मानव सभ्यता की सोच, विश्वास और पर्यावरणीय चेतना के क्रमिक विकास को दर्शाते हैं। प्रो. चौधरी ने जनजातीय समाज की सामाजिक संरचना, 'कुल' और 'टोटेमवाद' की परंपराओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह व्यवस्था जनजातीय समाज के भीतर पर्यावरणीय संतुलन और संरक्षण के भाव को सशक्त करती है।





मानव संग्रहालय द्वारा संग्रहालय लोकप्रिय व्याख्यान श्रृंखला को संबोधित करते हुए अतिथि प्रो. एसएन चौधरी।

### एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं पर्यावरण और धरोहर

पर्यावरण और धरोहर एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं तथा पर्यावरण के गर्भ से ही जनजातीय धरोहर उत्पन्न हुई है। प्रो. चौधरी ने बताया कि जनजातीय समाज का जीवन प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण सहअस्तित्व पर आधारित है, जहां प्रत्येक तत्व चाहे वह वृक्ष, पशु, जलस्रोत या पर्वत हो सभी सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से सम्मानित है। उन्होंने भील जनजाति का उदाहरण प्रस्तुत किया, जो अपने पर्यावरणीय ज्ञान, सामुदायिक संरचना और प्रकृति के प्रति गहरी आस्था के लिए जानी जाती है। उन्होंने बताया कि भील समुदाय में टोटेमवाद के माध्यम से पेड़ों, पक्षियों और पशुओं को कुल-प्रतीक के रूप में सम्मान दिया जाता है।



**वर्ल्ड डायबिटीज डे**
**14 नवंबर, स्पेशल**

डायबिटीज को कंट्रोल करने में खान-पान की भूमिका तो महत्वपूर्ण होती ही है। इसके अलावा कुछ योगासनों और शारीरिक गतिविधियों से भी इसे कंट्रोल किया जा सकता है। ऐसे ही कुछ योगासनों के बारे में जानिए।

# इन योगासनों से मिलेगी डायबिटीज से राहत

**योगोपचार**

**अंजू जैन**

आज के दौर में असंतुलित जीवनशैली और डाइट की वजह से डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां कम उम्र में भी देखने को मिल रही हैं। दरअसल डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी स्थिति है, जिसे अनुकूल आहार, नियमित योग, प्राणायाम और प्राकृतिक इलाज अपनाकर नियंत्रित और रिवर्स किया जा सकता है।


**डायबिटीज रिवर्सल के लिए योग:** विभिन्न आसन जैसे मंडूकासन, वज्रासन और पश्चिमोत्तानासन विशेष रूप से डायबिटीज के लिए लाभकारी माने जाते हैं। ये न केवल अग्न्याशय (पेंक्रियाज) की कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि शरीर में इंसुलिन की संवेदनशीलता को भी सुधारते हैं। यदि थोड़ा-सा समय अपने स्वास्थ्य के लिए निकालें और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए, तो डायबिटीज रिवर्सल की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकता है।

**वज्रासन:** टाइप-2 मधुमेह के लिए यह आसन विशेष रूप से फायदेमंद है। भोजन के बाद इसे करने से पाचन अच्छा होता है और शुगर नियंत्रित रहती है। मधुमेह नियंत्रण में वज्रासन के कई फायदे हैं, जैसे कि यह इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करता है, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है और अग्न्याशय और यकृत जैसे पेट के अंगों को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन उत्पादन में सुधार होता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और कब्ज, अपच और गैस जैसी समस्याओं



से राहत दिलाने में मदद करता है। यह तनाव को कम करता है, जो मधुमेह के प्रबंधन के लिए फायदेमंद है।

**मंडूकासन:** मंडूकासन मधुमेह नियंत्रण



में मदद करता है क्योंकि यह पेंक्रियाज को उत्तेजित करके इंसुलिन उत्पादन बढ़ाता है, ब्लड शुगर के स्तर को सामान्य करता है और पाचन में सुधार करता है। इसके अन्य लाभों में तनाव कम करना, पेट की चर्बी घटाना और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालना शामिल है।

यह पेट के अंदरूनी अंगों की मालिश करता है, जिससे पाचन तंत्र दुरुस्त होता है और कब्ज, गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं दूर होती हैं। साथ ही यह तनाव और चिंता कम करता है। नियमित अभ्यास से मन शांत होता है और तनाव कम होता है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक होता है।


**धनुरासन:** यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। धनुरासन पैंक्रियाज को सक्रिय



करने में मदद सकता है। धनुरासन से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। दरअसल, शरीर में ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने वाले इंसुलिन हार्मोन का उत्पादन पैंक्रियाज ही करता है।

**अर्ध मत्स्येंद्रासन:** मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए अर्ध मत्स्येंद्रासन के कई फायदे हैं। यह अग्न्याशय को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन उत्पादन बेहतर होता है और रक्त शर्करा का स्तर कम होता है। यह आसन पाचन और मेटाबॉलिज्म को भी सुधारता है और पेट के अंगों को उत्तेजित करके विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, यह पेट और कमर की चर्बी कम करता है, रक्त संचार बढ़ाता है और तनाव कम करने में सहायक है।

**वक्रासन:** मधुमेह नियंत्रण में वक्रासन के कई फायदे हैं। यह अग्न्याशय को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन का



उत्पादन बढ़ता है और कोशिकाओं की इंसुलिन के प्रति संवेदनशीलता में सुधार होता है। इसके अतिरिक्त, यह पाचन में सुधार करता है, तनाव को कम करता है और रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन को बढ़ाता है। वक्रासन मस्तिष्क को शांत करता है और तनाव को कम करने में मदद करता है, जो शुगर के स्तर को स्थिर रखने के लिए महत्वपूर्ण है।

**ये उपाय भी हैं कारगर:** आसनों के अभ्यास के अलावा कुछ अन्य उपाय भी कारगर हो सकते हैं।

**वेट मैनेजमेंट:** ओबेसिटी डायबिटीज का एक बड़ा कारण है। मधुमेह को कंट्रोल करने के लिए हेल्दी वेट मेंटेन रखना जरूरी है।



**नियमित शारीरिक गतिविधि:** एरोबिक व्यायाम (जैसे, पैदल चलना, तैरना) और शक्ति प्रशिक्षण दोनों ही फायदेमंद होते हैं। नियमित व्यायाम करने से ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। *

**(पतंजलि योग केंद्र, कोलकाता में योग प्रशिक्षक वेद प्रकाश गुप्ता से बातचीत पर आधारित)**

**अवेयरनेस**

**शिखरचंद जैन**

किसी दौर में मध्यवय की बीमारी समझी जाने वाली डायबिटीज, अब युवाओं और यहां तक कि बच्चों में भी देखी जा रही है। इसकी मुख्य वजह है, गलत खान-पान, असंयमित जीवनशैली, फिजिकल एक्टिविटी की कमी और नींद की अनियमितता। दुनिया भर में टाइप-2 डायबिटीज की दर बढ़ रही है। टाइप-2 डायबिटीज दृष्टि हानि और अंधेपन, गुर्दे फेल होने की समस्या, दिल के दौरे, स्ट्रोक, संक्रमण और यहां तक कि समय से पहले मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन रही है। प्री-डायबिटीज यानी, (उच्च रक्त शर्करा जिससे पूर्ण मधुमेह होने का उच्च जोखिम होता है) से पीड़ित 80 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। और पूर्ण मधुमेह से पीड़ित चार में से एक व्यक्ति को पता ही नहीं चलता कि उन्हें यह रोग है। शोध बताते हैं कि एक स्वस्थ जीवनशैली मधुमेह होने से रोक सकती है। यहां तक कि इसके बढ़ने को भी पलट सकती है।

**डायबिटीज होने के कारण:** डायबिटीज, लाइफस्टाइल से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है, जो एक बार हो जाए तो पूरी जिंदगी सावधानी बरतनी पड़ती है। जब शरीर में इंसुलिन की कार्यक्षमता कम हो जाती है या शरीर उसका सही उपयोग नहीं कर पाता, तो ब्लड शुगर स्तर असामान्य रूप से बढ़ने लगता है, जिससे डायबिटीज होता है। यह रोग केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और जीवनशैली से जुड़ा हुआ है। बहुत अधिक तनाव, गलत खान-पान, नींद की कमी और शारीरिक गतिविधियों की कमी इसके मुख्य कारणों में से हैं।

**हेल्दी डाइट-लाइफस्टाइल से कंट्रोल संभव :** हेल्थ एक्सपर्ट्स बताते हैं कि सही खान-पान और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाकर इस बीमारी को काबू में ही नहीं, बल्कि काफी हद तक रिवर्स भी किया जा सकता है। कुछ आसान आदतों को डेली रूटीन में शामिल करने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखा जा सकता है, जिससे डायबिटीज पेशेंट्स में इंसुलिन की निर्भरता भी कम हो सकती है। यह 20 वर्षों के चिकित्सा अनुसंधान से सिद्ध हो चुका है।

एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने टाइप-2 मधुमेह के जोखिम वाले लोगों को लिया और उन्हें 24 हफ्तों तक आहार और जीवनशैली में बदलाव के साथ एक दवा दी गई, ताकि यह देखा जा सके कि क्या ऐसा करना उनके मधुमेह विकसित होने के जोखिम को कम कर सकता है? इस अध्ययन का मूल लक्ष्य प्रतिभागियों की दैनिक आदतों में बदलाव लाना था। बदलाव के नतीजे सकारात्मक आए।

इस समय देश-दुनिया में करोड़ों लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं और करोड़ों लोग इसके लिए हाई रिस्क पर हैं। हालांकि अभी तक इस रोग का सटीक उपचार नहीं खोजा गया है लेकिन अपनी जीवनशैली और डाइट हैबिट में बदलाव करके डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके लिए कैसा हो आपका डाइट रूटीन, जानिए।

# डाइट मैनेजमेंट से पॉसिबल है डायबिटीज कंट्रोल





**कारगर है आयुर्वेद-प्राकृतिक चिकित्सा:** आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियां भी इस दिशा महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। अनेक रिसर्च और केस स्टडीज यह साबित कर चुकी हैं कि केवल अनुकूल आहार, योग, प्राणायाम और हर्बल उपचार से डायबिटीज का प्राकृतिक इलाज संभव है।



भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद, सदियों से मधुमेह जैसे रोगों का इलाज कर रही है। नीम, करेला, जामुन, गुड़मार जैसे हर्ब्स इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ाने में सहायक होते हैं।

आजकल कई आयुर्वेदिक संस्थान इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। नीम करेला थैरेपी एक अत्यधिक प्रभावी पद्धति मानी जाती है, जिसमें मरीज के पैरों से नीम और करेला का रस शरीर में अवशोषित किया जाता है, जिससे ब्लड शुगर स्तर में आश्चर्यजनक सुधार देखा गया है।

**डायबिटीज रिवर्सल में डाइट का रोल:** इसके तहत डायबिटीज के अनुकूल आहार लेना जरूरी है। इसका अर्थ है ऐसा भोजन, जो रक्त में शर्करा के स्तर को संतुलित रखे और साथ ही शरीर को संपूर्ण पोषण भी प्रदान करे।

**क्या खाएं:** नियमित रूप से अपने भोजन में फाइबर युक्त सब्जियां जैसे लौकी, परवल, पालक, मेथी लें। साबुत अनाज जैसे जौ, रागी, कुट्टू, बाजरा का सेवन करें। इसके उपचार में कुछ प्राकृतिक औषधियां बड़ी उपयोगी हैं। जैसे नीम, करेला, जामुन के बीज। हेल्दी फैट्स जैसे नारियल का तेल, घी (सीमित मात्रा में) लें। पेय पदार्थ में गुनगुना पानी, नीबू पानी, छाछ, हर्बल चाय फायदेमंद है। रक्त शर्करा में वृद्धि को रोकने के लिए कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाला साबुत अनाज, अनप्रिजर्व्ड कार्बोहाइड्रेट चुनें। क्विनोआ, ब्राउन राइस, साबुत गेहूं और ओट्स जैसे खाद्य पदार्थ इसमें शामिल हैं।

**क्या न खाएं:** इन चीजों से परहेज करें।

- मैदा और रिफाइंड चीनी से बने फूड्स।
- पैकेज्ड फूड, कोल्ड ड्रिंक, जंक फूड।
- अधिक तला-भुना और मिर्च-मसालेदार खाना न खाएं।

**कम खाएं:** कैलोरी सेवन को नियंत्रित करने और जरूरत से ज्यादा खाने से बचने के लिए, खाने की मात्रा पर नजर रखें। यहां तक कि हेल्दी फूड्स भी जरूरत से ज्यादा खाने पर रक्त शर्करा के असंतुलन का कारण बन सकते हैं।

**भोजन का समय फिक्स करें:** पूरे दिन रक्त शर्करा के स्तर को स्थिर रखने के लिए भोजन के समय को नियमित रखें। नाश्ता और खाना स्किप न करें। देर रात भोजन न करें। *

**(डायटिशियन पिंकी गोयल और संगीता मिश्र से बातचीत पर आधारित)**

## रोज सेवन करें ये फायदेमंद चीजें

**कुछ चीजें** अगर आप अपने डाइट रूटीन में शामिल करें तो बहुत फायदेमंद हो सकता है।

**मेथी दाने का पानी:** रोज सुबह खाली पेट मेथी दाने का पानी लें। इसके लिए रात को एक चम्मच मेथी दाना थोड़े से पानी में भिगो दें और सुबह खाली पेट उस पानी को पी लें। मेथी दाने में फाइबर अच्छी मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को धीमा करके ब्लड शुगर लेवल को बढ़ने से बचाता है।





**कच्चे प्याज का सलाद:** कच्चे प्याज का सलाद खाएं। प्याज खाने से ब्लड शुगर कुछ ही घंटों में कम होने लगता है। सिर्फ 100 ग्राम कच्चा प्याज खाने से 4 घंटे के भीतर शुगर लेवल में गिरावट आती है। प्याज खाने से शरीर का इंसुलिन रिस्पॉन्स भी बेहतर होता है।

**खाने के बाद 500 कदम चलें:** रोज दोनों समय भोजन करने के बाद 500 कदम पैदल चलें। ऐसा करने से शरीर की मांसपेशियां एक्टिव होती हैं और हमारा शरीर खून में मौजूद शुगर को एनर्जी के रूप में इस्तेमाल करता है। इससे ब्लड शुगर नहीं बढ़ता।

**रात को आंवला-हल्दी पानी पिएं:** रोज रात के समय आंवला और हल्दी का पानी पीने की आदत डालें। आंवले में क्रोमियम होता है, जो इंसुलिन की कार्यक्षमता बढ़ाता है। वहीं, हल्दी भी इंसुलिन को बेहतर बनाकर ब्लड शुगर कम करती है।

**हर्बल जोन**

**रेखा देशराज**

# सर्दियों का अमृत है त्रिफला

त्रिफला शब्द संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है। 'त्रि' तथा 'फला' यानी तीन फलों का संयोजन। वास्तव में त्रिफला तीन फलों से मिलकर बनता है। ये तीन फल हैं आंवला, हरड़ और बहेड़ा। इन तीनों फलों को सुखाकर बारीक पीस लिया जाता है और इनका अनुपात सामान्यतः त्रिफला में इस प्रकार होता है। एक हरड़, दो बहेड़ा और चार आंवलों का मिश्रण आदर्श त्रिफला के रूप में हमारे सामने आता है। सुखाकर बारीक पीस लिए गए इन तीनों फलों का मिश्रण यानी त्रिफला आजकल टैबलेट और काढ़े के रूप में भी बाजार में उपलब्ध है। त्रिफला को आयुर्वेद में त्रिदोषनाशक कहा जाता है यानी शरीर के तीनों दोष- वात (गैस और जोड़ों की गति से जुड़ा हुआ), पित्त (पाचन और गर्मी से जुड़ा हुआ) और कफ (बलगम और ठंड से जुड़ा हुआ)। त्रिफला इन तीनों दोषों को दूर करके हमारे शरीर को संतुलित करता है।

**कई समस्याओं से दिलाए राहत:** जैसे ही सर्दी दस्तक देती है, हमारे शरीर की प्राकृतिक क्रियाएं धीमी पड़ने लगती हैं। सुबह की ठंडी हवा, कम पानी पिया जाना, गरिष्ठ भोजन और शारीरिक गतिविधियों को कम करने के कारण इन दिनों पाचन में गड़बड़ी, त्वचा में रुखापन, जोड़ों में दर्द और नींद से जुड़ी अनेक परेशानियां सिर उठाने लगती हैं। ऐसे में



त्रिफला बहुत काम आता है। आंवला, हरड़ और बहेड़े का यह मिश्रण इस मौसम के लिए वरदान है। सर्दियों में यह शरीर को अंदर से शुद्ध, संतुलित और ऊर्जावान बनाए रखता है। दरअसल सर्दियां बढ़ते ही क्योंकि हम लोग कम पानी पीने लगते हैं और तला, भुना भोजन ज्यादा खाने लगते हैं, इसलिए हमारा पाचन कमजोर हो जाता है और कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। इसी तरह इन दिनों ठंडी हवाएं चलने के कारण हमारे शरीर की नमी कम हो जाती है और त्वचा फटने लगती है, होंठ भी सूखने लगते हैं और चेहरा बेजान नजर आने लगता है।

**जोड़ों के दर्द में मिले आराम:** ठंड के कारण रक्तप्रवाह धीमा हो जाता है। इसलिए जोड़ों में दर्द और अकड़न बढ़ जाती है। सर्दियों में हम बाकी मौसमों के मुकाबले कुछ ज्यादा खाने लगते हैं, इसलिए इस मौसम में हमारा वजन भी बढ़ जाता है और जोड़ों में दर्द, अकड़न महसूस होती है। शरीर कम सक्रिय रहने के कारण इन दिनों हमारे शरीर में फैट जमा हो जाता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ जाता है और ठंडी रातें लंबी होने के कारण हमारी नींद आमतौर पर असंतुलित हो जाती है। इन दिनों सुबह उठने में आलस आता है और दिनभर तन व मन थके-थके महसूस होते हैं। इन सब परेशानियों में काम आता है-त्रिफला।

यह इम्यूनिटी बढ़ाने और शरीर को स्फूर्तिदायक बनाए रखने में सहायक होता है। त्रिफला में बहेड़ा होने के कारण यह फेफड़ों और श्वसन तंत्र को मजबूत करता है, साथ ही सर्दियों में हमें सर्दी जुकाम से बचाता है और हरड़ शामिल होने के कारण त्रिफला हमारी पाचनशक्ति सुधारता है, हमें कब्ज और गैस से दूर रखता है। इस तरह तीनों फलों का यह मिश्रण अनेक गुणों से भरपूर होने के कारण सर्दियों में हमारे शरीर के लिए संतुलन साधक औषधि का काम करती है।


**सेवन का तरीका:** जहां तक इसके सेवन का तरीका है तो आमतौर पर रात में सोने के पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण गुनगुने पानी के साथ लिया जाता है या सुबह खाली पेट हल्के गुनगुने पानी के साथ भी इसका सेवन करते हैं। लगातार दो-तीन महीना सेवन करने से शरीर में हल्कापन, त्वचा में निखार और पाचनतंत्र में मजबूती दिखती है। *

**फिटनेस फंडा**

**मोहित मलिक**

# फिजिकल-मेंटल फिटनेस के बीच रखता हूं बैलेंस

इन दिनों सोनी सब चैनल पर आ रहे सीरियल 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान शिव का रोल मोहित मलिक निभा रहे हैं। मोहित के लिए फिटनेस के क्या मायने हैं, इसे वे कैसे मेंटेन करते हैं, यहां मोहित बता रहे हैं अपनी जुबानी।



एक्टर मोहित मलिक के लिए शारीरिक फिटनेस और मानसिक शांति के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि वे 'गाथा शिव परिवार की–गणेश कार्तिकेय' सीरियल में भगवान शिव के शांत, संयमित और सशक्त स्वरूप को सही मायने में अभिव्यक्त कर सकें। इसके लिए वे अनुशासित जीवन, नियमित व्यायाम, ध्यान, संतुलित आहार फॉलो करते हैं। अपने फिटनेस रूटीन के बारे में वे यहां बता रहे हैं विस्तार से।

**डेली रूटीन:** फिटनेस के लिए वर्कआउट और मेडिटेशन मेरे जीवन का अहम हिस्सा हैं। इन दोनों के साथ मैं बिल्कुल भी समझौता नहीं करता हूं। खासकर जब इन दिनों मैं भगवान शिव की भूमिका निभा रहा हूं। मैं हफ्ते में पांच दिन शूटिंग पर जाने से पहले फिजिकल ट्रेनिंग करता हूं, जिससे दिन की शुरुआत सकारात्मक होती है। अगर कभी वर्कआउट मिस हो जाए, तो मुझे दिन भर असंतुलित और थका हुआ महसूस होता है। ध्यान (मेडिटेशन) मुझे काम के प्रति फोकस्ड रखने में हेल्प करता है। इसलिए अगर टाइम नहीं मिल पाता तो मैं अकसर सेट पर जाते समय अपनी गाड़ी में यात्रा के दौरान ही ध्यान कर लेता हूं। यह मेरे लिए आत्मचिंतन का शांत समय बन जाता है।

**डाइट प्लान:** हेल्थ फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए मैं डाइट पर भी ध्यान देता हूं। दिन में चार बार बैलेंस्ड डाइट लेता हूं, जिसमें प्रोटीन और फाइबर जरूर शामिल करता हूं। अपनी डाइट में चीनी और फ्राइड फूड्स से परहेज करता हूं।

**मानसिक शांति के लिए:** योगाभ्यास और ब्रीदिंग एक्सरसाइज यानी विभिन्न तरह के प्राणायाम करना भी मेरे फिटनेस रूटीन का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये मुझे उस स्थिरता और संयम को महसूस करने में मदद करते हैं, जो भगवान शिव का सार है। भगवान शिव की भूमिका निभाने के लिए शक्ति और शांति दोनों की आवश्यकता होती है। यह अनुशासन मुझे उस ऊर्जा से जुड़े रहने में मदद करता है। कभी-कभी मैं रात में एक घंटे टहलने निकल जाता हूं, पॉडकास्ट सुनते हुए या खुद के साथ कुछ शांत समय बिताते हुए। यह मेरा रिचार्जिंग और माइंडफुल रहने का तरीका है। इससे मुझे भरपूर मेंटल पीस मिलता है। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**



एटीपी फाइनल्स



# रोमांचक मुकाबले में मुसेट्टी ने मिनौर को हराया, 2 घंटे 47 मिनट चली प्रतिस्पर्धा

एजेंसी ▶▶| ट्यूरिन

एटीपी टूर फाइनल्स में लोरेंजो मुसेट्टी ने रोमांचक मुकाबले में एलेक्स डी मिनौर को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी। इसी के साथ मुसेट्टी ने एटीपी टूर फाइनल्स 2025 में अपनी पहली जीत दर्ज की। यह मुकाबला 2 घंटे 47 मिनट तक चला। लोरेंजो मुसेट्टी ने पहला सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया था, लेकिन दूसरे सेट में वह 3-6 से पिछड़ गए।

इसके बाद 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने उस समय अपनी चमक फिर से दिखाई जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। 4-3, 30/30 के स्कोर पर 31 शॉट की शानदार रैली में हारने के बाद मुसेट्टी ने नाटकीय अंदाज में वापसी की। उन्होंने तीसरा सेट 7-5 से जीतकर अपने सीजन की सबसे बड़ी जीत में से एक हासिल की। इसी के साथ मुसेट्टी ने जिमी कॉनर्स ग्रुप में 1-1 की बराबरी करते हुए क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को बरकरार रखा है।

### मुसेट्टी ने किया कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एटीपी टूर फाइनल्स में पहली बार प्रतिस्पर्धा करते हुए, मुसेट्टी ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर क्वालीफाई किया। वह मोंटे-कार्लो, चेंगदू और हाल ही में पिछले हफ्ते एथेंस में फाइनल में पहुंचे और इस सीजन में 45-21 का रिकॉर्ड बनाया। 2025 से पहले, इस इतालवी खिलाड़ी ने कभी भी एक साल में 40 से ज्यादा टूर-स्तरीय जीत दर्ज नहीं की थी। अब वह इस उपलब्धि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं। लोरेंजो मुसेट्टी गुरुवार को अपने तीसरे मैच में पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से भिड़ेंगे।

कार्लोस ने टेलर को हराया



### शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंचे अल्काराज

दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं, जिसके लिए उन्हें अब केवल एक जीत की दरकार है। अल्काराज ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-7 (2), 7-5, 6-3 से हराया। उन्हें अब यानिक सिनर की जगह साल के आखिर में नंबर एक रैंकिंग हासिल करने के लिए या तो अपने ग्रुप के अंतिम मैच में लोरेंजो मुसेट्टी को हराना होगा या फिर सेमीफाइनल में जीत दर्ज करनी होगी। अल्काराज ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मैं इसके बारे में सोचने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। लेकिन नंबर एक रैंकिंग के बारे में नहीं सोचना वास्तव में बहुत मुश्किल है।' अल्काराज दुनिया के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे सत्र के इस अंतिम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी पहुंच गए हैं।

## खबर संक्षेप



### जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी पहुंची लखनऊ

**लखनऊ।** तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की ट्रॉफी भारत भ्रमण के अपने एक पड़ाव में को लखनऊ पहुंची, जिसका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा, 'लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का स्वागत करना मेरे और प्रदेशवासियों के लिए आह्लादित करने वाला क्षण है।' जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भारत, चीन, बेल्जियम जापान, स्पेन, न्यूजीलैंड चिली, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया समेत 24 टीम हिस्सा लेंगी।

### बोंडी ओपन के सेमी फाइनल में रथिका, चीन में हारीं अनाहत



**नई दिल्ली।** सिडनी में बोंडी ओपन पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त रथिका सुथांथिरा सीलन सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रथिका ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आराधना कस्तूरीराज को 11-8, 11-3, 11-5 से हराकर की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की अनंतना प्रसेरतनाकुल को 11-7, 11-3, 11-3 से हरा दिया। वहीं अनाहत सिंह शंघाई में मिस्र की आठवीं वरीयता प्राप्त और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सना इब्राहिम के खिलाफ बढ़त बनाने के बावजूद चाइना ओपन के अंतिम 16 के मुकाबले में हार गईं। भारतीय खिलाड़ी अनाहत इस तरह पीएसए गोल्ड टूर्नामेंट में 11-5, 6-11, 4-11, 7-11 से पराजित हो गईं।

### पाकिस्तान में बढ़ाई गई श्रीलंकाई टीम की सुरक्षा



**रावलपिंडी।** इस्लामाबाद और वाना में हुए आतंकवादी हमलों के बाद पाकिस्तान के दौरे पर आई श्रीलंका की क्रिकेट टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उसके खिलाड़ियों के साथ सरकारी मेहमानों जैसा व्यवहार किया जाएगा। इस्लामाबाद में श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) फ्रेड सेनेविरत्ने, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी और सरकारी अधिकारियों के बीच हुई बैठक में सुरक्षा मुद्दे पर चर्चा की गई। सूत्रों ने बताया कि नकवी ने श्रीलंकाई टीम के अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया। नकवी पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं।

## कोलकाता के ईडन गार्डन में कल से पहला टेस्ट

# जुरेल को मिली टीम इंडिया में जगह, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेंगे मैदान पर

ध्रुव जुरेल ने पिछले हफ्ते बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में द.अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ए की ओर से खेलते हुए नाबाद 132 और नाबाद 127 रन की पारी खेली थी।

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



भारतीय टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने कहा कि शानदार फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के बाहर बैठने की संभावना है। जुरेल ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने पिछले पांच प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतक लगाए हैं, जिसमें पिछले सप्ताह बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका 'ए' के खिलाफ दोनों पारियों में लगाए गए शतक भी शामिल हैं।

टेन डोएशे का भारतीय टीम के संयोजन को लेकर नजरिया बेहद स्पष्ट था और उन्होंने साफ किया कि जुरेल इस मैच में खेलेंगे। टेन डोएशे ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें टीम संयोजन का अच्छा अंदाजा हो गया है। मुझे नहीं लगता कि आप उन्हें (जुरेल और पंत) इस टेस्ट के लिए बाहर कर सकते हैं। मुझे बहुत आश्चर्य होगा यदि आप ध्रुव और ऋषभ को इस टेस्ट मैच में खेलते हुए नहीं देखें।' घरेलू सत्र की शुरुआत से लेकर अब तक जुरेल के स्कोर का क्रम 140, 1 और 56, 125, 44 और 6, 132 और नाबाद 127 रन रहा है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में अपने करियर का पहला टेस्ट शतक भी लगाया था और उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखकर उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। डोएशे ने कहा, 'पिछले छह महीनों में ध्रुव ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है और पिछले सप्ताह बेंगलुरु में (दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ) दो शतक लगाए हैं, उसे देखते हुए उनका इस मैच में खेलना तय है।'

### भारत-द.अफ्रीका रिकॉर्ड

1992 में साउथ अफ्रीका की वापसी के बाद दोनों देश 17 सीरीज खेल चुके हैं। इस दौरान ज्यादातर घरेलू टीम हावी रही है। साउथ अफ्रीका ने 8 और भारत ने 5 सीरीज जीतीं। दोनों के बीच 4 मैच ड्रॉ रहे। घर में साउथ अफ्रीका ने 9 में से 7 सीरीज जीतीं. दो ड्रॉ (2010-11, 2023-24)। वहीं भारत कभी नहीं जीता। इसके अलावा भारत ने घर में 8 में से 5 जीतीं। साउथ अफ्रीका को एकमात्र जीत 1999-2000 में मिली थी। पिछली भारत यात्रा के दौरान अफ्रीकी टीम को साल 2019 में 0-3 से हार मिली थी।

### दक्षिण अफ्रीका ने नेट्स पर जमकर किया अभ्यास



पाकिस्तान को रावलपिंडी में हराकर सीरीज बचाने वाली साउथ अफ्रीका टीम कोलकाता पहुंची गई है। अब सबकी नजर शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट पर है। नेट्स में खिलाड़ियों का पूरा जोर स्पिनर्स पर रहा और भारत का सामना करने जमकर पसीना बहाया। अफ्रीकी बैटर्स ने स्पिनर्स के खिलाफ अटैकिंग क्रिकेट खेला। चोट से उबरकर कप्तान टेम्बा बवुमा लौट आए हैं। जून में पहली बार डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान अब फिर कमान संभाल रहे हैं। पूरी टीम पहली बार साथ ट्रेनिंग कर रही थी। सबके चेहरे पर जोश साफ दिखा। नेट सेशन में सिर्फ एक ही प्लान था, स्पिन पर अटैक। बवुमा ने शॉर्ट थ्रो-डाउन लिए। चोट के बाद उनकी नजर और रिफ्लेक्स टेस्ट हो रहे थे। वहीं एडन मार्करम और रयान रिकेल्टन ने ओपनिंग की प्रैक्टिस की।

## आईसीसी रैंकिंग

# भारत वनडे और टी20 में दुनिया की नंबर 1 टीम

### अभिषेक और रोहित शीर्ष पर कायम, अक्षर को डबल फायदा




एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने इस हफ्ते की ताजा रैंकिंग जारी कर दी हैं। ज्यादातर नंबर 1 के स्थानों पर भारत का कब्जा बरकरार है। वनडे और टी20 में भारत दुनिया की नंबर एक टीम है। वहीं वनडे में रोहित शर्मा और टी20 में अभिषेक शर्मा नंबर 1 के स्थान पर कायम हैं।

तो टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती और टेस्ट में जसप्रीत बुमराह नंबर 1 पर बने हुए हैं। इसके अलावा रविंद्र जडेजा टेस्ट के नंबर 1 ऑलराउंडर हैं अक्षर पटेल को हालिया रैंकिंग में डबल फायदा हुआ है। अक्षर ने पिछले कुछ दिनों में बतौर ऑलराउंडर भी अपनी टीम इंडिया में खास छाप छोड़ी है। वह गेंदबाजी के साथ टीम इंडिया के लिए पिछले कुछ समय में बल्ले से भी कमाल करते नजर आए हैं। उनको ताजा रैंकिंग में गेंदबाजी और ऑलराउंडर दोनों की लिस्ट में फायदा मिला है।

### टी20 ऑलराउंडर्स में अक्षर को फायदा

अक्षर पटेल पिछले हफ्ते टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 17वें स्थान पर थे। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा उन्हें मिला है और अब वह दुनिया के टॉप 15 गेंदबाजों की लिस्ट में 15वें स्थान पर आ गए हैं। जबकि कुलदीप यादव 15वें से 19वें स्थान पर लुढ़क गए हैं। इसके अलावा टी20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी अक्षर को फायदा मिला है। अक्षर पटेल अब टॉप 10 टी20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट के करीब आ गए हैं। वह ताजा रैंकिंग में 14वें से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि हार्दिक पंड्या,जो ऑस्ट्रेलिया सीरीज नहीं खेल पाए थे अब चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। जबकि नंबर 1 टी20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को ऑलराउंडर्स की इस लिस्ट में 16वें से 17वें स्थान पर खिसकना पड़ेगा।

## आल इंडिया टेनिस टैलेंट सीरीज, नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट

# मप्र के पृथ्वी और राजस्थान के ज्योतिरादित्य सेमीफाइनल में

महिला वर्ग में मप्र की काश्वी, वारी, आरशिया और अनन्या भी अंतिम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी के खेली जा रही आइटा अंडर 16 आल इंडिया टेनिस टैलेंट सीरीज नेशनल रैंकिंग टूर्नामेंट में बालक वर्ग में मप्र के पृथ्वी सिंह चौहान, निकुंज पाटीदार, अराध्य मिश्रा तथा राजस्थान के ज्योतिरादित्य सिंह ने शानदार जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं बालिका में वारी पाटनकर, आशरिया , अनन्या राठी व ककराल ने अपने अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

सलैया स्थित ऐस टेनिस स्कूल राजीव गांधी कालेज परिसर में बालक वर्ग में राजस्थान के ज्योतिरादित्य सिंह ने मप्र के अर्जन अरोरा को सीधे सेटों में 6-2,7-5 से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। वहीं अन्य क्वार्टर फाइनल में निकुंज पाटीदार ने मोहम्मद आरिज को 6-2, 5-7, 6-4 से, पृथ्वी सिंह चौहान ने मीरेश गिरधानी को 6-2, 6-3 से तथा अराध्य मिश्रा ने अरहान गनात्रा को आसानी से 6-1, 6-1 से पराजित कर अंतिम चार में अपना स्थान पक्का किया। वहीं बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में वारी पाटीदार ने धृति शर्मा को 6-0, 6-0 से, आशरिया ने रवान्या मलिक को, अनन्या राठी ने गौरी शर्मा को 6-1, 6-2 से तथा काश्वी ठुकराल ने येहशा को 6-0, 6-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

बालक युगल के क्वार्टर फाइनल में ज्योतिरादित्य-हेमंग की जोड़ी ने पृथ्वी-अराध्य की जोड़ी को 6-2, 7-5 से, रुद्राक्ष-अर्जन की जोडी ने कोविध- निकुंज की जोड़ी को 6-5, 6-1 से, हितार्थ-मीरेश की जोड़ी ने अर्णव-जतिन की जोड़ी को 6-2, 6-3 से तथा सोहम- आरिज की जोड़ी ने अनघ- अहान की जोड़ी पर 7-5, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया।

## अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता

# एनसीसीसी व सेंट माइकल अकादमी को हराया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

स्वर्गीय श्री ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार का मैच एनसीसीसी व सेंट माइकल अकादमी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए एनसीसीसी टीम ने पवन निर्वाणी के आतिशी शतक 166 रन मोहित झाबा के 131 और नवीन सिंह के 30 रनों की मदद से कुल 358/6 रन बनाए। सेंट माइकल की ओर से मधुर सेठ ने दो, जबकि अली जैदी और अजहर महमूद ने क्रमशः एक -एक विकेट लिए।

जवाबी पारी खेलते हुए सेंट माइकल अकादमी की टीम ने भी 311/9 रन बनाए। सचिन राव ने 72, आयुष यादव ने 50 और आशु शेख़ ने 49 रन बनाए। एनसीसीसी की ओर से प्रियांशु शुक्ला, पवन निर्वाणी और आकाश सिंह ने क्रमशः 2-2 विकेट लिए। इस प्रकार एनसीसीसी ने मैच को 47 रनों से जीत लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए पवन निर्वाणी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ क्रिकेटरों स्वदेश सिंह, माधव तिवारी, सुभाष बोराना और अतुल खरे ने प्रदान किया।

## अंडर-22 इंटर क्लब/ अकादमी बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट

# राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट और रेल्वे गर्वित की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



अभिराज भदौरिया, 79 रन नाबाद, रेल्वे गर्वित अकादमी

भोपाल डिवीज़न क्रिकेट एसोसिएशन (बीडसीए) द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में बाबे अली मैदान पर कैप क्रिकेट अकादमी और रेल्वे गर्वित क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। कैप अकादमी ने 45.1 ओवर में 165 रन बनाए, जिसमें मोहम्मद शाहिद ने 56 और वेद वर्मा ने 45 रन बनाए । रेल्वे गर्वित के अनुज ने 3और आयुष और जसमीत सिंह ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में रेल्वे गर्वित अकादमी 42.3 ओवर में 5 विकेट पर 167 रन बनाकर मैच जीत गयीं, जिसमे अभिराज भदौरिया ने नाबाद 79 और साहिल सक्सेना ने 24 रन बनाए । कैप अकादमी से गेंदबाजी करते हुए लक्ष्य शर्मा ने 4 विकेट लिए । इस तरह रेल्वे गर्वित क्रिकेट अकादमी ने कैप अकादमी को 5 विकेट से हराया ।

### राजगढ़ ने सीहोर को 3 विकेट से हराया



मन प्रताप सिंह, 44 रन और 1 विकेट, राजगढ़

अंडर-22 बॉयज का दूसरा मैच फ्रेथ मैदान पर राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट और सीहोर डिस्ट्रिक्ट के मध्य खेला गया, सीहोर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.1 ओवर में 118 रन बनाए, इनमें सीहोर से आयुष प्रजापति ने 24, आदिल खान ने 22 रन बनाए । राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट के राजेश सोंधिया ने 3 विकेट, राज, योगेश और शौर्य प्रताप ने 2-2 विकेट लिए । जवाब में राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट ने 34.3 ओवर में 7 विकेट पर 119 रन बनाकर मैच जीत लिया, जिसमें मन प्रताप सिंह ने 44 और किंशुक श्रीवास ने 26 रन बनाए। सीहोर डिस्ट्रिक्ट के उज्जवल पालीवाल ने 2, कनक, कृष्णा, दीपेशऔर सरवेंद्र ने 1-1 विकेट लिया । इस तरह राजगढ़ डिस्ट्रिक्ट ने सीहोर डिस्ट्रिक्ट को 3 विकेट से हराया ।

## उज्जैन की बेटी ने प्रदेश और देश का बढ़ाया गौरव, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी बधाई




# उज्जैन की बेटी आराध्या पोरवाल ने जीती जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप-2025

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन की बेटी आराध्या पोरवाल को जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप 2025 (गर्ल्स अंडर-17) का खिताब जीतने पर उन्हें बधाई दी है। यह प्रतियोगिता चेन्नई में आयोजित की गई थी और आराध्या ने इसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आराध्या को शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। आराध्या की इस उपलब्धि पर उज्जैन निवासियों सहित प्रदेश और देश दोनों को गर्व है। आराध्या ने इस प्रतियोगिता में अपनी अद्वितीय प्रतिभा और अनुशासन का प्रदर्शन किया है और जुलाई 2025 से अंडर-17 गर्ल्स कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंकिंग में नंबर-1 पर हैं। आराध्या ने अपने करियर में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं, जिनमें एशियन जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक और वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में शीर्ष 32 में स्थान शामिल है। आराध्या दिल्ली में पदस्थ पुलिस के उपायुक्त विक्रम पोरवाल की बेटी हैं। इस सफलता के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने भी उन्हें बधाई दी है।




## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री आज भावांतर की राशि करेंगे अंतरित

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 नवम्बर को प्रदेश के 1.33 लाख किसानों को 233 करोड़ रुपए की भावांतर राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भावांतर योजना के तहत प्रदेश के सोयाबीन उत्पादक किसानों को देवास में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री देवास जिले के 183 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत के 8 विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री 13 नवम्बर को सुबह 11.30 बजे देवास पहुंचेंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 1.35 बजे देवास से इन्दौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जवाहर चौक पर प्लाट से कब्जा हटाया

**भोपाल।** जवाहर चौक स्थित एक प्लाट पर किए गए अतिक्रमण को बुधवार को नगर निगम ने हटाने की कार्रवाई की। स्मार्ट सिटी से शिकायत मिली थी कि अतिक्रमणकारियों ने प्लाट पर पक्की दुकान बना ली है और छह गुमठियां रख ली हैं। अतिक्रमण प्रभारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए निगम अमले ने बुलडोजर से पक्की दुकान तोड़ दी, गुमठियों को जब्त कर 12 नंबर दफ्तर शिफ्ट किया।

### माशिमं कर्मचारी संघ की नवनिर्वाचित

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का बुधवार को शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा इंजी सुधीर नायक (अध्यक्ष मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ) को मानद अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रमोद मेवाड़ा महामंत्री चुने गए। भोपाल दक्षिण-पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा सभी को शपथ दिलाई गई।

### मुरैना के जौरा थाने से 160 केस डायरियां गायब

**भोपाल।** मुरैना जिले के जौरा थाने से लगभग 160 केस डायरियां गायब हो जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ये केस डायरियां मारपीट से लेकर धोखाधड़ी, डकैती, लूट, हत्या के प्रयास और हत्या जैसे कई संगीन अपराधों की हैं। मामले को लेकर एसपी ने एएसपी से जांचकर रिपोर्ट मांगी है।

### यश मप्र युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**भोपाल।** यश घनघोरिया मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। अध्यक्ष की दौड़ में दूसरे नंबर पर रहे अभिषेक परमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए गए। तीसरे नंबर पर रहे देवेंद्र सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।

# धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का समापन 15 नवंबर को, मुख्यमंत्री, मंत्री व सांसदों को जिले आवंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का समापन 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होगा। इसके तहत राज्य, जिला, विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस कार्यक्रम के लिए सभी मंत्रियों को जिले आवंटित किए हैं।

उन सभी मंत्रियों से कहा गया है कि वे 15 नवंबर को उनके लिए आवंटित जिलों में पहुंचकर जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हो। इसके साथ ही साथ भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का समापन कार्यक्रम धूमधाम से मनाएं।

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से जारी आदेश के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह जबलपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी तरह विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ग्वालियर, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला रीवा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय धार, मंत्री प्रह्लाद पटेल भिंड, मंत्री करण सिंह वर्मा सीहोर, उदय प्रताप सिंह नरसिंहपुर, संपत्तियां उईके मंडला, तुलसीराम सिलावट इंदौर, एदल सिंह कंसाना मुरैना, सुश्री निर्मला भूरिया झाबुआ, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सागर, विश्वास सारंग रायसेन, नारायण सिंह कुशवाहा शाजापुर, नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी, राकेश शुक्ला अशोक नगर, चेतन कश्यप रतलाम, इंदर सिंह परमार आगर मालवा में शामिल होंगे। इसीतरह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर भोपाल, मंत्री धर्मेंद्र लोधी दमोह, दिलीप जायसवाल अनूपपुर, गौतम टेटवाल उज्जैन, लखन पटेल विदिशा, नारायण सिंह पवार राजगढ़, नरेंद्र शिवाजी पटेल बैतूल, प्रतिमा बागरी सतना, दिलीप अहिरवार छतरपुर, राधा सिंह सिंगरौली में बिरसामुंडा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी तरह सांसदों व विधायकों को भी जिले आवंटित किए गए हैं।

# भाजपा ने बनाई जिला एसआईआर टोली, हेल्पलाइन नंबर भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी जिला भोपाल (नगर) ने एसआईआर को लेकर भोपाल नगर जिला एसआईआर टोली बनाने के साथ ही हेल्पलाइन नंबर 9993610888 जारी किया है। एसआईआर जिला समन्वय टोली में जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, मनोज राठौर, शंकर मकोरिया, इंद्रजीत सिंह राजपूत, जिला मंत्री अनिल पचौरी, भाषित दीक्षित, कार्यालय मंत्री रवि शर्मा, सह कार्यालय मंत्री डॉ. योगेंद्र मुखरैया, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा वंदना जाचक को शामिल किया है। इसके अलावा जिला मंत्री राजकुमार विश्वकर्मा को जिला संयोजक एसआईआर, निर्वाचन आयोग शासकीय कार्य के लिए नवल प्रजापति, विधि कार्य के लिए प्रदेश सह संयोजक विधि प्रकोष्ठ अशोक विश्वकर्मा, सतेंद्र बाथम, अजय मिश्रा, अरूण मिश्रा, आईटी एसआईआर टोली में जिला आईटी संयोजन विश्वविजय सिंह सहित 6 अन्य लोगों को भी शामिल किया है।

डाइवर और तीन बच्चे घायल, स्वर्ण जयंती पार्क के पास हादसा

# सड़क किनारे खड़े लोडिंग ऑटो से टकराई बच्चों से भरी स्कूल वैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चूनाभट्टी थाने के पास बुधवार सुबह स्कूल वैन सड़क किनारे खड़े लोडिंग ऑटो से टकरा गई। इस हादसे में तीन बच्चों को मामूली चोट आई है। जबकि ड्राइवर को गंभीर चोट है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए थे। बाद में बच्चों को दूसरी बस में बैठाकर स्कूल के लिए भेजा गया।

पुलिस के अनुसार चूनाभट्टी चौराहे के आगे कोलार रोड पर स्वर्ण जयंती पार्क के सामने सड़क किनारे कुछ दुकानें लगती हैं। रात को किसी ने पार्क के पास अपना लोडिंग वाहन खड़ा कर दिया था। बुधवार की सुबह कोलार के निजी स्कूल की एक वैन बच्चों को लेकर कोलार की तरफ जा रही थी। इस दौरान वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोडिंग वाहन से जाकर टकरा गई। इस हादसे में वैन में सवार तीन बच्चों और ड्राइवर को चोट आई।


हादसे में स्कूल वैन क्षतिग्रस्त हो गई।

### घायल बच्चों को बाहर निकाला

हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बच्चों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। बाद में स्कूल की तरफ से दूसरा वाहन भेजा गया, जिसमें बच्चों को बैठाकर स्कूल के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में वैन ड्राइवर को गंभीर चोट है। वहीं बच्चों को मामूली चोट आई है।

## ड्यूटी से लौटी युवती ने बड़े तालाब में छलांग लगाकर की आत्महत्या

तलैया थाना क्षेत्र स्थित गौहर महल के पास एक युवती ने तालाब में कूदकर जान दे दी। उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और परिजन उसका इलाज भी करा रहे थे। एसआई राधेलाल ने बताया कि लखेरापुरा थाना कोतवाली निवासी 28 वर्षीय अदिति गर्ग मालवीय नगर में प्राइवेट जॉब करती थीं। परिवार में सिर्फ मां हैं। पिता का निधन हो चुका है। रोजाना की तरह मंगलवार सुबह अदिति काम पर जाने के लिए निकली थीं। शाम करीब साढ़े 6 बजे तक वह घर लौट आती थी, लेकिन मंगलवार को वह घर नहीं लौटी। ड्यूटी से आने के बाद वह सीधे वीआईपी रोड पर पहुंची और वहां गौहर महल के पास से बड़े तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। रात करीब 8 बजे पुलिस को तालाब में शव पड़े होने की सूचना मिली थी। महिला की मां व अन्य लोग भी तलाश में लगे थे। पुलिस व परिजन मौके पर पहुंच गए। गोताखोरों की मदद से शव पानी से बाहर निकालकर हमीदिया अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

■ दिमागी हालत ठीक नहीं थी, 15 दिन ससुराल में रहने के बाद घर लौट आई थी

### ससुराल से 15 दिन बाद लौट आई थी मायके

दिसंबर 2024 में अदिति की शादी सिवनी मालवा में हुई थी। शादी से पहले ही अदिति की दिमागी हालत पूरी तरह से ठीक नहीं थी। यह बात वर पक्ष को भी बता दी गई थी। शादी वाले दिन भी अदिति को दौरा पड़ा था। करीब 15 दिन ससुराल में रहने के बाद वह भोपाल मायके लौट आई थी। उसकी तलाक का मामला भी कोर्ट में चल रहा था।

**प्रतिनिधि मंडल ने** महापौर मालती और निगम आयुक्त संस्कृति से की मुलाकात

# ओडिशा के निकायों के अधिकारियों ने देखी भानपुर खंती और कचरा कैफे की व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ओड़िसा नगरीय निकायों का एक दल बुधवार को भोपाल पहुंचा। दल के सदस्यों ने शहर की सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। अधिकारियों ने भानपुर स्थित पुरानी खंती, अन्ना नगर, दानापानी, अरेरा कालोनी कचरा कैफे तथा इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेन्टर पर की जा रही स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा वाहनों की मॉनिटरिंग एवं रिसाइकलिंग आदि की प्रक्रिया का अवलोकन किया और नगर निगम भोपाल द्वारा स्वच्छता व कचरा प्रबंधन की दिशा में किए जा रहे कामों की सराहना भी की।

दो दिवसीय प्रवास पर भोपाल पहुंचे अधिकारियों ने महापौर मालती राय व निगम आयुक्त संस्कृति जैन से सौजन्य भेंट कर नगर निगम द्वारा स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यों व नवाचारों के संबंध में चर्चा की। महापौर ने प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को कपड़ों आदि को रिसाइकल कर बनाए गए थैले व अन्य उत्पाद भेंट किए।


ओड़िसा के अधिकारी को कपड़े के थैले भेंट करते महापौर और आयुक्त।

### भानपुर पुरानी खंती को देखकर की प्रशंसा

प्रतिनिधिमंडल के अधिकारियों ने पुरानी भानपुर खंती को देखकर प्रशंसा की। उन्होंन बताया गया कि यहां कुछ सालों पहले तक शहरभर का कचरा यहां एकत्र होता था, अब यहां सुंदर हरियाली है। इस पर सदस्यों ने सराहना की।

### निगम आयुक्त के साथ बैठक की

प्रतिनिधि मंडल ने निगम आयुक्त संस्कृति जैन के साथ बैठक कर स्वच्छता, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, कचरा वाहनों की मॉनिटरिंग, अपशिष्टों की रिसाइकलिंग, कचरा कैफे आदि की कार्य पद्धति के संबंध में चर्चा की। जैन ने निगम के कार्यों व स्वच्छता के लिए किए जाने वाले कार्यों के संबंध में भी अवगत कराया।

## मॉडल खुशबू से मारपीट और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले कासिम पर केस दर्ज

**भोपाल।** उज्जैन से भोपाल का सफर कर रही मॉडल खुशबू अहिरवार के लिवइन पार्टनर पर छोला मंदिर पुलिस ने गालीगलौज, मारपीट, धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है, जबकि खजूरी सड़क पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। छोला मंदिर पुलिस ने बताया कि परिजन ने शिकायती आवेदन दिया था कि उनकी बेटी खुशबू अहिरवार उर्फ खुशी वर्मा भानपुर मल्टी में कासिम के साथ रहती थी। कासिम ने तीन महीने पहले उससे मारपीट की थी। कासिम बेटी को जाति सूचक शब्द कहता था और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव भी बना रहा था। वह उसके दबाव में थी और उसके साथ रह रही थी। इधर कासिम का कहना है कि उसने कुछ भी गलत नहीं किया है।

# साहू समाज ने किया प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी को सम्मानित


कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री कोठारी का सम्मान करते पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के प्रतिनिधिमंडल ने ओमप्रकाश साहू कार्यवाहक अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री राहुल कोठारी से भेंट कर उनका स्वागत कर सम्मान किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी विवेक साहू ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने राहुल कोठारी से प्रदेश संगठन में तथा अन्य स्तरों पर साहू समाज के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को स्थान देने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय संगठन सचिव अनिल साहू अकेला, जितेंद्र साहू, विकास साहू, शिव प्रसाद साहू, सुषमा साहू, बृजलाल साहू, विकास साहू ग्वालियर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खनन की नपती करने पहुंचा अमला ताला नहीं खुला, बैरंग लौटी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहजहांनाबाद स्थित बारह महल एरिया के मेन रोड पर 16 हजार वर्गफीट एरिया को कवर्ड कर लाखों रुपए के खनिज के अवैध उत्खनन मामले में खनिज विभाग ने जांच शुरु कर दी है। जिसके तहत बुधवार को टीम जब मौके पर पहुंची, तो वहां टीन शेड में ताला लटका हुआ था। मौके पर मौजूद सुपरवाईजर ने ताला नहीं खोला, जिसकी वजह से टीम को वापस लौटना पड़ा। टीम अब गुरुवार को उत्खनन की नपती करने जाएगी। बारह महल रोड की मुख्य सड़क पर अटलांटिस बिल्डर द्वारा पिछले दो महीने से 16 हजार वर्गफीट एरिया में पोकलेन मशीनों से पत्थर तोड़कर डंपरों से भरकर निकाला गया है। जिससे यहां की प्लेन जगह पर पंद्रह से 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया है। शिकायत में बताया गया है कि यहां से करीब चार सौ डंपरों में पत्थर और मुरम निकाली गई है। मामले की शिकायत कलेक्टर के यहां दर्ज करने के बाद जिला खनिज अधिकारी एमएस रावत ने टीम को मौके पर भेजा था, लेकिन मौके पर मौजूद सुपरवाईजर ने गेट नहीं खोला, जिसके बाद टीम को वापस लौटना पड़ा।

■ बिल्डर ने 16 हजार वर्गफीट एरिया से निकाला 400 डंपर खनिज

जेपी अस्पताल में पहली बार मशीन से हुई लिवर की जांच

# 200 लोगों की फाइब्रो स्कैन मशीन से जांच, 147 में मिला फैटी लिवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में पहली बार फाइब्रो स्कैन मशीन द्वारा लोगों के फैटी लिवर डिजीज की जांच की गई। जांच में 200 लोगों की परीक्षण फाइब्रो स्कैन मशीन से किया गया। परीक्षण में 147 लोगों में फैटी लीवर पाया गया है। इनमें से 28 में लीवर फाइब्रोसिस भी पाया गया। उपचार के साथ-साथ इन लोगों को लिवर को स्वस्थ रखने के लिए घर में उपलब्ध पौष्टिक आहार के सेवन, शराब एवं धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी गई है। मरीजों का नियमित फॉलोअप किया जाएगा।

लीवर संबंधी बीमारियों की जागरुकता, प्रारंभिक पहचान, उपचार और रोकथाम के लिए जून माह से भोपाल सहित प्रदेश में स्वस्थ यकृत (लिवर) मिशन शुरू किया गया था। जिसमें 30 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की सामुदायिक स्क्रीनिंग की गई थी। जिसमें बीएमआई 23 से अधिक होने, महिलाओं में कमर का माप 80 सेमी और पुरुषों में 90 सेमी से अधिक होने, मधुमेह का इतिहास होने के आधार पर संदिग्ध मामलों के लिए जांच की स्क्रीनिंग की गई थी।


मरीज की जांच करते चिकित्सक।

### क्या है फाइब्रो स्कैन मशीन?

फाइब्रो स्कैन मशीन में ट्रांजिएट लीवर इलेस्टोग्राफी तकनीक से जांच की जाती है। ये एक नॉन इनवेसिव जांच तकनीक है, जिससे फैटी लिवर, लिवर फाइब्रोसिस की स्थितियों का आंकलन किया जाता है, जो स्कोर के तौर पर प्रदर्शित होता है।

### चिकित्सीय सलाह पर जांच


लीवर में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं, जिसमें फैटी लिवर, लिवर फाइब्रोसिस, हेपेटाइटिस, सिरोसिस लीवर कैंसर प्रमुख हैं। ट्रांजिएट इलेस्टोग्राफी स्कैन के माध्यम से लीवर फाइब्रोसिस की स्थिति का परीक्षण किया जा सकता है। ये जांच एफआइबी-4 स्कोर की गणना के आधार पर प्लेटलेट काउंट, एएसटी, एएलटी जांच रिपोर्ट के बाद चिकित्सकीय सलाह पर की जाती है।

**डॉ. मनीष शर्मा**
**सीएमएचओ**

### हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों ने पेनक्रियाज के जटिल कैंसर की सफल सर्जरी की

सागर के रहने वाले 39 वर्षीय रमेश पिछले एक साल से पेट में भारीपन के साथ असहनीय दर्द से परेशान थे। परिजन रमेश को हमीदिया अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचे। हमीदिया अस्पताल के सर्जरी विभाग के डॉक्टरों द्वारा की जांच में मरीज को पेनक्रियाज के जटिल कैंसर की पुष्टि हुई। साथ ही मरीज को कोरोनरी आर्टरी डिजीज थी। जिसकी वजह से हार्ट का इजेक्शन फ्रैक्शन मात्र 25 से 30 प्रतिशत था। सर्जरी विभाग के सर्जिकल टीम डॉ. यशपाल रमोले, डॉ. देवेंद्र चौधरी, डॉ. अनुराधा चौधरी, डॉ. मुकेश कुमार धुर्वे, डॉ आदि ने मरीज की मॉडिफाइड व्हिप्ल सफल सर्जरी की, जो करीब छह घंटे तक चली।

## श्रद्धांजलि सभा



(12 दिसम्बर 1939 - 3 नवम्बर 2025)
"शिवायन" (पद्य महाशिवपुराण) के रचयिता
ब्रह्मलीन संत श्री स्वर्गीय कृष्ण मुरारी सहाय सक्सेना जी के पुत्र

**स्व. श्री राधारमण सक्सेना जी**
(राधारमण ग्रुप के संस्थापक)

गहन शोक और व्यथित हृदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी, प्रेरणास्रोत, मार्गदर्शक स्वर्गीय श्री राधारमण सक्सेना जी ने कार्तिक शुक्ल त्रयोदशी सोम प्रदोष प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में दिनांक 3 नवम्बर 2025 को इस नश्वर संसार को त्यागकर परमपिता परमेश्वर के श्रीचरणों में स्थान प्राप्त किया।

दिवंगत आत्मा की पावन स्मृति में,
**श्रद्धांजलि सभा**
गुरुवार, 13 नवम्बर 2025
सायं 4:00 बजे से 6:00 बजे तक
मानस भवन, श्यामला हिल्स, पॉलिटेक्निक चौराहा ,भोपाल

पुत्रगण

इंजीनियर संजीव सक्सेना (MANIT)
महासचिव, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी

इंजीनियर प्रवीण सक्सेना (MANIT)
अध्यक्ष - जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल (शहर)
पार्षद वार्ड- क्रमांक 30 नगर पालिक निगम भोपाल

शोकाकुल राधारमण समूह परिवार
संपर्क:- 9977003899, 8319031993, 9425011182

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930